खबरों के 68 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com
पत्र नहीं मित्र
संपर्क करें ➟ jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, रविवार 17 दिसम्बर 2023 | वर्ष –68 | अंक –37 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 3.00 रु.

■ दूर हटो ऐ दुनिया वालो...
■ दो आदमी पुराने... 04
■ अगर अमेरिकी सहायता नहीं पहुंची तो...
■ मध्यस्थता वार्ता के लिए मोसाद प्रमुख के... 09
■ नवम्बर में निर्यात की रफ्तार पड़ी सुस्त...
■ लॉजिस्टिक प्रदर्शन सूचकांक 2023 में ... 11
■ भारत ने इंग्लैंड को...
■ विश्वकप में मिली निराशा... 10

**सार संक्षेप**

## राज्यसभा में राघव चड्ढा बने 'आप' के नेता

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा में सांसद राघव चड्ढा को बडी जिम्मेदारी सौपी है। उन्हें संजय सिंह की जगह उच्च सदन में पार्टी का नया नेता बनाया गया है। पार्टी की ओर से सभापति जगदीप धनकड़ को लिखे पत्र में कहा गया है कि संजय सिंह स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। इसलिए उनकी गैर मौजूदगी में राघव चड्ढा राज्यसभा में पार्टी के नये नेता होंगे। मालूम हो कि संजय सिंह दिल्ली शराब नीति मामले में इस समय तिहाड जेल में बंद हैं। फिलहाल आम आदमी पार्टी के राज्यसभा में 10 सदस्य हैं और राघव चड्ढा राज्यसभा के सबसे युवा सदस्यों में हैं।

## नागपुर के पास एसयूवी-ट्रक की टक्कर में 6 बारातियों की मौत

**नागपुर, (एजेंसियां)।** शनिवार तड़के एक शादी में शामिल होकर लौट रहे छह लोगों की एसयूवी की सोयाबीन लदे ट्रक से टकरा जाने से मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दुर्घटना रात करीब 1 बजे काटोल-कलमेश्वर रोड पर सोनखांब गांव के पास हुई, जब क्वालिस तेज गति से नागपुर से काटोल की ओर जा रही थी और ट्रक से टकरा गई। जहां तीन लोगों ने तुरंत दम तोड़ दिया, वहीं अन्य तीन पीड़ितों की स्थानीय अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को नागपुर के सरकारी मेडिकल अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है। मृतकों की पहचान 26 वर्षीय मयूर एम. इंगले, 32 वर्षीय वैभव एस. चिखले, 42 वर्षीय सुधारक आर. मानकर, 45 वर्षीय अजय डी. चिखले, 45 वर्षीय विट्ठल डी. थोटे और 48 वर्षीय रमेश ओ. हेलोंडे के रूप में हुई है।

**सूचना**

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

**बिरादरी की बात**

**चूहा-सुनती हो-** देश की अदालतों में पांच करोड़ से ज्यादा मामले लटके हैं।

**चुहिया- हां प्रिये-**गैर जरूरी मामलों की भीड़ और न्यायाधीशों की कम संख्या न्याय-दान में बड़ा रोड़ा बनती है।





# वर्ष 2047 तक भारत होगा विकसित देश : मोदी

## प्रधानमंत्री ने मध्यप्रदेश सहित 5 राज्यों में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का वर्चुअली शुभारंभ किया

### विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से वर्चुअली संवाद किया

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि- वर्ष 2047 तक भारत विकसित देश होगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा का यही उद्देश्य है। हम सभी अच्छा करें और देश को अच्छा बनाये। संकल्प यात्रा के माध्यम से हर झुग्गी-झोपड़ी तक शासन की सभी योजनाओं का लाभ पहुँचे, सब मिलकर ऐसे प्रयास करें। संकल्प यात्रा में जाने वाली मोदी की गारंटी वाली गाड़ी, जनता को हर योजना का लाभ देगी।

प्रधानमंत्री ने 16 दिसम्बर को मध्यप्रदेश सहित देश के 5 राज्यों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का हरी झण्डी दिखाकर वर्चुअली शुभारंभ किया। उज्जैन में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विशेष रूप से उपस्थित थे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से वर्चुअली संवाद भी किया।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि जहाँ दूसरों की उम्मीद खत्म होती है, वहाँ मोदी की गारंटी शुरू होती है। सरकार न केवल हर व्यक्ति को भोजन, स्वास्थ्य, आवास आदि की गारंटी दे रही है, अपितु सामाजिक सुरक्षा भी प्रदान कर रही है। गाँवों के विकास के साथ ही शहरों का भी तेज गति से विकास किया जा रहा है। पहले केवल बड़े शहरों का विकास होता था, अब भारत के टू-टियर और थ्री-टियर शहरों का भी विकास हो रहा है। भारत में 6 करोड़ छोटे शहर हैं। अमृत मिशन और स्मार्ट सिटी मिशन जैसी योजनाओं के माध्यम से इनका भी समग्र विकास किया जा रहा है। शहरों में जलापूर्ति, ड्रेनेज, सीवेज, सीसीटीवी, स्वच्छता के साथ ही ईज ऑफ लिविंग, ईज ऑफ डूईंग बिजनेस, ईज ऑफ ट्रेवल पर भी पूरा ध्यान दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना में शहरों के छोटे व्यवसायियों को सरकार की गारंटी पर व्यवसाय के लिये ऋण दिया जा रहा है, इनमें 45 प्रतिशत महिला हितग्राही हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि कोरोना संकट में सरकार ने 20 करोड़ महिलाओं के खाते में सहायता राशि दी। सभी को मुफ्त में वेक्सीन लगाया गया। नि:शुल्क राशन योजना प्रारंभ की गई। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि सरकार की पेंशन और सुरक्षा योजनाओं से जुड़ें। अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना का लाभ लें। इन योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों के खाते में 17 हजार करोड़ रूपये पहुँच चुके हैं। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य लोकहितकारी योजनाओं का विस्तार से जिक्र किया।

### मुख्यमंत्री उज्जैन के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल हुए

### प्रधानमंत्री के विकसित भारत सपने को साकार करेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा : डॉ. यादव

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने कई क्षेत्रों में विश्व में उत्कृष्ट छवि निर्मित की है। जनकल्याण और विकास के क्षेत्र में देश व प्रदेश में और बेहतर कार्य हो तथा प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति को शासकीय योजनाओं और कार्यक्रम का लाभ मिल सके, इस उद्देश्य से प्रधानमंत्री श्री मोदी की परिकल्पना के अनुरूप विकसित भारत संकल्प यात्रा आरंभ की जा रही है। यात्रा के माध्यम से जनकल्याण की योजनाओं और कार्यक्रमों का अधिक प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा, साथ ही यह प्रयास होगा कि इन योजनाओं और कार्यक्रमों के लाभ से कोई भी वर्ग वंचित न रहे। यह यात्रा प्रधानमंत्री श्री मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करेगी।

## गृहनगर उज्जैन पहुंचने पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अभूतपूर्व स्वागत



**भोपाल, देशबन्धु।** गृहनगर उज्जैन पहुंचने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का अभूतपूर्व स्वागत हुआ। दशहरा मैदान से प्रारम्भ हुई स्वागत यात्रा में मुख्यमंत्री का जगह-जगह आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री की स्वागत यात्रा दशहरा मैदान से प्रारंभ हुई। शहर की विभिन्न मार्गों में लोगों ने कतारबद्ध होकर अपने प्रिय मुख्यमंत्री पर पुष्पों की वर्षा की। छतों से, गैलरी से, स्वागत मंचों से लोगों ने पुष्पों की वर्षा की। शहर में लगभग 300 स्वागत मंच बनाये गये थे।

### कदम-कदम पर स्वागत मंच, पूरे रास्ते होती रही पुष्प वर्षा

हर कोई अपने प्रिय मुख्यमंत्री की एक झलक पाने के लिये आतुर नजर आया। जनता अपने प्रिय मुख्यमंत्री को अपने समीप देख आनन्द से आल्हादित हो गई। यात्रा आगे सिंधी कॉलोनी तिराहा से शास्त्री नगर, विवेकानंद कॉलोनी से लोटि स्कूल चौराहा पहुंची। यात्रा मार्गों पर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, संगठनों, जनप्रतिनिधियों, आम नागरिकों, शहरवासियों ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का पुष्पहारों से आत्मीय स्वागत किया। रथ सवार होकर मुख्यमंत्री डॉ.यादव जब विभिन्न स्थानों से होकर गुजरे तो लोगों ने मुख्यमंत्री का उत्साह से स्वागत किया। स्वागत यात्रा आगे धन्नालाल की चाल, फ्रीगंज, चामुण्डा माता चौराहा, देवासगेट, मालीपुरा, दौलतगंज, नईसड़क से होते हुए कंठाल चौराहा, सराफा पहुंची। रथ पर मुख्यमंत्री के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि और पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

### प्रदेश कांग्रेस में फेरबदल

## जीतू पटवारी प्रदेश अध्यक्ष और उमंग सिंगार बनाए गए नेता प्रतिपक्ष


जीतू पटवारी


उमंग सिंगार


हेमन्त कटारे

### हेमंत कटारे उप नेता प्रतिपक्ष बनाए गए

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस में बड़ा बदलाव हुआ है। चुनावों में हार के बाद कमलनाथ ने इस्तीफा दे दिया है। पार्टी आलाकमान ने अब जीतू पटवारी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। इसके अलावा उमंग सिंगार को नेता प्रतिपक्ष तो हेमंत कटारे उप नेता प्रतिपक्ष बनाए गए हैं।

कांग्रेस की तरफ से जारी प्रेस रिलीज में जानकारी दी गई है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जीतू पटवारी को तत्काल प्रभाव से मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया है। साथ ही पार्टी निवर्तमान पीसीसी प्रेसिडेंट कमलनाथ के योगदान की सराहना की गई है।

जीतू पटवारी 2013 में पहली बार राउ सीट से विधायक चुने गए थे। वह फिलहाल कांग्रेस सचिव और गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रभारी हैं। वह मध्य प्रदेश यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। राऊ सीट पर इस बार भी कांग्रेस ने जीतू पटवारी को चुनाव में खड़ा किया था लेकिन वह बीजेपी के मधु वर्मा से हार गए। जबकि 2018 में जीतू पटवारी ने मधु वर्मा को 5703 वोट से हराया था। जीतू पटवारी राहुल गांधी के करीबी माने जाते हैं। वह कमलनाथ सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं।



## संसद में हुई घटना का संबंध बेरोजगारी व महंगाई से : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संसद की सुरक्षा में हुई चूक को गंभीर मुद्दा बताया लेकिन कहा कि इस घटना का संबंध युवाओं में फैली बेरोजगारी और महंगाई है। श्री गांधी ने कहा, संसद सुरक्षा में हुई चूक का कारण बेरोजगारी और महंगाई है। नौकरियां कहां हैं। युवा हताश हैं -हमें इस मुद्दे पर फोकस करना है और युवाओं को नौकरी देनी है। सुरक्षा चूक ज़रूर हुई है, मगर इसके पीछे कारण है देश का सबसे बड़ा और ज्वलन्त मुद्दा बेरोजगारी। उन्होंने कहा, संसद सुरक्षा में हुई घटना के पीछे सबसे बड़ा कारण बेरोजगारी और महंगाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों के कारण युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है।




**लोकसभा** — संसद में कानून मंत्री ने दी जानकारी

## देश की अदालतों में 5 करोड़ से ज्यादा तो सुप्रीम कोर्ट में करीब 80 हजार केस लंबित

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को लोकसभा को सूचित किया गया कि देश की विभिन्न अदालतों में पांच करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। साथ ही, बताया गया कि उनमें से 80,000 मामले सुप्रीम कोर्ट में हैं। इसके साथ ही कानून मंत्री ने सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट में भी लंबित मामलों के भी आंकड़े बताए हैं। एक लिखित उत्तर में, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि 1 दिसंबर तक 5,08,85,856 लंबित मामलों में से 61 लाख से अधिक 25 उच्च न्यायालयों में थे।

लंबित मामलों के आंकड़े ने चौंकाया

शुक्रवार को लोकसभा में जानकारी देते हुए केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बताया कि देश की विभिन्न अदालतों में लंबित 5 करोड़ से अधिक मामलों में सभी 25 उच्च न्यायालयों में लंबित 61 लाख से अधिक मामले शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट में भी लंबित कुल 80 हजार मामले शामिल हैं। कानून मंत्री मेघवाल ने बताया है कि देश के जिला और अधीनस्थ अदालतों में 4.46 करोड़ से अधिक मामले लंबित पड़े हैं।



**न्यायाधीशों की नियुक्ति का आंकड़ा-**केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि भारतीय न्यायपालिका की कुल स्वीकृत संख्या 26,568 न्यायाधीशों की है। जहां सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 34 है, वहीं हाई कोर्ट में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 1,114 है। जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 25,420 है।

**रिक्तियों की दी गई जानकारी-**केंद्रीय कानून मंत्री ने बताया कि हाई कोर्ट कॉलेजियम द्वारा भेजे गए न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए 123 प्रस्ताव आए हैं, जिनमें से 12 दिसंबर तक 81 प्रस्ताव प्रक्रिया के विभिन्न चरण में हैं। वहीं, शेष 42 प्रस्ताव सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम के विचाराधीन हैं।

# देश-विदेश

## बेलगावी महिला मामले में कर्नाटक को एनएचआरसी का नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने कर्नाटक के बेलगावी जिले में एक महिला को निर्वस्त्र करने और पीटने की कथित घटना पर राज्य सरकार को नोटिस भेजा है। आयोग की एक विज्ञप्ति के अनुसार इस मामले में राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक से चार सप्ताह के भीतर मामले में विस्तृत रिपोर्ट मांगी गयी है। विज्ञप्ति के अनुसार, आयोग ने इस मामले में मीडिया की खबरों के आधार पर कदम उठाते हुए 15 दिसंबर को यह नोटिस जारी किया। आयोग ने खबरों पर स्वत: संज्ञान लेते हुए कहा है कि पीड़ित महिला के साथ हुयी घटना मानव अधिकारों के उल्लंघन का गंभीर मुद्दा है।

# 'भारत जोड़ो यात्रा' का दूसरा चरण जनवरी में

## पदयात्रा पश्चिम व उत्तर भारत के कई शहरों और गांवों से होकर गुजरेगी

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** कांग्रेस भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण आयोजित करने की योजना बना रही है, जो जनवरी के पहले सप्ताह से शुरू होने की संभावना है। पार्टी सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, भारत जोड़ो यात्रा का पहला चरण, जिसका नेतृत्व पूर्व पार्टी प्रमुख राहुल गांधी ने किया था और पांच महीने में तमिलनाडु के कन्याकुमारी से जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर तक 4,000 किमी से अधिक की यात्रा की थी, कांग्रेस कार्यकर्ता को एक साथ लाने के लिए एक बड़ी सफलता थी।

इसी प्रकार पार्टी ने 2024 में जनवरी के पहले सप्ताह से यात्रा के दूसरे चरण की योजना बनाई है, जो पार्टी के लोकसभा अभियान की भी शुरुआत करेगी। सूत्र ने कहा कि यात्रा के दूसरे चरण की योजना जनवरी के पहले सप्ताह से बनाई जा रही है।

### दो महीने से अधिक समय तक चलेगी

सूत्र ने बताया कि इस बार भारत जोड़ो यात्रा 2.0 हाइब्रिड मोड में होगी, इसमें पद यात्रा और बस से यात्रा शामिल होगी। सूत्र ने कहा कि पदयात्रा पश्चिम और उत्तर भारत के कई शहरों और गांवों से होकर गुजरेगी। उन्होंने यह भी कहा कि यात्रा पूर्वोत्तर से शुरू होगी और दो महीने से अधिक समय तक चलेगी। सूत्र ने बताया कि पार्टी नेता भारत जोड़ो यात्रा के कार्यक्रम की तैयारी और उसे दुरुस्त करने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर भारत की पहाड़ी और ठंड की स्थिति को देखते हुए यात्रा की योजना में कई चीजें शामिल हैं। सूत्र ने यह भी कहा कि यात्रा के दौरान पूरे रास्ते के शहरों और गांवों में कई नुक्कड़ और सार्वजनिक बैठकें होंगी। भारत जोड़ो यात्रा पिछले साल 7 सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से शुरू हुई और केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश



और केंद्र शासित प्रदेशों दिल्ली और जम्मू-कश्मीर से होकर गुजरी। यात्रा 30 जनवरी को श्रीनगर में संपन्न हुई। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आगे बढ़कर यात्रा का नेतृत्व किया और कई सार्वजनिक बैठकों को संबोधित किया और यात्रा के दौरान समाज के कई समूहों से भी मुलाकात की।


## केरल में मिला कोविड के नए रुप जेएन-1 का मामला

**नई दिल्ली।** केरल में कोविड के नये रुप जेएन-1 का एक मामला सामने आया है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि केरल में कोविड के नये रुप जेएन-1 का एक मामला मिला है। यह मामला इंडियन सार्स-को वी -टू जीनोमिक्स कंसोर्टियम (आई एन एस ए सी ओ जी) की नियमित निगरानी में आया है।मंत्रालय ने कहा है कि केंद्रीय अधिकारी लगातार राज्य के स्वास्थ्य अधिकारियों से संपर्क बनाए हुए हैं और स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। यह मामला उस समय सामने आया है जब मंत्रालय राज्य में स्वास्थ्य आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों के अंतर्गत मॉकड्रील कर रहा था।

## प्रधानमंत्री मोदी और ओमान के सुल्तान के बीच द्विपक्षीय वार्ता

# नौ क्षेत्रों में बनी सहमति

**नई दिल्ली।** ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक का भारत में जोरदार स्वागत हुआ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली पहुंचे ओमान के सुल्तान का स्वागत किया। भारत और ओमान रक्षा, ऊर्जा और अंतरिक्ष सहित 9 क्षेत्रों में सहयोग मजबूत करने पर भी सहमत हुए। इस संबंध में सुल्तान हैथम बिन तारिक और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच सहमति बनी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और ओमान ने सभी चार समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं।



**इजरायल-फिलिस्तीन युद्ध पर भी चर्चा**-सुल्तान हैथम बिन तारिक और पीएम मोदी के बीच बैठक में पश्चिम एशिया में संघर्ष समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने गाजा की स्थिति और मानवीय सहायता पर चर्चा की। भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपना रुख ओमान को बता दिया है। विदेश मंत्रालय ने जानकारी देते हुए यह भी कहा कि भारत ने अपना रुख दोहराया है कि इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष के लिए दो-राज्य समाधान की जरूरत है।

**विदेश मंत्रालय ने दी जानकारी**-भारत और ओमान के बीच डिजिटल भुगतान की संभावना पर विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा कि यूपीआई स्टैक के इस्तेमाल के संबंध में दोनों देशों के बीच बात चल रही है। यूपीआई डिजिटल बुनियादी ढाचा जो वित्तीय भुगतान प्रणाली के उपयोग को काफी सरल बनाता है। एक और चर्चा का तत्व जहां हम आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे, वह रुपये के व्यापार की संभावना है, जो दोनों देशों के बीच काम कर सकती है लेकिन यह अभी भी आखिरी चरण में है।

विनय क्वात्रा ने आगे कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते को लेकर चर्चा चल रही है। हालांकि सीईपीए पर बातचीत हाल ही में शुरू हुई है, लेकिन पिछले कुछ दौर में इसमें काफी तेजी देखने को मिली है और यह दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंध को दिखाते हैं।

**भारत और ओमान रिश्तों के मायने**-भारत और ओमान एक ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंध साझा करते हैं जो 5,000 सालों से ज्यादा पुराने हैं। राजनयिक संबंध 1955 में बनाए गए थे और 2008 में इसे रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया गया है। ओमान खाड़ी क्षेत्र में भारत के प्राथमिक रक्षा भागीदार के रूप में एक जरूरी स्थान रखता है, जो मजबूत रक्षा सहयोग को बढ़ावा देता है। बता दें कि भारत ने भारत की अध्यक्षता में जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ओमान को विशेष निमंत्रण भी दिया था। 150 से ज्यादा कार्य समूह की बैठकों और विभिन्न मंत्रिस्तरीय बैठकों में ओमान की सक्रिय भागीदारी वैश्विक मंच पर दोनों देशों के बीच बढ़ते सहयोग को दिखाती है।


In The Court of XXII Civil Judge Class-I, District Court, Jabalpur Presiding Officer:
विश्वेश्वरी मिश्रा
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC/0000143/2023)
श्रीमती स्मिता अग्रवाल...... आवेदक
Vs
रीजनल मैनेजर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया.......अनावेदक
Process Id- 2023
पेशी दि.:-24/01/2024
प्रेषिती-
(1) आम जनता पता - जबलपुर म.प्र.
(2) आम जनता
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती स्मिता अग्रवाल पता- पाटन रोड करमेता चुंगीनाका जिला जबलपुर मध्यप्रदेश ने मृतक राकेश अग्रवाल निवासी- संजय वार्ड हटा, दमोह (म.प्र.) 470775 की यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा हटा, जिला दमोह में जमा राशि प्राप्ति हेतु राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 24 जनवरी 2024 को नियत है।
यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 24 जनवरी 2024 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 09 दिसम्बर 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी-उप. एवं प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम की छायाप्रति संलग्न है।
कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।
(श्रीमती विश्वेश्वरी मिश्रा)
बाइसवें सिविल न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड
जिला जबलपुर (म.प्र.)
र.नं. -1781

In The Court Of IX Additional District and Session Judge District Court, Jabalpur Presiding Officer:
राजकुमार चौहान
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCA/0000021/2023)
श्रीमती शांति बाई..वादी
Vs
कुल सचिव/सक्षम अधिकारी...प्रतिवादी
Process Id-/ 2023
पेशी दि.:-02/01/2024
प्रेषिती-(1) आम जनता पता- जबलपुर म.प्र.
यह कि प्रार्थी श्रीमती शांति बाई ने आपके विरूद्ध आर सी ए प्रथम व्यवहार अपील अंतर्गत धारा 96 व्यवहार प्रक्रिया संहिता व्यवहारवाद का मूल्यांकन व्यवहारवाद में 500 रूपए प्रथम अपील में मूल्यांकन 500 रूपए के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें यह आज तारीख 16 दिसम्बर 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी- प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ प्रथम व्यवहार अपील अंतर्गत धारा 96 व्यहार प्रक्रिया संहिता व्यवहारवाद का मूल्यांकन व्यवहारवाद में 500 रूपए प्रथम अपील में मूल्यांकन 500 रूपए की छायाप्रति संलग्न है।
कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।
(राजकुमार चौहान)
जिला न्यायाधीश (नवम्)
जबलपुर (म.प्र.)
र.नं. 1780

In The Court Of XVI Additional District and Session Judge District Court, Jabalpur Presiding Officer:
अरूण प्रताप सिंह
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(MJC GW/0000057/2023)
अनुज उर्फ अर्पित पासी...वादी
Vs
आम जनता ...प्रतिवादी
Process Id-/ 2023
पेशी दि.:-16/02/2024
प्रेषिती-(1) आम जनता पता- जबलपुर म.प्र.
यह कि प्रार्थी अनुज उर्फ अर्पित पासी ने आपके विरूद्ध एमजेसी गार्जियन एण्ड वार्डस एक्ट आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 8 हिन्दु संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम 1890 वास्ते अवस्क पुत्र अनुज उर्फ अर्पित पासी के हक हिस्से की संपत्ति को विक्रय करने एवं बैनामा निष्पादित करने की अनुमति प्रदान किये जाने बावद के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें यह आज तारीख 05 दिसम्बर 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी- प्रकाशन हेंतु नोटिस के साथ एमजेसी गार्जियन एण्ड वार्डस एक्ट आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 8 हिन्दु संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम 1890 वास्ते अवस्क पुत्र अनुज उर्फ अर्पित पासी के हक हिस्से की संपत्ति को विक्रय करने एवं बैनामा निष्पादित करने की अनुमति प्रदान किये जाने बावद की छायाप्रति संलग्न है।
कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।
(अरूण प्रताप सिंह)
जिला न्यायाधीश सोलहवें
जबलपुर (म.प्र.)
र.नं. 1776


## गाजा में फिर बरसाई मौत, दर्जनों बने शिकार

**गाजा।** इजरायल और हमास के बीच युद्ध में लगातार हमले जारी हैं। शनिवार इजरायल के हवाई हमलों में गाजा में दर्जनों लोगों की जान गई। फिलिस्तीनी मीडिया के मुताबिक ओल्ड गाजा स्ट्रीट के जबालिया स्थित दो घरों पर हमले हुए हैं। इसमें करीब 14 लोगों की जान गई है। इसके अलावा जबालिया में ही एक अन्य घर पर हमले में दर्जनों लोग मारे गए हैं। यह सब तब हुआ है जब अमेरिका ने इजरायल से हमलों में कमी लाने और केवल हमास लीडर्स को निशाना बनाने के लिए कहा है। फिलिस्तीनी एजेंसियों के मुताबिक इन हमलों के बाद बड़ी संख्या में लोग मलबे के अंदर दबे भी हैं।

## सुरक्षा चूक के बाद लोकसभा अध्यक्ष ने सांसदों को लिखा खत

# गरिमा बनाए रखने के लिए किया सांसदों को किया निलंबित

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** संसद की सुरक्षा में सेंध को लेकर विपक्षी हमलों के बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सभी सांसदों को पत्र लिखा है. पत्र में उन्होंने सांसदों से संसद में हुई घटना पर राजनीति न करने का आग्रह किया।

साथ ही स्पीकर ने बताया कि सदन के अंदर हुई घटना की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है। पत्र में लोकसभा अध्यक्ष ने पूर्व में हुई घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा, 'दुर्भाग्यपूर्ण है कि सांसदों के निलंबन की घटना को इस घटना से जोड़कर देखा जा रहा है, जबकि इससे पहले भी तमाम घटनाएं हो चुकी हैं जिसका देश साक्षी रहा है।'

**सामूहिक चिंता व्यक्त की है-** उन्होंने कहा 'ऐसी घटनाओं पर क्या फैसला लेना है यह लोकसभा स्पीकर का विशेषाधिकार है। मुझे सदन की गरिमा बनाए रखने के लिए सांसदों को निलंबित करने का कठोर निर्णय लेना पड़ा, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो।' लोकसभा अध्यक्ष ने पत्र में कहा, 13 दिसंबर को सदन के अंदर जो दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई, वह हम सभी के लिए चिंता का विषय है। हमने सदन में इस घटना पर सामूहिक चिंता व्यक्त की। उसी दिन मैंने सभी दलों के नेताओं से चर्चा की कि हम संसद में सुरक्षा व्यवस्था को और कैसे मजबूत कर सकते हैं. बैठक के दौरान दिए गए कुछ महत्वपूर्ण सुझावों को तुरंत लागू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सदन के अंदर हुई घटना की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया गया है। कमेटी ने काम शुरू कर दिया है। इस कमेटी की रिपोर्ट जल्द ही सदन के साथ साझा की जाएगी।

### छठे आरोपी को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली।** दिलली की एक अदालत ने संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने के मामले में छठे आरोपी महेश कुमावत को शनिवार को एक सप्ताह की पुलिस हिरासत में भेज दिया। इससे पहले शुक्रवार को मामले के कथित मास्टरमाइंड ललित झा को भी सात दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया था। उसी अदालत ने गुरुवार को चार आरोपियों सागर शर्मा, मनोरंजन डी, नीलम आज़ाद और अमोल शिंदे को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया था। इन चारों को बुधवार को लोक सभा के अंदर और संसद भवन परिसर के बाहर से गिरफ्तार किया गया था। पटियाला हाउस कोर्ट की विशेष न्यायाधीश हरदीप कौर के समक्ष सरकारी वकील ने कहा कि कुमावत मोबाइल फोन को नष्ट करने में शामिल था और देश में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे था। अदालत ने इस बात पर गौर किया कि कुमावत पिछले दो वर्षों से साजिश में शामिल था और सरकारी वकील की दलील को स्वीकार कर लिया कि पूरी साजिश का खुलासा करने के लिए उसकी हिरासत की आवश्यकता है।


सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
Central Bank of India
क्षेत्रीय कार्यालय- सागर
7, सिविल लाइंस, सागर (म.प्र.) 470001
कब्जा सूचना- अचल सम्पत्तियों के लिए

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी होने की हैसियत से वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित ऋणधारियों/जमानतदारों को ब्याज राशि सहित नोटिस प्राप्ति की दिनांक से 60 दिन की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। ऋणी द्वारा सूचना पत्र के पालन में ऋण की बकाया राशि का पूर्ण भुगतान करने में विफल होने के कारण उधारकर्ता तथा जनसाधारण को एतद द्वारा नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए- अधोलिखित प्रतिभूत संपत्ति का आधिपत्य कर लिया है। अतः ऋणी को विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण को सामान्यतः सावधान किया जाता है कि अधोलिखित संपत्ति के संबंध में क्रय, विक्रय, रहन, दान अथवा किसी भी प्रकार का संव्यवहार न करें। प्रतिभूति संपत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार का संव्यवहार सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, मध्यप्रदेश की करेली शाखा के प्रभार के अधीन होकर ऐसे संव्यवहार पर भार होगा। **कब्जा : अचल संपत्ति**

| ऋणी/जमानतदार का नाम | साम्य बंधक संपत्ति का विवरण | मांग सूचना राशि | मांग पत्र दिनांक | कब्जा दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| ऋणी- श्री दीपराज मिश्रा पिता श्री महेश कुमार मिश्रा, निरंजन वार्ड करेली, जिला- नरसिंहपुर (म.प्र.)- 487221 जमानतदार- श्री महेश कुमार मिश्रा पिता श्री मदनगोपाल मिश्रा, निरंजन वार्ड करेली, जिला- नरसिंहपुर (म.प्र.)- 487221 | साम्य बंधन- खसरा नं. 176/161 में से 1200 वर्गफुट, निरंजन वार्ड, मौजा- इमलिया, नं.बं.- 17, प.ह.नं. 13/35, नगरपालिका करेली, तहसील- करेली, जिला- नरसिंहपुर (म.प्र.), क्षेत्रफल- 1200 वर्गफुट, सम्पत्ति स्वामी- श्री दीपराज मिश्रा पिता श्री महेश कुमार मिश्रा। चतुर्सीमाः उत्तर- महेश कुमार मिश्रा का प्लाट, दक्षिण- नगरपालिका रोड, पूर्व- शशि मिश्रा का मकान, पश्चिम- नगरपालिका रोड। | रू. 15,42,360/- + ब्याज + विधिक व्यय | 29/09/2023 | 12/12/2023 |

दिनांक: 17/12/2023
प्राधिकृत अधिकारी, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया



निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

पश्चिम मध्य रेल
खुली निविदा, इंजीनियरिंग विभाग, दिनांकः 14.12.2023
निम्नलिखित कार्य के ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-233-2023, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** सहायक मंडल अभियंता नरसिंगपुर के अधीन श्रीधाम डिपो में रेलवे बेलास्ट स्पेसिफिकेशन क्रमांक IS/RDSO-GE/0001:2023 के अनुसार मशीन से तोड़ी गयी 65 एम् एम् की कठोर एवं ड्यूरेबल ट्रेक बेलास्ट की सभी लीड लिफ्ट टैक्सेज रॉयलटी डयूटी आदि सहित आपूर्ति करना एवं चटटे लगाने का कार्य, **कार्य का अनुमानित मूल्यः** 9,73,56,450/-, **बयाना राशि रूपयेः** 6,36,800/-, **समापन अवधिः** 19 माह, **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे. बी. पी. -234-2023, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** वरिष्ठ खंड अभियंता (कार्य) पिपरिया के सेक्शन में सहायक मंडल अभियंता पिपरिया के अधीन वर्ष 2023-2024 के लिए रेल्वे भवनों/स्टेशनों एवं रेलवे क्वार्टरों आदि के अनुरक्षण एवं भवन सामग्री की आपूर्ति हेतु क्षेत्रीय ठेका।, **कार्य का अनुमानित मूल्यः** 56,00,000/-, **बयाना राशि रूपयेः** 1,12,000/-, **समापन अवधिः** 12 माह, **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम. डब्ल्यू-जे.बी.पी.-235-2023, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** वरिष्ठ खंड अभियंता (कार्य) नरसिंगपुर के सेक्शन में सहायक मंडल अभियंता नरसिंगपुर के अधीन वर्ष 2023 -2024 के लिए रेलवे भवनों/स्टेशनों एवं रेलवे क्वार्टरों आदि के अनुरक्षण एवं भवन सामग्री की आपूर्ति हेतु क्षेत्रीय ठेका।, **कार्य का अनुमानित मूल्यः** 56,01,000/-, **बयाना राशि रूपयेः** 1,12,000/-, **समापन अवधिः** 12 माह, **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-236-2023, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** सहायक मंडल अभियंता पिपरिया के सेक्शन में विभिन्न पी वे अनुरक्षण के कार्य।, **कार्य का अनुमानित मूल्यः** 63,57,985/-, **बयाना राशि रूपयेः** 1,27,200/-, **समापन अवधिः** 12 माह, **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी. -237-2023, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** सहायक मंडल अभियंता नरसिंगपुर के सेक्शन में विभिन्न पी वे अनुरक्षण के कार्य।, **कार्य का अनुमानित मूल्यः** 64,37,940/-, **बयाना राशि रूपयेः** 1,28,800/-, **समापन अवधिः** 12 माह, **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-238-2023, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** जबलपुर-कटनी-आर.सी.सी आर्च टॉप बॉक्स द्वारा ईंट चिनाई पुल संख्या 1039/1, 1041/1 और 1045/2 का मजबूतीकरण एवं पुल संख्या 1008/2, 1009/1, 1013/1 एवं 1027/1 बैरल लंबाई का प्रस्तावित विस्तार।, **कार्य का अनुमानित मूल्यः** 1,27,51,111/-, **बयाना राशि रूपयेः** 2,13,800/-, **समापन अवधिः** 12 माह, **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-239-2023, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** कटनी-सतनाः-सहायक मंडल अभियंता(दक्षिण) सतना के अधीन कटनी-सतना खंड पर किमी 1132/6 (आरपी) पर रीवा शाखा नहर के लिए पुश थ्रू विधि द्वारा नहर क्रॉसिंग का निर्माण।, **कार्य का अनुमानित मूल्यः** 2,16,36,750/-, **बयाना राशि रूपयेः** 2,58,200/-, **समापन अवधिः** 10 माह, **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-240-2023, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** मंडल अभियंता (उत्तर) के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत कटनी-मानिकपुर एवं झुकेही-कैमोर खंड पर थ्रू बेलास्ट रिन्यूअल बीसीएम द्वारा 70.30 किमी ओर मैन्युअल रूप से 20.65 किमी कुल 90.96 किमी।, **कार्य का अनुमानित मूल्यः** 3,93,55,140/-, **बयाना राशि रूपयेः** 3,46,800/-, **समापन अवधिः** 12 माह, **उपरोक्त सभी निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तकः** 05.01.2024, **उपरोक्त सभी निविदा खुलने का समय 15:15 बजे तिथिः** 05.01.2024, उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps.gov.in उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नही की जायेगी।
मंडल रेल प्रबंधक (कार्य)/पमरे/जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर



कार्यालय नगरपालिका परिषद, सिवनी (म.प्र.)
ई- निविदा आमंत्रण सूचना
क्रमांक/4630/न.पा.प./2023
सिवनी, दिनांक- 14/12/2023
निम्न लिखित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत फर्म/ ठेकेदारों से निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेब साईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | प्रस्तावित निर्माण कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र शुल्क EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1. | 2023_UAD_319875 | 1. एमएलबी वार्ड में हनुमान मंदिर राज केंटीन के पास पेवर ब्लॉक फिसिंग कार्य लागत राशि- 110796.00 2. गुरुनानक वार्ड न्यू मिडिल स्कूल प्रांगण में पेवर ब्लॉक फिसिंग कार्य लागत राशि- 149536.00 3. अकबर वार्ड में देवी दुर्गा मंदिर बबरिया स्कूल के पास पेवर ब्लॉक फिसिंग कार्य लागत राशि- 94526.00 4. शहीद वार्ड सुभाष प्राथमिक शाला के सामने प्रांगण में पेवर ब्लॉक फिसिंग कार्य लागत राशि- 148090.00 | 90 दिवस 502948 | 2000 5100 | 03/01/2024 |
| 2. | 2023_UAD_319878 | किदवई वार्ड में पेवर ब्लॉक फिसिंग कार्य 1 उन्नयन मिडिल स्कूल प्रांगण में लागत राशि - 418392.00 2. प्रायमरी स्कूल गंगा नगर प्रांगण में लागत राशि 198349.00 | 60 दिवस 616741 | 2000 6200 | 03/01/2024 |
| 3. | 2023_UAD_319881 | अकबर वार्ड पेवर ब्लॉक फिसिंग कार्य 1 महात्मा गांधी स्कूल प्रांगण में लागत 534612.00 2. बबरिया स्कूल प्रांगण में लागत राशि 306821.00 | 80 दिवस 841433 | 2000 8500 | 03/01/2024 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन www.mptenders.gov.in/ वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, सिवनी


## भारत में फिर बड़ी साजिश की तैयारी में पाक!

# लांचपैड पर 300 से ज्यादा आतंकी मौजूद, हाईअलर्ट पर सेना के जवान

**नई दिल्ली।** पाक परस्त आतंकी एक बार फिर कश्मीर में सुरक्षाबलों के लिए मुसीबत के तौर पर सामने आने लगे हैं। सुरक्षाधिकारियों ने यह कहकर चौंकाया है कि उस पार से 300 से ज्यादा आतंकी इस ओर आने को प्रतीक्षारत हैं, जो कम बर्फबारी के कारण किसी भी समय परेशानी का सबब बन सकते हैं, जबकि यह भी चिंता का सबब है कि कश्मीर में एक्टिव अधिकतर आतंकी पीर पंजाल एरिया में शिफ्ट हो चुके हैं, जहां से वे अपनी गतिविधियों को फिर से शुरू करने को प्रयासरत हैं। कश्मीर रेंज के बीएसएफ के इंस?पेक?टर जनरल अशोक यादव ने दावा किया कि खुफिया सूचनाएं हैं कि 250-300 आतंकवादी लांचपैड पर इंतजार कर रहे हैं, लेकिन हमने और सेना ने सभी संवेदनशील इलाकों पर कब्जा कर लिया है और सतर्क हैं।

उन्होंने कहा कि बीएसएफ और सेना के बहादुर जवान सीमावर्ती इलाकों में सतर्क हैं और घुसपैठ की किसी भी कोशिश को नाकाम कर देंगे। यादव ने आगे कहा कि हम घुसपैठ की किसी भी कोशिश को नाकाम करने को लेकर आश्वस्त हैं। इस बीच अधिकारियों ने माना है कि ऊंचे इलाकों में विदेशी और स्थानीय आतंकवादियों से निपटने और सर्दियों के दौरान उनकी घुसपैठ की कोशिशों को नाकाम करने के लगातार प्रयासों के बावजूद आतंकवादी कश्मीर में आतंक भड़काने के लिए नई रणनीति तैयार कर रहे हैं। पुलिसकर्मियों को चुनिंदा रूप से निशाना बनाने के अलावा आतंकवादियों ने कश्मीर में सुरक्षाबलों की कार्रवाई के मद्देनजर अपनी गतिविधियों को पीर पंजाल के दक्षिण में स्थानांतरित कर दिया है, जिससे राजौरी और पुंछ जिलों में आतंकवाद फिर से शुरू हो गया है। इससे जम्मू-कश्मीर पुलिसकर्मियों को निशाना बनाने की परेशान करने वाली प्रवृत्ति फिर से बढ़ गई है।

जम्मू-कश्मीर पुलिस इंस्पेक्टर मंसूर अहमद को 29 अक?टूबर को श्रीनगर के ईदगाह में क्रिकेट खेलते समय गोली मार दी गई थी। डीजीपी स्वैन ने 7 दिसंबर को इंस्पेक्टर मसरूर अहमद की मौत पर संवेदना व्यक्त करते हुए कहा था कि फुरसत के पल का आनंद ले रहे एक पुलिसकर्मी पर कायरतापूर्ण हमला पाकिस्तान के इशारे पर काम करने वाले आतंकवादी नेटवर्क द्वारा कायम की गई शातिर मानसिकता की याद दिलाता है। अधिकारियों के बकौल, भले ही जम्मू-कश्मीर में पिछले छह वर्षों में आतंकवादी घटनाओं में समग्र रूप से गिरावट देखी गई है, 2023 में अब तक की सबसे कम संख्या दर्ज की गई है।

रजिस्ट्री सं. डी. एल.-33004/99 REGD. No. D. L.- 33004/99

सत्यमेव जयते

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ-23092023-248931
CG-DL-E-23092023-248931

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II-- खण्ड 3- उप खण्ड (ii)
PART II-- Section 3- Sub-Section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 4000] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, सितम्बर 21, 2023/भाद्र 30, 1945
No. 4000] NEW DELHI, THURSDAY, SEPTEMBER 21, 2023/BHADRA 30, 1945

## सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
## अधिसूचना
### नई दिल्ली, 21 सितम्बर, 2023

का.आ. 4168 (अ).- केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि मध्य प्रदेश राज्य के शहडोल जिले में NH-543 के कि.मी. 0+000 से 79+880 कि.मी. (शहडोल से सगरटोला मार्ग) (तहसील-सोहागपुर) अतिरिक्त तक भू-खण्ड के निर्माण (चौड़ीकरण/पेव्ड शोल्डर सहित 2-लेन/4-लेन का बनाना आदि), अनुरक्षण, प्रबन्धन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए वह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

कोई भी व्यक्ति, जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप-धारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर अपनी आपत्ति प्रकट कर सकेगा।

ऐसी प्रत्येक आपत्ति सक्षम प्राधिकारी, अर्थात् सब डिविशनल मजिस्ट्रेट सोहागपुर, डिस्ट्रिक्ट शहडोल, को लिखित रूप में प्रस्तुत की जाएगी और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आपत्तिकर्ता को व्यक्तिगत रूप में या किसी विधिक पेशेवर द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और ऐसी आपत्तियों की सुनवाई के पश्चात् तथा ऐसी और जाँच करने के पश्चात, यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आपत्तियों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा।

उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप-धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा।

इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भूमि के रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध हैं और उनका हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है।

## अनुसूची

मध्य प्रदेश राज्य के शहडोल जिले में NH-543 के कि.मी. 0+000 से 79+880 कि.मी. (शहडोल से सगरटोला मार्ग) (तहसील-सोहागपुर) अतिरिक्त के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण

राज्य का नाम : मध्यप्रदेश जिले का नाम : शहडोल

| क्रमिक संख्या | सर्वेक्षण संख्या | भूमि का प्रकार | भूमि की प्रकृति | भूमि का क्षेत्रफल (स्थानीय इकाई) | भूमि का क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|---|---|---|
| तालुक का नाम : सोहागपुर | | | | | |
| गांव का नाम : चटहा | | | | | |
| 1 | 1 | निजी | असिंचित | 0.007 (हेक्टेयर) | 0.007 |
| 2 | 169 | निजी | असिंचित | 0.119 (हेक्टेयर) | 0.119 |
| 3 | 220 | सरकारी | पानी के नीचे | 0.011 (हेक्टेयर) | 0.011 |
| 4 | 33/1 | सरकारी | झुड़पी जंगल | 0.08 (हेक्टेयर) | 0.08 |
| 5 | 33/2 | निजी | असिंचित | 0.206 (हेक्टेयर) | 0.206 |
| 6 | 34/1/2 | निजी | डायवर्सन | 0.025 (हेक्टेयर) | 0.025 |
| 7 | 35 | निजी | असिंचित | 0.323 (हेक्टेयर) | 0.323 |
| 8 | 47/2 | निजी | असिंचित | 0.005 (हेक्टेयर) | 0.005 |
| 9 | 47/3/1 | निजी | असिंचित | 0.004 (हेक्टेयर) | 0.004 |
| 10 | 47/3/2 | निजी | असिंचित | 0.005 (हेक्टेयर) | 0.005 |
| 11 | 47/4 | निजी | असिंचित | 0.005 (हेक्टेयर) | 0.005 |
| 12 | 47/5 | निजी | असिंचित | 0.005 (हेक्टेयर) | 0.005 |
| 13 | 48 | निजी | असिंचित | 0.024 (हेक्टेयर) | 0.024 |
| 14 | 49 | सरकारी | असिंचित | 0.077 (हेक्टेयर) | 0.077 |
| 15 | 50/1 | निजी | असिंचित | 0.01 (हेक्टेयर) | 0.01 |
| 16 | 50/2 | निजी | असिंचित | 0.009 (हेक्टेयर) | 0.009 |
| 17 | 53/1 | निजी | सिंचित | 0.341 (हेक्टेयर) | 0.341 |
| 18 | 53/2 | निजी | सिंचित | 0.079 (हेक्टेयर) | 0.079 |
| 19 | 54/1/1/1 | सरकारी | छोटे झाड़ के जंगल | 0.484 (हेक्टेयर) | 0.484 |
| गांव का नाम : पठरा | | | | | |
| 20 | 100 | निजी | सिंचित | 0.1 (हेक्टेयर) | 0.1 |
| 21 | 115 | निजी | सिंचित | 0.144 (हेक्टेयर) | 0.144 |
| 22 | 118 | सरकारी | भूजल | 0.013 (हेक्टेयर) | 0.013 |
| 23 | 90/1 | सरकारी | तालाब | 0.068 (हेक्टेयर) | 0.068 |
| 24 | 90/2/1 | निजी | असिंचित | 0.011 (हेक्टेयर) | 0.011 |
| 25 | 90/2/2 | निजी | असिंचित | 0.011 (हेक्टेयर) | 0.011 |
| 26 | 90/2/3 | निजी | असिंचित | 0.012 (हेक्टेयर) | 0.012 |
| 27 | 90/3 | निजी | असिंचित | 0.034 (हेक्टेयर) | 0.034 |
| 28 | 92 | सरकारी | वृक्ष कुंज | 0.283 (हेक्टेयर) | 0.283 |
| 29 | 94 | निजी | सिंचित | 0.001 (हेक्टेयर) | 0.001 |
| 30 | 98 | निजी | असिंचित | 0.007 (हेक्टेयर) | 0.007 |
| 31 | 99 | निजी | सिंचित | 0.083 (हेक्टेयर) | 0.083 |
| गांव का नाम : भमराह | | | | | |
| 32 | 243 | सरकारी | भूजल | 0.024 (हेक्टेयर) | 0.024 |
| 33 | 296/2 | निजी | सिंचित | 0.001 (हेक्टेयर) | 0.001 |
| गांव का नाम : पथखई | | | | | |
| 34 | 1058 | सरकारी | छोटे झाड़ के जंगल | 0.116 (हेक्टेयर) | 0.116 |
| 35 | 792/2 | निजी | सिंचित | 0.035 (हेक्टेयर) | 0.035 |
| 36 | 801/1/1 | निजी | असिंचित | 0.014 (हेक्टेयर) | 0.014 |
| 37 | 801/1/2 | निजी | असिंचित | 0.014 (हेक्टेयर) | 0.014 |
| 38 | 803/1 | निजी | सिंचित | 0.002 (हेक्टेयर) | 0.002 |
| 39 | 803/2 | निजी | सिंचित | 0.002 (हेक्टेयर) | 0.002 |
| 40 | 803/3 | निजी | सिंचित | 0.002 (हेक्टेयर) | 0.002 |
| 41 | 803/4 | निजी | सिंचित | 0.002 (हेक्टेयर) | 0.002 |
| 42 | 803/5 | निजी | सिंचित | 0.002 (हेक्टेयर) | 0.002 |
| 43 | 803/6 | निजी | सिंचित | 0.005 (हेक्टेयर) | 0.005 |
| 44 | 916/1 | निजी | सिंचित | 0.001 (हेक्टेयर) | 0.001 |
| 45 | 920 | सरकारी | रास्ता | 0.014 (हेक्टेयर) | 0.014 |
| 46 | 921 | निजी | सिंचित | 0.064 (हेक्टेयर) | 0.064 |
| 47 | 923 | निजी | सिंचित | 0.006 (हेक्टेयर) | 0.006 |
| 48 | 924/1 | निजी | सिंचित | 0.004 (हेक्टेयर) | 0.004 |
| 49 | 924/2 | निजी | सिंचित | 0.004 (हेक्टेयर) | 0.004 |
| 50 | 926 | निजी | सिंचित | 0.021 (हेक्टेयर) | 0.021 |
| 51 | 927 | निजी | सिंचित | 0.016 (हेक्टेयर) | 0.016 |
| 52 | 928 | निजी | सिंचित | 0.063 (हेक्टेयर) | 0.063 |
| 53 | 929 | सरकारी | भूजल | 0.015 (हेक्टेयर) | 0.015 |
| 54 | 941 | निजी | सिंचित | 0.322 (हेक्टेयर) | 0.322 |
| 55 | 943/2 | निजी | असिंचित | 0.009 (हेक्टेयर) | 0.009 |
| 56 | 945 | सरकारी | सड़क | 0.061 (हेक्टेयर) | 0.061 |
| 57 | 946 | सरकारी | सड़क | 0.123 (हेक्टेयर) | 0.123 |
| 58 | 948 | सरकारी | सड़क | 0.098 (हेक्टेयर) | 0.098 |
| 59 | 949 | सरकारी | सड़क | 0.001 (हेक्टेयर) | 0.001 |
| 60 | 950/2 | सरकारी | भूजल | 0.026 (हेक्टेयर) | 0.026 |
| 61 | 951 | सरकारी | भूजल | 0.009 (हेक्टेयर) | 0.009 |
| 62 | 953 | निजी | सिंचित | 0.007 (हेक्टेयर) | 0.007 |
| 63 | 959 | सरकारी | भूजल | 0.016 (हेक्टेयर) | 0.016 |
| 64 | 986/1 | निजी | असिंचित | 0.001 (हेक्टेयर) | 0.001 |
| 65 | 987 | निजी | सिंचित | 0.305 (हेक्टेयर) | 0.305 |
| 66 | 988 | निजी | सिंचित | 0.007 (हेक्टेयर) | 0.007 |
| गांव का नाम : बमुरा | | | | | |
| 67 | 225 | निजी | असिंचित | 0.013 (हेक्टेयर) | 0.013 |
| 68 | 241/1 | निजी | असिंचित | 0.008 (हेक्टेयर) | 0.008 |
| 69 | 241/2 | निजी | सिंचित | 0.103 (हेक्टेयर) | 0.103 |
| 70 | 243/1 | निजी | असिंचित | 0.031 (हेक्टेयर) | 0.031 |
| 71 | 243/2 | निजी | सिंचित | 0.031 (हेक्टेयर) | 0.031 |
| 72 | 243/3 | निजी | सिंचित | 0.031 (हेक्टेयर) | 0.031 |
| 73 | 251 | सरकारी | छोटे झाड़ के जंगल | 0.061 (हेक्टेयर) | 0.061 |
| गांव का नाम : अमराहा | | | | | |
| 74 | 106/2 | निजी | सिंचित | 0.001 (हेक्टेयर) | 0.001 |
| 75 | 109/1 | निजी | सिंचित | 0.006 (हेक्टेयर) | 0.006 |
| 76 | 109/2 | निजी | सिंचित | 0.007 (हेक्टेयर) | 0.007 |
| 77 | 162 | निजी | सिंचित | 0.036 (हेक्टेयर) | 0.036 |
| 78 | 175 | निजी | सिंचित | 0.01 (हेक्टेयर) | 0.01 |
| 79 | 183 | निजी | सिंचित | 0.031 (हेक्टेयर) | 0.031 |
| 80 | 184 | सरकारी | रास्ता | 0.393 (हेक्टेयर) | 0.393 |
| 81 | 190/1 | निजी | सिंचित | 0.012 (हेक्टेयर) | 0.012 |
| 82 | 190/2 | निजी | सिंचित | 0.012 (हेक्टेयर) | 0.012 |
| 83 | 191 | सरकारी | रोड | 0.062 (हेक्टेयर) | 0.062 |
| 84 | 192/2 | निजी | असिंचित | 0.01 (हेक्टेयर) | 0.01 |
| 85 | 194/2/2 | निजी | सिंचित | 0.001 (हेक्टेयर) | 0.001 |
| 86 | 195/3 | निजी | सिंचित | 0.027 (हेक्टेयर) | 0.027 |
| 87 | 196/5/1 | निजी | सिंचित | 0.005 (हेक्टेयर) | 0.005 |
| 88 | 196/5/2 | निजी | सिंचित | 0.002 (हेक्टेयर) | 0.002 |
| 89 | 607/5/1 | निजी | सिंचित | 0.156 (हेक्टेयर) | 0.156 |
| 90 | 607/6 | निजी | असिंचित | 0.002 (हेक्टेयर) | 0.002 |
| 91 | 615/2 | निजी | सिंचित | 0.058 (हेक्टेयर) | 0.058 |
| 92 | 615/5 | निजी | सिंचित | 0.042 (हेक्टेयर) | 0.042 |
| 93 | 615/6 | निजी | सिंचित | 0.038 (हेक्टेयर) | 0.038 |
| 94 | 615/7/1 | निजी | सिंचित | 0.044 (हेक्टेयर) | 0.044 |
| 95 | 615/7/3 | निजी | सिंचित | 0.084 (हेक्टेयर) | 0.084 |
| 96 | 620/2/1 | निजी | सिंचित | 0.015 (हेक्टेयर) | 0.015 |
| 97 | 620/2/2 | निजी | सिंचित | 0.015 (हेक्टेयर) | 0.015 |
| 98 | 620/2/3 | निजी | सिंचित | 0.016 (हेक्टेयर) | 0.016 |
| 99 | 623/1 | निजी | सिंचित | 0.023 (हेक्टेयर) | 0.023 |
| 100 | 623/2 | निजी | सिंचित | 0.024 (हेक्टेयर) | 0.024 |
| 101 | 872 | निजी | सिंचित | 0.004 (हेक्टेयर) | 0.004 |
| 102 | 875/1 | निजी | सिंचित | 0.083 (हेक्टेयर) | 0.083 |
| 103 | 875/2 | निजी | सिंचित | 0.025 (हेक्टेयर) | 0.025 |
| 104 | 876 | निजी | सिंचित | 0.022 (हेक्टेयर) | 0.022 |
| 105 | 877 | निजी | सिंचित | 0.032 (हेक्टेयर) | 0.032 |
| 106 | 882/1 | निजी | सिंचित | 0.027 (हेक्टेयर) | 0.027 |
| 107 | 882/2 | निजी | सिंचित | 0.027 (हेक्टेयर) | 0.027 |
| 108 | 883/1 | निजी | सिंचित | 0.005 (हेक्टेयर) | 0.005 |
| 109 | 883/2 | निजी | सिंचित | 0.005 (हेक्टेयर) | 0.005 |
| 110 | 883/2/2 | निजी | सिंचित | 0.006 (हेक्टेयर) | 0.006 |
| 111 | 892 | निजी | सिंचित | 0.001 (हेक्टेयर) | 0.001 |
| 112 | 901 | निजी | सिंचित | 0.03 (हेक्टेयर) | 0.03 |
| 113 | 911/1 | निजी | सिंचित | 0.029 (हेक्टेयर) | 0.029 |
| 114 | 911/2 | निजी | सिंचित | 0.028 (हेक्टेयर) | 0.028 |
| 115 | 914/1 | निजी | सिंचित | 0.044 (हेक्टेयर) | 0.044 |
| गांव का नाम : बमुरी | | | | | |
| 116 | 109/1/2/2 | निजी | डायवर्सन | 0.234 (हेक्टेयर) | 0.234 |
| 117 | 110/1 | निजी | सिंचित | 0.049 (हेक्टेयर) | 0.049 |
| 118 | 110/2 | निजी | सिंचित | 0.049 (हेक्टेयर) | 0.049 |
| 119 | 69/4 | निजी | असिंचित | 0.109 (हेक्टेयर) | 0.109 |
| 120 | 73/1 | निजी | सिंचित | 0.024 (हेक्टेयर) | 0.024 |
| गांव का नाम : मिठौरी | | | | | |
| 121 | 16 | सरकारी | झुड़पी जंगल | 0.005 (हेक्टेयर) | 0.005 |
| 122 | 18 | निजी | असिंचित | 0.015 (हेक्टेयर) | 0.015 |
| 123 | 20 | अन्य | चारागाह | | |
| | | | असिंचत | 0.055 (हेक्टेयर) | 0.055 |
| 124 | 653 | सरकारी | नाला | 0.014 (हेक्टेयर) | 0.014 |
| गांव का नाम : छीरपानी | | | | | |
| 125 | 16/1/1 | निजी | सिंचित | 0.009 (हेक्टेयर) | 0.009 |
| 126 | 16/1/2 | निजी | सिंचित | 0.009 (हेक्टेयर) | 0.009 |
| 127 | 18/1/1 | निजी | सिंचित | 0.009 (हेक्टेयर) | 0.009 |
| 128 | 18/1/2 | निजी | सिंचित | 0.004 (हेक्टेयर) | 0.004 |
| 129 | 18/2 | निजी | सिंचित | 0.009 (हेक्टेयर) | 0.009 |
| 130 | 33/2 | निजी | सिंचित | 0.003 (हेक्टेयर) | 0.003 |
| 131 | 34/2 | निजी | सिंचित | 0.007 (हेक्टेयर) | 0.007 |
| 132 | 34/3 | निजी | सिंचित | 0.002 (हेक्टेयर) | 0.002 |
| 133 | 43/2 | निजी | सिंचित | 0.001 (हेक्टेयर) | 0.001 |
| 134 | 45 | निजी | सिंचित | 0.011 (हेक्टेयर) | 0.011 |
| 135 | 46/1 | सरकारी | नाला | 0.025 (हेक्टेयर) | 0.025 |
| 136 | 55/1 | निजी | सिंचित | 0.044 (हेक्टेयर) | 0.044 |
| 137 | 55/2/2 | निजी | सिंचित | 0.031 (हेक्टेयर) | 0.031 |
| 138 | 58/2 | निजी | सिंचित | 0.001 (हेक्टेयर) | 0.001 |
| 139 | 62/1 | निजी | सिंचित | 0.001 (हेक्टेयर) | 0.001 |
| 140 | 62/2 | निजी | सिंचित | 0.001 (हेक्टेयर) | 0.001 |
| 141 | 62/3 | निजी | सिंचित | 0.001 (हेक्टेयर) | 0.001 |
| गांव का नाम : सिगुड़ी | | | | | |
| 142 | 64/1 | निजी | सिंचित | 0.019 (हेक्टेयर) | 0.019 |
| 143 | 65 | निजी | सिंचित | 0.008 (हेक्टेयर) | 0.008 |
| 144 | 66 | निजी | सिंचित | 0.384 (हेक्टेयर) | 0.384 |
| 145 | 67 | सरकारी | असिंचित | 0.202 (हेक्टेयर) | 0.202 |
| 146 | 69/1 | निजी | असिंचित | 0.001 (हेक्टेयर) | 0.001 |
| 147 | 69/2 | निजी | असिंचित | 0.001 (हेक्टेयर) | 0.001 |
| 148 | 75 | सरकारी | वृक्ष कुंज | 0.019 (हेक्टेयर) | 0.019 |
| 149 | 79/1 | निजी | सिंचित | 0.002 (हेक्टेयर) | 0.002 |
| 150 | 79/2 | निजी | सिंचित | 0.002 (हेक्टेयर) | 0.002 |
| 151 | 81/1/1 | निजी | सिंचित | 0.003 (हेक्टेयर) | 0.003 |
| 152 | 81/1/2 | निजी | सिंचित | 0.003 (हेक्टेयर) | 0.003 |
| 153 | 81/2/1 | निजी | सिंचित | 0.003 (हेक्टेयर) | 0.003 |
| 154 | 81/2/2 | निजी | सिंचित | 0.003 (हेक्टेयर) | 0.003 |
| 155 | 81/2/3 | निजी | सिंचित | 0.004 (हेक्टेयर) | 0.004 |
| 156 | 88 | निजी | सिंचित | 0.059 (हेक्टेयर) | 0.059 |
| 157 | 89 | निजी | सिंचित | 0.194 (हेक्टेयर) | 0.194 |
| 158 | 92/1/1 | निजी | सिंचित | 0.007 (हेक्टेयर) | 0.007 |
| 159 | 92/1/2 | निजी | सिंचित | 0.006 (हेक्टेयर) | 0.006 |
| 160 | 92/1/3 | निजी | सिंचित | 0.006 (हेक्टेयर) | 0.006 |
| 161 | 93/1 | सरकारी | नाला | 0.012 (हेक्टेयर) | 0.012 |
| गांव का नाम : पड़मनिया खुर्द | | | | | |
| 162 | 1 | सरकारी | रास्ता | 0.028 (हेक्टेयर) | 0.028 |
| 163 | 112/1 | सरकारी | रास्ता | 0.073 (हेक्टेयर) | 0.073 |
| 164 | 113 | सरकारी | रास्ता | 0.29 (हेक्टेयर) | 0.29 |
| 165 | 115/2 | सरकारी | बंजर | 0.04 (हेक्टेयर) | 0.04 |
| 166 | 116/2/2/2 | निजी | डायवर्सन | 0.027 (हेक्टेयर) | 0.027 |
| 167 | 124 | निजी | असिंचित डायवर्सन | 0.068 (हेक्टेयर) | 0.068 |
| 168 | 13 | निजी | सिंचित डायवर्सन | 0.647 (हेक्टेयर) | 0.647 |
| 169 | 135 | निजी | असिंचित डायवर्सन | 0.319 (हेक्टेयर) | 0.319 |
| 170 | 136 | निजी | डायवर्सन | 0.1 (हेक्टेयर) | 0.1 |
| 171 | 14 | सरकारी | रास्ता | 0.056 (हेक्टेयर) | 0.056 |
| 172 | 15 | निजी | असिंचित | 0.008 (हेक्टेयर) | 0.008 |
| 173 | 16 | निजी | असिंचित | 0.013 (हेक्टेयर) | 0.013 |
| 174 | 31/2 | निजी | डायवर्सन | 0.002 (हेक्टेयर) | 0.002 |
| 175 | 32 | निजी | असिंचित | 0.007 (हेक्टेयर) | 0.007 |
| 176 | 353/1 | सरकारी | बंजर | 0.012 (हेक्टेयर) | 0.012 |
| 177 | 355/2 | निजी | डायवर्सन | 0.04 (हेक्टेयर) | 0.04 |
| 178 | 358 | सरकारी | चारागाह | 0.075 (हेक्टेयर) | 0.075 |
| 179 | 383/1 | सरकारी | आवास योजना | 0.308 (हेक्टेयर) | 0.308 |
| 180 | 401 | सरकारी | तालाब | 0.007 (हेक्टेयर) | 0.007 |
| 181 | 41/2/2 | निजी | डायवर्सन | 0.025 (हेक्टेयर) | 0.025 |
| 182 | 415 | सरकारी | चारागाह | 0.098 (हेक्टेयर) | 0.098 |
| 183 | 45 | निजी | असिंचित | 0.235 (हेक्टेयर) | 0.235 |
| 184 | 52 | निजी | असिंचित | 0.06 (हेक्टेयर) | 0.06 |
| 185 | 62 | निजी | डायवर्सन | 0.247 (हेक्टेयर) | 0.247 |
| गांव का नाम : सिंगपुर | | | | | |
| 186 | 1819 | निजी | सिंचित | 0.039 (हेक्टेयर) | 0.039 |
| 187 | 1820 | सरकारी | चारागाह | 0.034 (हेक्टेयर) | 0.034 |
| 188 | 1826 | सरकारी | पड़ती | 0.036 (हेक्टेयर) | 0.036 |
| 189 | 1827 | निजी | असिंचित | 0.021 (हेक्टेयर) | 0.021 |
| 190 | 290/1 | सरकारी | काबिल कास्त | 0.03 (हेक्टेयर) | 0.03 |
| 191 | 290/2 | निजी | असिंचित | 0.029 (हेक्टेयर) | 0.029 |
| 192 | 294/1/5/1 | निजी | डायवर्सन | 0.008 (हेक्टेयर) | 0.008 |
| 193 | 294/1/5/2 | निजी | असिंचित | 0.016 (हेक्टेयर) | 0.016 |
| 194 | 294/1/6 | निजी | असिंचित | 0.005 (हेक्टेयर) | 0.005 |
| 195 | 294/1/7/2 | निजी | असिंचित | 0.006 (हेक्टेयर) | 0.006 |
| 196 | 294/1/8 | निजी | असिंचित | 0.006 (हेक्टेयर) | 0.006 |
| 197 | 294/2 | निजी | असिंचित | 0.006 (हेक्टेयर) | 0.006 |
| 198 | 296/1/1/2 | निजी | असिंचित | 0.004 (हेक्टेयर) | 0.004 |
| 199 | 296/1/2/2 | निजी | असिंचित | 0.011 (हेक्टेयर) | 0.011 |
| 200 | 296/2/2/2 | निजी | डायवर्सन | 0.016 (हेक्टेयर) | 0.016 |
| 201 | 298 | निजी | असिंचित | 0.043 (हेक्टेयर) | 0.043 |
| 202 | 315 | सरकारी | नाला | 0.007 (हेक्टेयर) | 0.007 |
| 203 | 372/2/2 | निजी | डायवर्सन | 0.048 (हेक्टेयर) | 0.048 |
| 204 | 393/2 | निजी | डायवर्सन | 0.083 (हेक्टेयर) | 0.083 |
| 205 | 602 | सरकारी | काबिल कास्त | 0.047 (हेक्टेयर) | 0.047 |
| 206 | 605/1 | निजी | असिंचित | 0.001 (हेक्टेयर) | 0.001 |
| 207 | 637/2 | निजी | असिंचित | 0.018 (हेक्टेयर) | 0.018 |
| 208 | 684 | निजी | सिंचित | 0.048 (हेक्टेयर) | 0.048 |
| 209 | 686/3 | निजी | असिंचित | 0.031 (हेक्टेयर) | 0.031 |
| 210 | 732/1 | निजी | असिंचित | 0.008 (हेक्टेयर) | 0.008 |
| 211 | 732/2 | निजी | असिंचित | 0.008 (हेक्टेयर) | |
| गांव का नाम : पडमनिया कलां | | | | | |
| 212 | 47 | सरकारी | चारागाह | 0.06 (हेक्टेयर) | 0.06 |
| 213 | 48 | निजी | असिंचित | 0.155 (हेक्टेयर) | 0.155 |
| गांव का नाम : फतेहपुर | | | | | |
| 214 | 114/2/1 | निजी | असिंचित | 0.015 (हेक्टेयर) | 0.015 |
| 215 | 114/2/2 | निजी | असिंचित | 0.015 (हेक्टेयर) | 0.015 |
| 216 | 114/2/3 | निजी | असिंचित | 0.015 (हेक्टेयर) | 0.015 |
| 217 | 114/3 | निजी | असिंचित | 0.008 (हेक्टेयर) | 0.008 |
| 218 | 114/4 | निजी | असिंचित | 0.014 (हेक्टेयर) | 0.014 |
| 219 | 114/5 | निजी | असिंचित | 0.003 (हेक्टेयर) | 0.003 |
| 220 | 115/1/1 | निजी | असिंचित | 0.025 (हेक्टेयर) | 0.025 |
| 221 | 115/1/2 | निजी | असिंचित | 0.025 (हेक्टेयर) | 0.025 |
| 222 | 115/1/3 | निजी | असिंचित | 0.026 (हेक्टेयर) | 0.026 |
| 223 | 115/2 | निजी | असिंचित | 0.027 (हेक्टेयर) | 0.027 |
| 224 | 116 | सरकारी | चारागाह | 0.069 (हेक्टेयर) | 0.069 |
| 225 | 147/1 | निजी | असिंचित | 0.021 (हेक्टेयर) | 0.021 |
| 226 | 147/2 | निजी | असिंचित | 0.077 (हेक्टेयर) | 0.077 |
| 227 | 147/3 | निजी | असिंचित | 0.006 (हेक्टेयर) | 0.006 |
| 228 | 156/1 | निजी | डायवर्सन | 0.06 (हेक्टेयर) | 0.06 |
| 229 | 157/1 | निजी | असिंचित | 0.079 (हेक्टेयर) | 0.079 |
| 230 | 157/2 | निजी | असिंचित | 0.1 (हेक्टेयर) | 0.1 |
| 231 | 157/3 | निजी | असिंचित | 0.093 (हेक्टेयर) | 0.093 |
| 232 | 158/1 | निजी | असिंचित | 0.025 (हेक्टेयर) | 0.025 |
| 233 | 158/2 | निजी | असिंचित | 0.025 (हेक्टेयर) | 0.025 |
| 234 | 158/3 | निजी | असिंचित | 0.026 (हेक्टेयर) | 0.026 |
| 235 | 159 | सरकारी | सड़क | 0.359 (हेक्टेयर) | 0.359 |
| 236 | 160 | निजी | रास्ता | 0.049 (हेक्टेयर) | 0.049 |
| 237 | 161 | सरकारी | रास्ता | 0.163 (हेक्टेयर) | 0.163 |
| गांव का नाम : सेमरिहा | | | | | |
| 238 | 147 | निजी | सिंचित | 0.365 (हेक्टेयर) | 0.365 |
| 239 | 179 | निजी | सिंचित | 0.057 (हेक्टेयर) | 0.057 |
| 240 | 181 | निजी | सिंचित | 0.021 (हेक्टेयर) | 0.021 |
| 241 | 191 | सरकारी | नाला | 0.023 (हेक्टेयर) | 0.023 |
| 242 | 209 | सरकारी | सड़क | 0.098 (हेक्टेयर) | 0.098 |
| 243 | 211 | सरकारी | असिंचित | 0.013 (हेक्टेयर) | 0.013 |
| 244 | 214 | निजी | सिंचित | 0.036 (हेक्टेयर) | 0.036 |
| 245 | 228/1 | सरकारी | छोटे झाड़ के जंगल | 0.01 (हेक्टेयर) | 0.01 |
| 246 | 229 | निजी | सिंचित | 0.003 (हेक्टेयर) | 0.003 |
| 247 | 232/1/3 | निजी | सिंचित | 0.125 (हेक्टेयर) | 0.125 |
| 248 | 232/1/4 | निजी | सिंचित | 0.124 (हेक्टेयर) | 0.124 |
| 249 | 232/1/5/1 | निजी | सिंचित | 0.048 (हेक्टेयर) | 0.048 |
| 250 | 232/3 / 1 | निजी | सिंचित | 0.096 (हेक्टेयर) | 0.096 |
| 251 | 232/3 / 2 | निजी | सिंचित | 0.095 (हेक्टेयर) | 0.095 |
| 252 | 232/4 / 1 | निजी | सिंचित | 0.081 (हेक्टेयर) | 0.081 |
| 253 | 233/1 | निजी | सिंचित | 0.03 (हेक्टेयर) | 0.03 |
| 254 | 233/2 | निजी | सिंचित | 0.006 (हेक्टेयर) | 0.006 |
| 255 | 235 | निजी | सिंचित | 0.02 (हेक्टेयर) | 0.02 |
| 256 | 237/1 | निजी | सिंचित | 0.033 (हेक्टेयर) | 0.033 |
| 257 | 237/2 | निजी | सिंचित | 0.068 (हेक्टेयर) | 0.068 |
| 258 | 237/3 | निजी | सिंचित | 0.033 (हेक्टेयर) | 0.033 |
| 259 | 237/4 | निजी | सिंचित | 0.032 (हेक्टेयर) | 0.032 |
| 260 | 237/5 | निजी | सिंचित | 0.036 (हेक्टेयर) | 0.036 |
| 261 | 238 | सरकारी | पानी के नीचे | 0.037 (हेक्टेयर) | 0.037 |
| 262 | 88/1 | सरकारी | नाला | 0.089 (हेक्टेयर) | 0.089 |
| 263 | 91 | निजी | सिंचित पड़ती | 1 | 1 |
| गांव का नाम : हर्रा | | | | | |
| 264 | 53/17 | निजी | असिंचित | 0.008 (हेक्टेयर) | 0.008 |
| 265 | 53/2 | निजी | असिंचित | 0.008 (हेक्टेयर) | 0.008 |
| 266 | 53/3 | निजी | असिंचित | 0.008 (हेक्टेयर) | 0.008 |
| 267 | 54/1/1 | सरकारी | रेत मिट्टी | 0.462 (हेक्टेयर) | 0.462 |
| 268 | 54/3 | निजी | असिंचित | 0.04 (हेक्टेयर) | 0.04 |
| 269 | 54/4 | निजी | असिंचित | 0.039 (हेक्टेयर) | 0.039 |
| 270 | 9 | निजी | असिंचित | 0.661 (हेक्टेयर) | 0.661 |
| | | | | Total | 16.175 |

( फा. सं. CE-RO BPL/30010/49/2019-20/3A2 )

**अभय जैन, उप सचिव**

G-21739/23

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

# साहित्य

# वह गीतकार जिसने गुलाम भारत में अंग्रेज़ों को ललकारा

# 'दूर हटो ऐ दुनिया वालो...'

■ ज़ाहिद ख़ान

संदर्भ : 11 दिसम्बर, गीतकार प्रदीप का स्मृति दिवस

हिंदी सिनेमा में गीतकार प्रदीप वह हस्ती हैं, जो अपने देश प्रेम और देशभक्ति गीतों की वजह से सारे देश में जाने-पहचाने जाते हैं। साल 1943 में फ़िल्म 'किस्मत' में लिखे उनके क्रांतिकारी गीत %दूर हटो ऐ दुनिया वालों...' की लोकप्रियता से घबराकर, बर्तानिया हुकूमत ने गीतकार प्रदीप के ख़िलाफ़ गिरफ़्तारी वारंट जारी कर दिया था। जिसके चलते प्रदीप कई दिनों तक अंडरग्राउंड रहे, लेकिन न तो फ़िल्म से यह गाना हटाया गया और न ही उन्होंने अंग्रेज़ी हुकूमत से माफ़ी मांगी। उस ज़माने में यह गीत इस क़दर लोकप्रिय हुआ कि सिनेमाघरों में दर्शक इसे बार-बार सुनने की फ़रमाइश करते थे। आलम यह था कि दर्शकों की फ़रमाइश पर फ़िल्म के आख़िर में इस गीत को दोबारा सुनाया जाने लगा। गीतकार प्रदीप के देशभक्ति गीत की बात हो, और 'चल चल रे नौजवान...'का ज़िक्र न हो, ऐसा हो ही नहीं सकता। फ़िल्म 'बंधन' (1940) में लिखे उनके इस गीत को, तो राष्ट्रीय गीत का मर्तबा मिला। वह दौर, देश की ग़ुलामी का दौर था। सिंध और पंजाब असेंबली ने इस गीत को राष्ट्रीय गीत की मान्यता दे दी और ये गीत वहां की असेंबली में गाया जाने लगा। अदाकार बलराज साहनी, उस वक़्त लंदन में बीबीसी हिंदी रेडियो में एनाउंसर थे, वे भी इस गीत को वहां प्रसारित करने से अपने आप को नहीं रोक पाये। स्वतंत्रता दिवस हो या गणतंत्र दिवस 'ऐ मेरे वतन के लोगों...' गीत के बिना अधूरा होता है।

साल 1954 में आई फ़िल्म 'जागृति' में भी गीतकार प्रदीप ने कई यादगार गीत लिखे। 'आओ बच्चों तुम्हें दिखाएं झांकी हिंदुस्तान की...', 'हम लाए हैं तूफ़ान से कश्ती निकाल के...,' और 'दे दी हमें आज़ादी बिना खड़ग बिना ढाल...' आदि गीतों ने बच्चों में जितनी धूम उस ज़माने में मचाई थी, उतनी ही मक़बूलियत आज भी क़ायम है। एक के बाद एक आये इन देशभक्ति भरे गीतों ने कवि प्रदीप को राष्टकवि का मर्तबा दिला दिया। प्रदीप को सिर्फ़ देशभक्ति भरे गीत लिखने में ही अकेले महारत नहीं थी, बल्कि उन्होंने अनेक धार्मिक और दार्शनिक गीत भी सफलता से लिखे।

साल 1954 में आई फ़िल्म 'जागृति' में भी गीतकार प्रदीप ने कई यादगार गीत लिखे। 'आओ बच्चों तुम्हें दिखाएं झांकी हिंदुस्तान की...', 'हम लाए हैं तूफ़ान से कश्ती निकाल के...,' और 'दे दी हमें आज़ादी बिना खड़ग बिना ढाल...' आदि गीतों ने बच्चों में जितनी धूम उस ज़माने में मचाई थी, उतनी ही मक़बूलियत आज भी क़ायम है। एक के बाद एक आये इन देशभक्ति भरे गीतों ने कवि प्रदीप को राष्ट्रकवि का मर्तबा दिला दिया। प्रदीप को सिर्फ़ देशभक्ति भरे गीत लिखने में ही अकेले महारत नहीं थी, बल्कि उन्होंने अनेक धार्मिक और दार्शनिक गीत भी सफलता से लिखे। उनकी मधुर आवाज़ ने इन गीतों को और नई ऊंचाईयां दीं। 'देख तेरे संसार की हालत क्या हो गई भगवान' (फ़िल्म-नास्तिक), 'तेरे द्वार खड़ा भगवान' (फ़िल्म-वामन अवतार), 'काहे को बिसारा हरी नाम...', 'माटी के पुतले...' (फ़िल्म-चक्रधारी), 'पिंजरे के पंक्षी रे...' (फ़िल्म-नागमणि), 'कोई लाख़ करे चतुराई...' (फ़िल्म-चंडीपूजा), 'दूसरों का दुखड़ा दूर करने वाले' (फ़िल्म-दशहरा), 'मुखड़ा देख ले प्राणी' (फ़िल्म-दो बहन), 'सुख दु:ख दोनों रहते' (फ़िल्म-कभी धूप कभी छांव)। प्रेरणास्पद गीत लिखने में भी प्रदीप का कोई सानी नहीं था। फ़िल्म 'पैग़ाम' का 'इंसान का इंसान से हो भाईचारा...' और फ़िल्म 'संबंध' का 'चल अकेला चल अकेला तेरा मेला पीछे छूटा....' ऐसे ही कुछ नग़में हैं, जिनके ज़रिए उन्होंने समाज को एक पैग़ाम देने की कोशिश की। यह गाने आज भी अंधेरे में हमें एक नई राह दिखलाते हैं।

कवि प्रदीप ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री हासिल की। अपने कॉलेज के दिनों में वह आनंद भवन के नज़दीक रहते थे। पं. जवाहरलाल नेहरू का घर होने की वजह से यह स्थान उस वक़्त सियासत का मरक़ज था। जहां आये दिन सियासी बैठकें होती रहतीं। नौजवान रामचन्द्र नारायण द्विवेदी भी इनमें शामिल होते। उन्हें बचपन से ही लिखने का भी बड़ा शौक़ था। साहित्यिक दिलचस्पी बढ़ी, तो गीत-कविताएं लिखने लगे। इलाहाबाद के साहित्यिक वातावरण ने उनके इस शौक़ को और बढ़ाया। वह कवि सम्मेलनों में शिरकत करने लगे और उन्होंने अपना उपनाम %प्रदीप% रख लिया। अपने उत्कृष्ट लेखन और सुरीली आवाज़ से वह थोड़े से ही अरसे में साहित्यिक जगत में लोकप्रिय हो गए। यहां तक कि महाकवि निराला भी उनके गीत-कविताओं की तारीफ़ करने से अपने आप को नहीं रोक पाए। कवि प्रदीप फ़िल्मों में कैसे आये ?, इसका मुख़्तर सा क़िस्सा कुछ इस तरह से है, एक बार वह कवि सम्मेलन के लिए मुंबई गए, तो उनकी मुलाक़ात 'बॉम्बे टॉकीज' से जुड़े निर्देशक एनआर आचार्य से हुई। उन्होंने प्रदीप को 'बॉम्बे टॉकीज' के मालिक हिमांशु रॉय से मिलवाया। उन्होंने प्रदीप को अपनी फ़िल्म 'कंगन' के लिए साइन कर लिया। हर महीने उनकी तनख़्वाह 200 रुपए मुक़र्रर की गई। ज़ाहिर है वह इस नौकरी के वास्ते मुम्बई में ही शिफ़्ट हो गए। बतौर गीतकार प्रदीप ने इस फ़िल्म में चार गाने लिखे और इनमें से तीन को अपनी आवाज़ भी दी। साल 1939 में आई इस फ़िल्म ने बॉक्स ऑफिस पर सिल्वर जुबली मनाई। फ़िल्म में उनके लिखे गीत 'हवा तुम धीरे बहो...', 'हम आज़ाद परिंदों को..' ख़ूब लोकप्रिय हुए।

'कंगन' फ़िल्म की कामयाबी के बाद गीतकार प्रदीप 'बॉम्बे टॉकीज' का अभिन्न हिस्सा हो गए। बाद में 'बॉम्बे टॉकीज' की ही फ़िल्म 'बंधन', 'पुनर्मिलन', 'झूला', 'नया संसार' और 'किस्मत' में भी उन्होंने गाने लिखे। अपने गानों की वज़ह से इन फ़िल्मों ने एक नया इतिहास रचा। यह वह दौर था, जब देश में चारों और 'भारत छोड़ो आंदोलन' की गूंज थी। प्रदीप के लिखे गीत 'दूर हटो ऐ दुनियावालों हिंदुस्तान हमारा है' ने उन्हें बड़ा गीतकार बना दिया। %भारत छोड़ो आंदोलन% में ये गीत सत्याग्रहियों के लिए एक नारा बन गया था। फ़िल्म 'किस्मत' के बाक़ी गीत भी सुपर हिट साबित हुए। ख़ास तौर से 'धीरे-धीरे आ रे बादल...', 'पपीहा रे मेरे पिया से', 'अब तेरे सिवा कौन मेरा..' गानों ने देश के घर-घर में धूम मचा दी। अपने गीत-संगीत की वज़ह से ही 'किस्मत' देश की पहली गोल्डन जुबली फ़िल्म बनी। फिल्म 'पैग़ाम' में प्रदीप ने अलग ही रंग के गीत लिखे। ख़ास तौर पर 'ओ अमीरों के परमेश्वर'। इस गाने के ज़रिये उन्होंने अमीरों की दुनिया में ग़रीबों की परेशानियों को बड़े ही संवेदनशीलता से दिखलाया है, ''ऐसा लगता ग़रीबों के जग में/आज रख़वाला कोई नहीं/ऐसा लगता के दुखियों के आंसू/पोछने वाला कोई नहीं/ओ अमीरों के परमेश्वर।''

साल 1954 में आई फ़िल्म 'नास्तिक' के गीतों से प्रदीप को धार्मिक गीतकार के तौर पर नई पहचान मिली। इस फ़िल्म में उन्होंने न सिर्फ़ गीत लिखे, बल्कि उन्हें गाया भी। ज़ाहिर है कि यह फिल्म भी कामयाब रही। साल 1975 में आई छोटे बजट की फ़िल्म 'जय मां संतोषी' भी गीतकार प्रदीप के गीतों की वजह से पूरे देश में ख़ूब चली। 'मैं तो आरती उतारूं मां', 'यहां वहां जहां तहां', 'करती हूं मैं तुम्हार व्रत मैं' और 'मदद करो संतोषी मां' फ़िल्म के सारे गानों ने लोकप्रियता की नई मिसाल पेश की। साल 1962 में भारत-चीन युद्ध के दौरान कवि प्रदीप ने सैनिकों की शहादत और उनके सम्मान में 'ऐ मेरे वतन के लोगों....' लिखा। इस गाने को पूरे देश में क्या मक़बूलियत मिली, अब यह एक इतिहास है। कवि प्रदीप के ही सुझाव पर इस गाने से हुई कमाई को युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की विधवाओं के कल्याण के लिए दिया जाता है।



गीतकार प्रदीप ने इकहत्तर फ़िल्मों में तक़रीबन सत्रह सौ गाने लिखे। साल 1958 में एचएमवी ने उनकी तेरह कविताओं से सजा एक एलबम 'राष्ट्रकवि' निकाला। प्रदीप वैसे तो कई पुरस्कार-सम्मानों से नवाज़े गए। साल 1961 में उन्हें 'संगीत नाटक अकेदमी अवार्ड' तो साल 1997 में उन्हें भारतीय सिनेमा के सबसे प्रतिष्ठित सम्मान 'दादा साहेब फ़ाल्के सम्मान' से नवाज़ा गया। मध्य प्रदेश जहां प्रदीप ने जन्म लिया, यहां की सरकार ने उनकी स्मृति में 'राष्ट्रीय कवि प्रदीप सम्मान' स्थापित किया है। जो हर साल किसी गीतकार को दिया जाता है। 'राष्ट्रीय एकता पुरस्कार' और 'संत ज्ञानेश्वर सम्मान' से भी वह सम्मानित किए गए, लेकिन देश की सरकारों ने उन्हें अपने सबसे बड़े नागरिक सम्मानों 'पद्म श्री', 'पद्म भूषण' आदि के क़ाबिल नहीं समझा। जबकि उनसे कई दर्जे जूनियर और कम प्रतिभावान लोगों को इन सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है। आज भले ही गीतकार प्रदीप हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन अपने देशभक्ति गीतों की वज़ह से हमेशा अमर रहेंगे। देशवासी उन्हें कभी भुला नहीं पायेंगे।



## कविता

# वर्णमाला

■ मंगलेश डबराल

एक भाषा में अ लिखना चाहता हूँ
अ से अनार अ से अमरूद
लेकिन लिखने लगता हूँ अ से अनर्थ अ से अत्याचार
कोशिश करता हूँ कि क से क़लम या करुणा लिखूँ
लेकिन मैं लिखने लगता हूँ क से क्रूरता क से कुटिलता
अभी तक ख से खरगोश लिखता आया हूँ
लेकिन ख से अब किसी ख़तरे की आहट आने लगी है
मैं सोचता था फ से फूल ही लिखा जाता होगा
बहुत सारे फूल
घरो के बाहर घरों के भीतर मनुष्यों के भीतर
लेकिन मैंने देखा तमाम फूल जा रहे थे
ज़ालिमों के गले में माला बन कर डाले जाने के लिए
कोई मेरा हाथ जकड़ता है और कहता है
भ से लिखो भय जो अब हर जगह मौजूद है
द दमन का और प पतन का सँकेत है
आततायी छीन लेते हैं हमारी पूरी वर्णमाला
वे भाषा की हिंसा को बना देते हैं
समाज की हिंसा
ह को हत्या के लिए सुरक्षित कर दिया गया है
हम कितना ही हल और हिरन लिखते रहें
वे ह से हत्या लिखते रहते हैं हर समय ।

## बोधकथा

मिट्टी ने मटके से पूछा- 'मैं भी मिट्टी तू भी मिट्टी, परंतु पानी मुझे बहा ले जाता है और तुम पानी को अपने में समा लेते हो. वह तुम्हें गला भी नहीं पाता, ऐसा क्यों?'
मटका हंसकर बोला- 'यह सच है कि तू भी मिट्टी है और मैं भी मिट्टी हूं. पर मेरा संघर्ष अलग है. पहले मैं पानी में भीगा, पैरों से गूंथा गया फिर चाक पर चला कुम्हार के. थापी की चोट, आग की तपन को झेला. संघर्ष झेलकर पानी को अपने में रखने की ताकत मैंने पायी.
मंदिर की सीढ़ियों पर जड़े पत्थर ने मूर्ति के पत्थर से पूछा- 'भाई तू भी पत्थर मैं भी पत्थर पर लोग तुम्हारी पूजा करते हैं और मुझे पैरों से रौंदकर, बिना ध्यान दिये चलते हैं. ऐसा क्यों?
मूर्ति के पत्थर ने उत्तर दिया- क्या तू मेरे संघर्ष को जानता है? मैंने इस शरीर पर कितनी छैनियों के प्रहार सहे हैं, मुझे कई बार घिसा गया है, मार और संघर्ष की पीड़ा को सहकर ही मैं इस रूप में आया हूं. संघर्षों की भट्टी में तपकर ही 'जीवन' स्वर्ण बनता है.

**प्रस्तुति : श्रीकांत कुलश्रेष्ठ**

## व्यंग्य

# दो आदमी पुराने

■ जश्रीलाल शुक्ल

कुछ दिन हुए, रामानंदजी और राकेशजी अपने-अपने पेशे से रिटायर हो कर सिविल लाइन्स में बस गए थे। अपने यहाँ का चलन है कि रिटायर होने के बाद और इस लोक से ट्रांसफर होने के पहले बहुत से लोग सिविल लांइस में बँगले बनवा लेते हैं। इन्होंने भी वहाँ अपने-अपने बँगले बनवा लिए। रामानंदजी किसी समय में चोरी किया करते थे।

वे पुराने स्कूल के चोर थे। इस कारण उनका विश्वास तांत्रिक क्रियाओं में भी था। बाद में चोरी सिखलाने के लिए उन्होंने एक नाइट स्कूल भी खोला। कुछ समय बीतने पर चोरी के माल के क्रय-विक्रय की उन्होंने एक दुकान कर ली। इस सबसे अब वे रिटायर हो चुके थे और अपने को रिटायर कहा करते थे। राकेशजी रिटायर तो हो चुके थे, पर चूँकि वे कवि थे इस कारण वे अपने को रिटायर मानने को तैयार न थे। कभी उन्होंने एम.ए. पास किया था; और फिर वे एक कॉलेज में प्रोफेसर हो गए थे। उस पेशे में तो वे ज्यादा नहीं चल पाए पर कवि की हैसियत से उन्हें ऊँचा स्थान मिल गया था। अर्थात अब तक उनके पास उनकी अपनी कविताएँ थी, अपने प्रकाशक थे, अपने ही आलोचक थे, अपने ही प्रशंसक और पुरस्कारदाता थे। इधर कुछ आलोचक उन्हें कविता के क्षेत्र में भी रिटायर कहने लगे थे।

राकेशजी रिटायर तो हो चुके थे, पर चूँकि वे कवि थे इस कारण वे अपने को रिटायर मानने को तैयार न थे। कभी उन्होंने एम.ए. पास किया था; और फिर वे एक कॉलेज में प्रोफेसर हो गए थे। उस पेशे में तो वे ज्यादा नहीं चल पाए पर कवि की हैसियत से उन्हें ऊँचा स्थान मिल गया था। अर्थात अब तक उनके पास उनकी अपनी कविताएँ थी, अपने प्रकाशक थे, अपने ही आलोचक थे, अपने ही प्रशंसक और पुरस्कारदाता थे। इधर कुछ आलोचक उन्हें कविता के क्षेत्र में भी रिटायर कहने लगे थे।

दोनों पड़ोसी थे। दोनों को एक-दूसरे के पुराने व्यवसाय का ज्ञान था। उनमें मित्रता हो गई। दोनों प्राय: हर बात में एकमत रहते थे। दोनों यही समझते थे कि इस युग में योग्यता और कला का ह्रास हो रहा है और आज की पीढ़ी बिल्कुल जाहिल, निरर्थक और अयोग्य है। इसीलिए एक दिन लॉन में टहलते-टहलते राकेशजी ने कहा, 'आज की पढ़ाई में रक्खा ही क्या है? मैं आठवें दर्जे में हिंदी कविता का अर्थ अंग्रेजी में लिखता था। अब बी.ए. में अंग्रेजी कविता का अर्थ हिंदी में लिखाया जाता है।' रामानंदजी बोले, 'आप ठीक कहते हैं। हमारे जमाने में कुछ लोग फर्श पर डंडा ठोंक कर जमीन में गड़े हुए धन का हाल जान लेते थे। आज के दिन सामने कपड़े से ढँकी तिजोरी रक्खी रहती है और लोग उसे मेज समझ कर बिना छुए ही निकल जाते हैं।'

राकेशजी ने कहा, 'और जम कर साधना करने का तो समय ही चला गया है। आजकल...।' बात काट कर रामानंदजी बोले, 'साधना अब कौन कर सकता है? हम लोगों ने अमावस की रात में मसान जगाया था। मुर्दे की खोपड़ी में चावल पका कर उसे जिस घर में डाल देते वहाँ का माल...।' राकेशजी ने जल्दी में कहा, 'नहीं नहीं, वैसी साधना से मेरा मतलब नहीं है। मैं साहित्य-साधना की बात कर रहा हूँ।

आजकल लोग व्याकरण, पिंगल, काव्यशास्त्र का नाम तक नहीं जानते और नई-नई बातों के आविष्कारक बन जाते हैं। कोई दो-दो पंक्तियों को लिए मुक्तक लिख रहा है, अतुकांत चला रहा है, कोई क्रियाओं के नए-नए प्रयोग भिड़ा रहा है : और पूछ बैठिए कि अकर्मक क्रिया और सकर्मक क्रिया में क्या भेद है तो अंग्रेजी बोलने लगेंगे।'

एक गहरी साँस खींच कर रामानंदजी बोले, 'आप सच कहते हैं, अपने यहाँ भी यही दशा है। दीवाल की कौन कहे, कागज पर कायदे की सेंध नहीं लगा सकते और बात करेंगे सिटकनी खोलने की, रोशनदान तोड़ने की, जेब काटने की। नई-नई तरकीबों की डींग हाँकेंगे। और पुरानी...।' राकेशजी अपनी धुन में कहते गए, 'और विनम्रता तो रही ही नहीं। कुछ सिखाओ तो सीखेंगे नहीं। कुछ बताओ तो बिना समझे-बूझे अकड़ने लगेंगे। आज के साहित्यिक, साहित्यिक नहीं - लठैत हैं, लठैत।'

रामानंदजी समर्थन करते हुए बोले, 'साहित्यिकों के क्या पूछने राकेशजी। यहाँ तो अबके चोर नहीं रहे। वे तो डकैत हैं, डकैत। अपना पुराना तरीका तो यह था कि घर में घुसे और बच्चे ने खाँस दिया तो विनम्रतापूर्वक बाहर निकल आए। पर आजकल के ये लोग किसी को जागता हुआ पा जाएँ तो...' सहम कर उन्होंने वाक्य पूरा किया, '%बाप रे बाप..'

अब राकेशजी उत्साहित हो गए और बोले, 'ये सब जाहिल हैं, निरर्थक हैं। पहले तो लिखते-लिखते हाथ ऐसा मँज जाता था कि पाठक बिना पढ़े ही दूर से समझ जाते थे कि अमुक कवि की कविता है। उस पर उनका व्यक्तित्व झलकता था...।'

रामानंदजी ने धीरे से कहा, 'यही तो। सेंध की शकल देख कर लोग कह देते थे कि यह फँला ने लगाई है। अब तो सिटकनी खुली पड़ी है...।' उपमा राकेशजी को पसंद आ गई। 'बोले, 'आजकल यही तो है ही। साहित्य के दरवाजे की सिटकनी अंदर से खोल-खोल कर न जाने कितने लोग घुस आए हैं।' बिन समझे हुए, रामानंद जी ने कहा, 'जी हाँ, पहले तो सेंध का ही चलन था।' राकेशजी ने जल्दी से कहा, 'जी, आप मेरा मतलब नहीं समझे। मैं कहा रहा था कि...।' अकस्मात उन्होंने चौंक कर कुरते की जेब पकड़ ली। रामानंदजी का हाथ उनकी मुट्ठी में आ गया। नाराजगी से राकेशजी बोले, 'यह क्या? आप मेरी जेब काट रहे थे।'

रामानंदजी ने विनम्रता से हाथ छुड़ा कर कहा, 'यही समझ लीजिए। बात यह है कि...बात यह है कि ये नौसिखिए कुछ काम तो बड़ी सफाई से कर दिखाते हैं। मैं आपस में वही देख रखा था कि यह जेब वाला काम मुझसे भी चल पाता या नहीं।'

रामनंदजी नर्म पड़े। बोले, 'देख लिया आपने।' बिना उत्साह के, रामानंदजी साँस खींच कर बोले, 'देख लिया राकेशजी यह सब के बूते की बात नहीं। जो हमने कर लिया वह आज वाले नहीं कर पाते हैं। पर इनके भी कुछ ऐसे खेल हैं जो हम नहीं खेल पाते। अपना-अपना जमाना है।' सहसा राकेशजी बिगड़ कर बोले, 'यह सब आप ही के यहाँ चलता होगा। अपने यहाँ तो अब भी जो कहिए, करके दिखा दूँ। रामानंदजी, यह तो करने की विद्या है। चाहे कवित्व हो, चाहे कविता हो, या हो नई कविता। लिखूँगा तो अब भी आजकल वालों से अच्छा ही लिखूँगा।' रामानंदजी राकेशजी की ओर देखते रहे। उनमें कभी मतभेद नहीं हुआ था। पहली बार उन्हें लगा कि कुछ ऐसी भी बातें हैं जहाँ उनकी राय हमेशा एक नहीं होगी।

## रिटायरमेंट

उम्र की ऐसी ढलान पर
पहुंचने के बाद व्यक्ति
सुख-चैन, शांति का
जीवन जीना चाहता है
जिसे हम रिटायरमेंट कहते हैं
यह अवसर हर व्यक्ति के
जीवन में आता है
नौकरी करने वाले व्यक्ति
को 60 से 62 साल की
उम्र में रिटायर यह
कहकर कर दिया जाता है
कि आप सठिया गए हैं
काम करने के योग्य नहीं हैं।
यह नियम तो अच्छा है
मैं तो कहता हूं कि
60-62 की जगह 50 वर्ष कर दो
ज्यादा लोगों को काम
करने का मौका मिलेगा
पर एक बात मेरे मन
बार-बार आ रही है
यह नियम विधायक
सांसदों पर लागू क्यों
नहीं होता, अगर हो जाए तो
कितना अच्छा होगा
ज्यादा से ज्यादा नये लोगों को
देश सेवा करने का अवसर मिलेगा।

**मोहन सुरजन, जबलपुर**

# दिनदहाड़े बीच बाजार हत्या करने वालों को आजीवन कारावास

## पाटन एडीजे कोर्ट ने दोनों आरोपियों पर पांच-पांच हजार का जुर्माना भी लगाया

**जबलपुर,देशबन्धु।** पाटन अपर सत्र न्यायाधीश विवेक कुमार की अदालत ने दिनदहाड़े बीच बाजार एक युवक की हत्या करने वाले दो आरोपी भाईयों को दोषी करार दिया है। अदालत ने आरोपी पाटन निवासी बाबा भाईजान उर्फ अनवर पिता अशरफ खान व अकरम उर्फ नानू पिता अशरफ खान को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही दोनों पर पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि ग्राम टिमरी निवासी मोहन सिंह व खैरी निवासी सत्तू उर्फ सतेन्द्र ठाकुर दोनों दोस्त है। दोनों 16 अप्रैल 2019 को नानू भाईजान की रिपेयरिंग दुकान में मोटर साइकिल सुधरवाने गये थे। जहां पैसों के विवाद पर दोनों पक्षों में विवाद हो गया।



जिस पर आरोपी अकरम उर्फ नानू ने सत्तू पर डंडे से हमला कर दिया। वहीं उसके भाई बाबा उर्फ अनवर ने पाना से हमला कर दिया, जो सत्तू के सिर में धंस गया और सत्तू वहीं खून से लथपथ होकर गिर गया। जिसके बाद दोनों आरोपी भाई मौके से फरार हो गये। जिसके बाद सत्तू को गंभीरावस्था में पाटन के शासकीय अस्पताल और उसके बाद जबलपुर एक निजी अस्पताल उपचार के लिये ले जाया गया। जहां उपचार दौरान सत्तू उर्फ सतेन्द्र ठाकुर की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर अदालत के समक्ष चालान पेश किया। सुनवाई दौरान पेश किये गये गवाह व साक्ष्यों के मद्देनजर अदालत ने दोनों आरोपी भाईयों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। मामले में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक संदीप जैन ने पक्ष रखा।

# बिना लाइसेंस पंजीयन की दुकानों पर खाद्य विभाग ने की कार्यवाही

**जबलपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग की टीम ने शनिवार को पनागर, सतपुला हॉट बाजार एवं यादव कॉलोनी स्थित खाद्य पदार्थों की दुकानों का निरीक्षण किया तथा आधा दर्जन से अधिक दुकानदारों पर बिना फूड लाइसेंस पंजीयन के खाद्य कारोबार करने पर प्रकरण दर्ज किये। साथ ही दूध विक्रेताओं पर भी कार्यवाही की गई तथा नारंग डेयरी से दूध का नमूना लिया गया ।




खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज श्रीवास्तव के अनुसार मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम एवं विनियम 2011 के तहत बिना एफएसएसएआई पंजीयन के खाद्य कारोबार करने पर एक लाख तक का जुर्माना तथा बिना एफएसएसएआई लाइसेंस के खाद्य कारोबार करने पर 5 लाख तक का जुर्माना और छह माह की सजा का प्रावधान है। इसके साथ ही नगर निगम, नगर पालिका एवं स्थानीय निकाय की अनुमति भी आवश्यक है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी के मुताबिक बिना विधिक लाइसेंस एवं पंजीयन के खुले में मांस-मछली का विक्रय करने वालों अथवा अन्य खाद्य कारोबार करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान 15 दिसंबर से 31 दिसंबर तक लगातार चलाया जायेगा। कार्यवाही में खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज श्रीवास्तव, संजय गुप्ता, माधुरी मिश्रा, सारिका दीक्षित एवं विनोद धुर्वे द्वारा की गई। इसमें पुलिस एवं स्थानीय निकाय का अमला भी शामिल था ।



# यश नर्सरी स्कूल में जांच शिविर का आयोजन

**जबलपुर,देशबन्धु।** भारत स्काउट एंड गाइड जिला संघ जबलपुर के तत्वाधान में 12 दिसंबर से 16 दिसंबर 2023 तक संस्था यश नर्सरी हायर सेकंडरी स्कूल, गोहलपुर में कब बुलबुल का द्वितीय चरण/रजत पंख जांच शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त शिविर सहायक राज्य संगठन आयुक्त ललित कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला कमिश्नर स्काउट घनश्याम सोनी, डिस्ट्रिक हेड क्वार्टर कमिश्नर डा विजयकांत तिवारी, जिला सचिव देवेन्द्र कुमार भट्ट के मार्गदर्शन में और शिविर संचालक विजय कुमार झारिया के निर्देशन में संचालक व्ही के झारिया के मार्गदर्शन संचालित हुआ, शिविर में कब बुलबुल को झंडा गीत , प्रार्थना, खेल, ड्राइंग, बड़ी सलामी, कब बुलबुल ग्रीटिंग, तारा को कहानी, सिक्स कॉर्नर, बुल बुल ट्री, कहानी सुनाना, लालफूल, कलरव आदि परीक्षण लिया गया, साथ ही कब बुलबुल द्वारा अधारताल स्थित पचमठ मंदिर में क्लाइमेट चेंज के प्रति जनसामान्य को जागरूक किया, कार्यक्रम के अंतिम दिवस पर कार्यक्रम के समापन के अवसर पर जिला मुक्त आयुक्त अजय तिवारी, पूर्व पुलिस अधिकारी आर. के. तिवारी, समाजसेवी रुद्र कांत ठाकुर जी उपस्थिति रहें। इस अवसर पर कब द्वारा जंगल नृत्य का शानदार प्रदर्शन किया गया, और बुलबुल द्वारा घेरा नृत्य का प्रदर्शन किया गया। शिविर को सफल बनाने में श्रीमती किरण गौतम, राहुल राजपूत, शुभांगी शर्मा, अंजली श्रीवास्तव, पूजा कोष्ठा, और समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

# जिस राज्य से जारी हुआ जाति प्रमाण-पत्र, उसी के लिए मान्य

## हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका

**जबलपुर, देशबन्धु।** राजस्थान राज्य से जाति ओबीसी प्रमाण-पत्र को मध्य प्रदेश में मान्यता नहीं दिये जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। जस्टिस शील नागू तथा जस्टिस देव नारायण मिश्रा की युगलपीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा सभी राज्य में अलग-अलग जाति को दूसरे वर्ग में रखा गया है। जिस राज्य में जाति प्रमाण-पत्र जारी हुआ है, वह उसी राज्य के लिए मान्य है।

नीमच निवासी सीमा सोनी की ओर से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि राजस्थान की निवासी है। उनका विवाह मध्य प्रदेश के नीमच में हुआ था। राजस्थान में स्वर्णकार जाति ओबीसी वर्ग में आती थी। जिसका जाति प्रमाण-पत्र उनके पास है। उनके पति की जाति भी सोनी है और उनके पास मध्य प्रदेश सरकार द्वारा जारी ओबीसी वर्ग का जाति प्रमाण-पत्र है। उसने माध्यमिक शिक्षक पद के लिए आवेदन किया था। ओबीसी वर्ग में उसका सिलेक्शन भी हो गया था। राजस्थान का जाति-प्रमाण पत्र होने के कारण उसे ओबीसी वर्ग का लाभ देने से इंकार कर दिया गया। अभ्यावेदन देने पर उसे भारत सरकार तथा मध्य प्रदेश सरकार द्वारा जारी नोटिफिकेशन का हवाला देते हुए कहा गया कि प्रवासी व्यक्तियों का जाति प्रमाण-पत्र उस राज्य के लिए मान्य नहीं है। याचिका में कहा गया था कि भारतीय संविधान के अनुसार देश में किसी भी नागरिक को जाति, धर्म, निवास तथा लिंग के आधार पर भेदभाव नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा भारत का कोई भी नागरिक देश के किसी भी प्रदेश में निवास कर सकता है। याचिका खारिज करते हुए युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा कि अलग-अलग राज्य में जातियों को अलग-अलग वर्ग में रखा गया है। जिस राज्य द्वारा जाति प्रमाण-पत्र जारी किया गया है, वह उसी राज्य के लिए मान्य है।

# काटी गई राशि के साथ क्षतिपूर्ति का भी करो भुगतान उपभोक्ता आयोग ने दिये निर्देश

**जबलपुर, देशबन्धु**। जिला उपभोक्ता आयोग ने एसबीआई कार्ड्स एंड पेमेंट सर्विसेस लिमिटेड को आदेश दिया है कि उपभोक्ता के हक में क्रेडिट कार्ड की काटी गई राशि 588 रुपये व क्षतिपूर्ति राशि 8 हजार 332 रुपये का भुगतान करें। आयोग के चेयरमेन पंकज यादव व सदस्य अमित सिंह की बैंच ने मानसिक पीड़ा के लिए तीन हजार व वाद व्यय के लिये दो हजार रुपये का अगल से भुगतान किये जाने के आदेश दिये है। यह परिवाद धनवंतरी नगर जबलपुर निवासी गंगाधर द्विवेदी की ओर से दायर यिा गया था। जिसमें कहा गया था आवेदक पेंशनर है। जिनका खाता एसबीआई में है। एक दिन उनसे क्रेडिट कार्ड के एक्जिक्यूटिव मिले और क्रेडिट कार्ड की सुविधा दे दी। सेवा लेने के बाद सर्विस टैक्स के नाम मनमानी रकम काट ली गई। क्रेडिट कार्ड बंद कराने के आवेदन के बावजूद सेवा जारी रखकर परेशान किया गया। इस तरह सेवा में कमी व अनुचित व्यापार प्रथा का रवैया अपनाया गया। इससे परिवादी को भारी मानसिक रूप से प्रताड़ित होना पड़ा। जिसके बाद अनावेदक को लीगल नोटिस दिया गया और उसके बाद यह परिवाद दायर किया गया। सुनवाई पश्चात् आयोग ने आवेदक के पक्ष में राहतकारी आदेश दिया।

# केनरा बैंक द्वारा आयोजित सीएसआर गतिविधि तथा क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम



**जबलपुर, देशबन्धु**। केनरा बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर द्वारा 16 दिसंबर को जबलपुर में सीएसआर गतिविधि तथा ग्राहक संपर्क व क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में केनरा बैंक के कार्यपालक निदेशक एचएस आहलूवालिया ने भाग लिया। विक्रम दुग्गल, महाप्रबंधक, अंचल कार्यालय, भोपाल और गौरव बंसल सहायक महाप्रबंधक, क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर ने कार्यक्रम में सहभागिता की। केनरा बैंक के संस्थापक अम्मेम्बल सुब्बा राव पई का दृष्टिकोण कि, एक अच्छा बैंक न केवल समुदाय का वित्तीय दिल है, बल्कि आम लोगों की आर्थिक स्थिति में सुधार करने के लिये हर तरह से मदद करने का दायित्व भी है। अत: इस सिद्धांत अनुपालन करते हुए केनरा बैंक द्वारा सीएसआर (कार्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी) गतिविधियां की जाती है। केनरा बैंक लोगों की मदद करने के लिए विभिन्न गतिधियां संचालित कर रहा है और जिस समुदाय में यह काम करता है, उसका सामाजिक हृदय होने का गौरव हासिल किया है। केनरा बैंक के कार्यपालक निदेशक तथा महाप्रबंधक के द्वारा सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत 16 दिसंबर को श्रमोदय आवासीय विद्यालय, मंगेली में कंबल और स्पोर्ट किट वितरित किए गए। क्राइस्ट चर्च स्कूल, जबलपुर से जुड़ी दिव्यांग बच्चों के लिए कार्यरत विकास आशा केन्द्र संस्था में कार्यपालक निदेशक एचएस आहलूवालिया द्वारा दिव्यांग बच्चों को कंबल, स्वेटर तथा स्पोर्ट किट वितरित किए गए। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक ने सभी बच्चों के साथ समय बिताया। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक एचएस आहलूवालिया ने कहा कि आउटरीच कार्यक्रम करने का हमारा मुख्य उद्देश्य अपने सम्मानीय ग्राहकों से प्रत्यक्ष रूप से जुड़कर उनसे वार्तालाप करना तथा उनके अनुभवों व सुझावों को जानना है।

# तीन अलग-अलग चरणों में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे कलेक्टर, लोकसभा निर्वाचन-2024 की तैयारियों में जुटा आयोग

**जबलपुर, देशबन्धु**। प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी और रिटर्निंग अधिकारी प्रशिक्षण प्राप्त करने नई दिल्ली जाएंगे। उन्हें भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट (आईआईआईडीईएम) नई दिल्ली में लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारी के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है, इसके लिये प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा रिटर्निंग अधिकारियों को आईआईआईडीईएम नई दिल्ली में दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**तीन चरणों में होगा प्रशिक्षण**

श्री राजन ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को आईआईआईडीईएम नई दिल्ली में तीन अलग-अलग चरणों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण 21 दिसंबर से प्रारंभ होगा और 29 दिसंबर तक चलेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम की भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय-सारिणी भी जारी कर दी गई है।

### इन तारीखों में इस जिले के कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी प्राप्त करेंगे प्रशिक्षण

21 एवं 22 दिसंबर- श्योपुर, मुरैना, भिंड, ग्वालियर, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, सागर, टीकमगढ़, छतरपुर, दमोह, पन्ना, सतना, रीवा, सीधी, सिंगरौली, सीहोर, खरगोन, राजगढ़, देवास और अनूपपुर।

26 से 27 दिसंबर- उमरिया, जबलपुर, डिंडोरी, मंडला, बालाघाट, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, बैतूल, हरदा, नर्मदापुरम, रायसेन, विदिशा, भोपाल, बड़वानी, शाजापुर। 28 से 29 दिसंबर खंडवा, बुरहानपुर, कटनी, शहडोल, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, उज्जैन, रतलाम, सिवनी, मंदसौर, नीमच, आगर-मालवा, निवाड़ी, मऊगंज, मैहर तथा पांढुना जिले के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दो दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त करने इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट (आईआईआईडीईएम) नई दिल्ली जाएंगे।

# आज चौदह ग्राम पंचायतों में पहुँचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**जबलपुर, देशबन्धु।** केन्द्र शासन की योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को पहुंचाने तथा देश में हुये विकास से आम लोगों को परिचित कराने जिले में शनिवार से प्रारंभ हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा रविवार 17 दिसम्बर को चौदह ग्राम पंचायतों का भ्रमण करेगी। यात्रा के दौरा एलईडी स्क्रीन से सुसज्जित रथ द्वारा केन्द्र शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार भी किया जायेगा। इसके साथ ही इन योजनाओं का लाभ लेने से शेष रह गये पात्र हितग्राहियों से फार्म भरवाकर आवेदन प्राप्त करने संबंधित विभागों द्वारा शिविर लगाये जायेंगे। यात्रा के दौरा नागरिकों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा अलग से शिविर भी लगाया जायेगा।

जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा रविवार 17 दिसंबर को जबलपुर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत आमा हिनौता में सुबह 10 बजे तथा ग्राम पंचायत पिपरिया मेडिकल में दोपहर 2 बजे पहुंचेगी। इसी प्रकार मझौली जनपद पचापत में सुबह 11 बजे ग्राम पंचायत उमरिया (ढिरहा) एवं दोपहर 2.30 बजे ग्राम पंचायत बनखेड़ी, जनपद पंचायत सिहोरा में सुबह 11 बजे ग्राम पंचायत गांधीग्राम एवं दोपहर 2 बजे देवनगर, जनपद पंचायत पनागर में सुबह 10 बजे ग्राम पंचायत सिंगलदीप एवं दोपहर 2 बजे ग्राम पंचायत गुलौदा, जनपद पंचायत पाटन में सुबह 11 बजे ग्राम पंचायत धनेटा एवं दोपहर 2.30 बजे ग्राम पंचायत बरही, जनपद पंचायत शहपुरा में सुबह 11 बजे ग्राम पंचायत कूड़न एवं दोपहर 1 बजे ग्राम पंचायत बिल्हा तथा जनपद पंचायत कुण्डम में सुबह 11 बजे ग्राम पंचायत मड़ई कला एवं दोपहर 1.30 बजे ग्राम पंचायत मोहनी पहुंचेगी।

ग्राम पंचायतों में पहुंचने पर यात्रा के साथ पहुंचने वाली प्रचार रथों का स्वागत होगा। केन्द्र शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत लाभांवित हितग्राही ''मेरी कहानी मेरी जुबानी'' की थीम पर अपना अनुभव साझा करेंगे। किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने माटी कहे पुकार की थीम पर स्कूल बच्चों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे। केन्द्र शासन की विभिन्न जनकल्याण कारी योजनाओं पर केन्द्रित ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता भी होगी। मृदा परीक्षण एवं स्वाइल हेल्थ कार्ड बनाने कृषि विभाग द्वारा शिविर लगाया जायेगा। आयुष्मान कार्ड बनाने, विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों के ई-केवायसी करने, आधार अपडेशन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत पात्र हितग्राहियों की पात्रता पची बनाने, बैंकों से जुड़ी प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना एवं अटल पेंशन योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों को पहुंचाने तथा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत रसोई गैस कनेक्शन प्रदान करने भी शिविर इन ग्राम पंचायतों में संबंधित विभागों द्वारा लगाये जायेंगे।



# जबलपुर महिला मारवाड़ी मंडल ने किया पिकनिक का आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु**। जबलपुर महिला मारवाड़ी मंडल द्वारा इस सुहाने और खुशनुमा मौसम का लुत्फ उठाने के लिए पिकनिक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी महिलाएं मिल कर गोपाला रिसोर्ट न्यू भेड़ाघाट गई और पाव नर्मदा के तट पर मस्ती और उल्लास से पूरा दिन बिताया। इस बीच ढेर सारे गेम खेले, हाउजी खेली, म्यूजिक चेयर खेला। सभी ने सुमघुट गीत गाए। स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद चखा, मानों जैसे बचपन लौट आया हो। ढेर सारे प्राइज भी सभी ने जीते। इस सब आयोजनों में मुख्य भूमिका अध्यक्ष शक्ति खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष मंजू खंडेलवाल द्वारा निभाई गई। उन्होंने ही सभी चीजों की व्यवस्था की। बाकी सभी मेंबर्स ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर सावित्री, रश्मि, माधुरी सुरजन, मीना अग्रवाल, मीना खंडेलवाल, कांता खंडेलवाल, सीमा राठी, मोनिका शर्मा, अंकिता, अभिलाषा, नम्रता आदि सभी मेंबर शामिल हुए।

# मंत्रीमंडल में जबलपुर को आवश्यक स्थान मिले

## कैबिनेट बैठकें संस्कारधानी में आयोजित करने की मांग

**जबलपुर, देशबन्धु।** पहले से ही उपेक्षित जबलपुर पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। अत: मंत्रिमंडल में जबलपुर को आवश्यक स्थान मिलना चाहिये।

इसके साथ ही जबलपुर में कैबिनेट बैठकें आयोजित किया जाना चाहिए। इस मांग को लेकर शनिवार को विभिन्न संगठनों ने घंटाघर के पास एकत्रित होकर जनजागृति आंदोलन किया तथा अपनी मांग को नये मुख्यमंत्री मोहन यादव को भेजा।



आंदोलन में नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच, वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन, पेंशनर समाज, महिला समिति, सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन, किसान समिति, सेवानिवृत्त डिप्लोमा इंजीनियर संघ, अधिवक्ता संघ तथा पत्रकार संघ आदि संगठनों के पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ.पीजी नाजपांडे, रजत भार्गव, डीके सिंह, उमेश दुबे, एड. वेदप्रकाश अधौलिया, एड.विनोद सिसोदिया, सुभाष चन्द्रा, डीआर लखेरा, सुशीला कनौजिया, माया कुशवाहा, आरके श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, कुंदन सिंह, नंदकिशोर सोनकर, एके परोहा, एसके खरे, मुन्नालाल उसरेठे, हीरालाल कुशवाहा, एड. अनुभव कुशवाहा, राममिलन शर्मा आदि उपस्थित थे।

# बैंक ऑफ महाराष्ट्र में हिन्दी दिवस पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन



**जबलपुर, देशबन्धु।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र देश के सार्वजनिक क्षेत्र का अग्रणी बैंक है। बैंक द्वारा पुणे में हिन्दी दिवस पुरस्कार वितरण समारोह बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ ए.एस. राजीव ने की। प्रख्यात फिल्म व टीवी अभिनेत्री आर्या शर्मा इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। आशीष पाण्डेय, कार्यपालक निदेशक, रोहित ऋषि, कार्यपालक निदेशक, अमित श्रीवास्तव, मुख्य सतर्कता अधिकारी, के. राजेश कुमार, महाप्रबंधक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रधान कार्यालय के महाप्रबंधकगण, देश भर से आए कार्यपालक, अधिकारी और कर्मचारी इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित थे। के. राजेश कुमार, महाप्रबंधक ने सभी उपस्थित व्यक्तियों का स्वागत किया। इस अवसर पर बैंक की ई-पत्रिका महाबैंक संवाद सरिता के वार्षिक संकलन का विमोचन मंच पर उपस्थित मान्यवरों के कर कमलों से किया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित आंतरिक राजभाषा ट्रॉफी योजना के पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान गृह मंत्री, वित्त मंत्री और भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर से हिंदी दिवस के अवसर पर प्राप्त संदेशों को पढ़कर सुनाया गया।



# गुणता आश्वासन नियंत्रणायल में स्वच्छता पखवाड़ा.

**जबलपुर, देशबन्धु।** गुणता आश्वासन नियंत्रणालय (शस्त्र) जबलपुर, में विगत दो सप्ताह में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। जिसमें अनेक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। जिसमें साफ-सफाई, मिनि मैराथन, बच्चों की पेंटिंग, निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर-बैनर, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। विशेषकर पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों का उत्साह देखने लायक था। जिसका सभी ने भरपुर लुत्फ उठाया। मिनि मैराथन का शुभारंभ स्थानापन्न नियंत्रक, कर्नल संजय छिकारा द्वारा किया गया। इसके साथ ही बच्चों को आगे बढ़ने के लिये उत्साहवर्धन किया गया। अधिकारियों ने कहा है कि बच्चों के बौद्धिक विकास के लिये ऐसे कार्यक्रम होना चाहिये। इससे बच्चों की समझ में उन्नति होती है और खेल-खेल में बच्चे गंभीर विषयों को समझ सकते हैं व शिक्षित होते हैं।

# ईश्वर मात्र दृष्टा है, समूची सृष्टि का विस्तार करने वाली मां जगदंबा है : स्वामी नरसिंहदास



## उपनगरीय क्षेत्र सिहोरा में श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा का दिव्य आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** अखिल ब्रह्माण्ड में परम शक्ति का ही विलास है। ईश्वर मात्र दृष्टा है, किंतु समूची सृष्टि का विस्तार करने वाली मां जगदंबा है। भगवती के दिव्य स्वरूपों का गुणगान ही श्री मद् देवी भागवत महापुराण है। इसका गुणगान पठन-पाठन और श्रवण से स्वाभाविक पुण्य लाभ अंत: करण की परिशुद्धि के साथ भगवती के चरणारविन्दों का आश्रय मिलता है। देवी भागवत महापुराण में 108 शक्ति पीठों में भगवती के स्वरूप विराजित हैं। मां के चरणारविन्दों की कृपा से ही से ही मिलता है अखिल ब्रह्माण्ड में सुख। इस आशय के उद्‌गार उपनगरीय क्षेत्रीय सिहोरा में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा के दिव्य आयोजन के षष्ठम दिवस की मीमांसा करते हुए नरसिंह पीठाधीश्वर डॉ. स्वामी नरसिंह दास महाराज ने व्यास पीठ से व्यक्त किए। श्री व्यास पीठ का पूजन-अर्चन वैदिक आचार्यों ने मंत्रोच्चार के साथ भक्त जनों राधा दुबे, सुधा पांडे, माया, सुषमा खरे, राधा बुआ, सुधा खर, माया, सरिता, नीलू, ममता, पूनम, किरण, सरला, रमा, अंजनी गौतम व शिव शक्ति महिला मंडल ने किया। शारदा मंदिर नया मोहल्ला सिहोरा में शिव शक्ति महिला मंडल के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा पुराण में दोपहर 3 बजे से किया जा रहा है।

# श्रीराम मंदिर में अयोध्या से आये अक्षत कलश



**जबलपुर, देशबन्धु।** आगामी 22 जनवरी को श्री राम जन्मभूमि मंदिर (गर्भगृह) अयोध्या में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजन किया जायेगा। इसी श्रृंखला में श्री राम मंदिर अयोध्या से आये अक्षत कलश श्री राम मन्दिर मदन महल में स्थापित करने के पूर्व भव्य शोभायात्रा ग्वारीघाट से दशमेश व्दार से श्रीराम मंदिर मदन महल तक निकाली गई जिसमें ढोल बाजे, धमाल बैंड के साथ मातृ शक्ति नाचते गाते हुए चल रही थी। भक्तों ने अक्षत कलश यात्रा में साम्मलित होकर प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर के पं राम कुशल पांडे, अध्यक्ष गुलशन मखीजा, गीता पांडे, शोभायात्रा में पार्षद प्रतिभा विध्येश भापकर, पार्षद मोनिका पुष्पेन्द्र सिंह, मनोज नारंग, रमेश शर्मा, शालू समिति ने किया ।

# पूजित अक्षत का पूजन कर वितरण किया गया

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश की भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। गोरखपुर छोटी लाइन स्थित समन्वय सेवा केंद्र से शोभायात्रा निकाली गई, जहां संतों की उपस्थिति में अक्षत कलश का पूजन के बाद ग्वारीघाट से ही पूजित अक्षत का वितरण किया गया। इस मौके पर शोभायात्रा में संतगण सहित समाज के सभी लोग एवं मातृशक्ति शामिल हुए। शोभायात्रा का जगह जगह सम्मान एवं स्वागत किया गया । समाज के बहुत से बंधु अपने अपने शोभायात्रा में जुड़ते गए। बड़ी संख्या में भक्तों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। आगामी 1 से 15 जनवरी तक समाज के सभी वर्गो को अक्षत भेंट कर अयोध्या आमंत्रित किया जायेगा । शोभायात्रा में स्वामी अखिलेश्वरानंद, राकेश सिंह, सुरेंद्र सिंह, अखिलेन्द्र सिंह, राम प्रसाद गुप्ता, अशोक शर्मा, मनीष शाह, विलोक पाठक, मोहित सोनकर, शांतनु देशपांडे, अखिल बैन, जितेंद्र श्रीवास्तव आदि शोभायात्रा में उपस्थित रहे।

# मसीही समुदाय आज निकालेगा भव्य क्रिसमस रैली



**जबलपुर, देशबन्धु।** मसीही समुदाय द्वारा क्रिसमस की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है। इस कड़ी में मसीही समुदाय .....आज क्रिसमस रैली दोपहर 1 बजे से क्राइस्ट चर्च स्कूल के प्रांगण से प्रारंभ होगी। क्रिसमस रैली नगर के मुख्य मार्गों से तैयब अली चौक, घंटाघर, ओमती, करमचंद चौक, मालवीय चौक, तीन पट्टी चौक, राजीव गांधी चौक, रसल चौक, इनकम टैक्स चौक से होते हुए चर्च स्कूल पहुंचेंगी जहां क्रिसमस रैली का विधि विधान के साथ समापन किया जायेगा। आज क्रिसमस रैली में बिशप जेराल्ड अलमेड़ा एवं बिशप अजय उमेश जेम्स की अगुवाई तथा पास्टरर्स फैलोशिप के मार्गदर्शन में नीलेश मसीह एवं मनीष चार्ल्स के संयोजन में निकाली जायेगी। गौरतलब है कि संस्कारधानी जबलपुर में क्रिसमस रैली आपसी भाईचारा प्रेम का संदेश देते हुए निकल जाती है, विभिन्न चौक पर धर्मगुरुओं द्वारा अपने शहर के लिए विशेष प्रार्थनाएं और उपदेश दिए जायेंगे। इसके साथ ही समस्त मसीह समुदाय के संस्थानों द्वारा झांकियों का भी प्रदर्शन किया जायेगा है। मसीही समुदाय के लोग नाचते-गाते खुशी मनाते हैं, प्रभु यीशु के जन्म का संदेश देते हुए शहर को क्रिसमस की बधाई प्रेषित करता है। गौरतलब है कि आज के दिन मसीही समुदाय नई सरकार के लिए भी विशेष प्रार्थना करेगा। जबलपुर की समस्त मसीह कलीसिया से संयोजक निलेश मसीह, मनीष चार्ल्स, राज अब्राह्म, शान कुमार डेजिंल, अंग्रेज विनोद चैंबर, फ्रांसिस जेवियर, मनोज एंथोनी, जॉन डेविड, संजय मैथ्यूज, जायलाल स्टीफन, मारयान एस आर थॉमस, आशीष दास, राजू शाह, संजय नेलसन, संजय मसीह आदि ने समस्त मसीही समुदाय से अधिक से अधिक संख्या में रैली में शामिल होने की अपील की है।

# तुलसी, कालीमिर्च और दालचीनी वाली चाय बढ़ा रही इम्युनिटी

## हर्बल केयर के रूप में लोगों के बीच पसंद की जा रही चाय



**जबलपुर, देशबन्धु।** सीजन चाहे कोई भी हो चाय का नाम आते ही एक ताजगी का अहसास होने लगता है। सुबह की शुरुआत से लेकर शाम का ढलना तक हर सीजन में चाय पर ही पूरा होता है। चाहे कितनी भी थकान हो, इसकी एक चुस्की दिलों-दिमाग को रिफ्रेश कर देती है। ठंड में खासतौर पर चाय का इस्तेमाल लोगों द्वारा इम्युनिटी बूस्टर के तौर पर किया जा रहा है। जहां अदरक, तुलसी, कालीमिर्च और दालचीनी वाली चाय की चुस्की सेहत सुधार रही है।

**मसाला पत्ती की बढ़ जाती डिमांड**-चाय के शौकीनों के टेस्ट को बदलने के लिए अब इसके टेस्ट में कई इनोवेशन भी हो रहे हैं। वहीं बात करें चायपत्ती की तो शाही चाय, दार्जिलिंग टी, मसाला पत्ती, चॉकलेट पत्ती, ग्रीन टी के भी कई फ्लेवर्स मिल रहे हैं। गर्मी में मिंटी और लेमन टी की डिमांड ज्यादा है।

**एंटी ऑक्सीडेंट से भरी ब्लैक टी**-ग्रीन टी में जहां कोलेस्ट्रॉल की प्रॉब्लम दूर होती है, वहीं स्किन स्पॉट्स भी दूर होते हैं। ब्लैक टी एंटी ऑक्सिडेंट्स से भरपूर होती है, जो कि बॉडी के लिए बेस्ट है। ठंड के दिनों में ब्लैक टी में कालीमिर्च, तुलसी, इलायची, अदरक और लौंग का इस्तेमाल इसके टेस्ट को बढ़ा रहा है।

**चाय में काढ़े का फायदा**-कोरोना काल के बाद से चाय को अब काढ़े के रूप में पसंद किया जा रहा है। इसके चलते सुबह की चाय में अदरक के साथ तुलसी, कालीमिर्च और दालचीनी एड हो रही है। इसके साथ ही सीजन में लोग हर्बल टी पीना पसंद कर रहे हैं।

### चाय के फायदे

- कैफीन और टैनिन शरीर में फुर्ती का अहसास कराते हैं।
- एंटीजेन एंटी बैक्टीरियल क्षमता बढ़ाते हैं।
- एंटी ऑक्सीडेंट्स इम्युन सिस्टम सही रखता है।
- फ्लोराइड हड्डियों के लिए अच्छी होता है।
- सर्दी-जुकाम जैसे संक्रमण से निजात मिलती है।

### शहर में ये फ्लेवर्स

- तंदूर चाय
- चॉकलेट चाय
- बेगम इलायची
- चाय मतवाली
- लेमन तड़का
- मसाला चाय
- अदरक चाय

## कैनवास में संजोया प्रकृति और अध्यात्म का प्रेम

**जबलपुर, देशबन्धु।** चित्रों में रंगों के साथ ध्यान और संयम का संगम नजर आया। कैनवास पर कलाकार प्रमोद कुशवाहा ने प्रकृति और अध्यात्म का प्रेम दर्शाया। इन चित्रों को जिसने भी निहारा वह मंत्रमुग्ध हो गया। रानी दुर्गावती संग्रहालय में पाथेय संस्था के तत्वावधान में दो दिवसीय फोटो प्रदर्शनी की शुरुआत की गई। इसमें कलाकार प्रमोद कुशवाहा की प्रयोगधर्मी चित्रकारी के नमूने नजर आए। प्रदर्शनी अवलोकन के लिए रविवार को भी रात 8 बजे से खुली रहेगी।

**रंग थैरेपी की झलक**-प्रदर्शनी के दौरान कलाकार प्रमोद कुशवाहा ने बताया कि उनके सभी चित्र रंग थैरेपी पर आधारित है। क्योंकि कला से जुड़ाव रखने वाले लोग हर बीमारियों से मुक्त होते हैं। कार्यक्रम में अतिथि भूमिका साहित्यकार हेमंत बावनकर, साहित्यकार आचार्य भगवत दुबे, साहित्यकार डॉ. राजकुमार सुमित्र, कवियत्री कांति रावत, डॉ. अभिलाषा शुक्ला, डॉ. नीना उपाध्याय, विधायक अभिलाष पाण्डे, राजेश पाठक प्रवीण मौजूद रहे।





# तरंग की उमंग का छाया रंग

## आईसीएआई जबलपुर ब्रांच का आयोजन



**जबलपुर, देशबन्धु।** तरंग फेस्ट के रंग में प्रतिभागी नजर आए। इस दौरान सांस्कृतिक रंगों की छटा बिखरी, वहीं मोटिवेशनल व्याख्यान भी हुए। प्रोफेशनल्स ने विषय से जुड़ी जानकारी साझा की, ताकि युवाओं को कॅरियर से जुड़ी अहम जानकारी प्राप्त हो सके। शुक्रवार को द इंस्टीटयूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट ऑफ इंडिया जबलपुर शाखा के तत्वावधान में तरंग ऑडिटोरियम में आयोजन हुआ। कार्यक्रम में कल्चरल इवेंट के साथ-साथ टेक्निकल विषयों पर वक्ताओं ने बात रखी।

**सफलता का सूत्र है मेहनत करो**-कार्यक्रम में जयपुर से आए सीए अनिल कुमार यादव ने कहा अनुशासन और नियम हर प्रोफेशन में लागू होता है। इंदौर से आए सीए पंकज कोठारी ने कहा कि सफलता का एक ही सूत्र है मेहनत करना। दिल्ली से आई सोशल मीडिया इंफ्लूएंशर सीए नेहा दत्ता ने डिजिटल प्रोफेशनलिज्म पर कहा कि सोशल मीडिया ने हर वर्क का नेटवर्क बढ़ाया है। इस मौके पर चेयरमैन सीए कमल वलेचा, वाइस चैयरमेन हेमन्त लालवानी, सचिव सीए चांदनी आहूजा, सीए सुकेश चौरडिया, सीए शांतनु सिंह चौहान, आकृति वलेचा, नयन जैन, यशमान जैन मौजूद थे।

## दैनिक राशिफल

**रविवार 17 दिसम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। अगहन शुक्ल पक्ष पंचमी। नक्षत्र-श्रवण।**

**मेष**
आज आपके निर्धारित काम आसानी से पूरा कर सकेंगे, परंतु ऐसा हो सकता है कि आप जो प्रयत्न कर रहे हैं वे गलत दिशा में हों।

**वृषभ**
अत्यधिक कार्यभार और खान-पान में लापरवाही से आपका स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। समय से भोजन और नींद नहीं लेने के कारण मानसिक रूप से बेचैनी का अनुभव होगा।

**मिथुन**
मौज-मस्ती और मनोरंजन की प्रवृत्तियों में आपको विशेष रुचि होगी। परिजन, दोस्तों या प्रिय व्यक्ति के साथ बाहर घूमने-फिरने का आयोजन होगा।

**कर्क** - आज का दिन खुशी और सफलता का है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। नौकरीपेशा लोगों को ऑफिस में अनुकूल वातावरण रहेगा।

**सिंह**
आज आप शारीरिक और मानसिक स्वस्थता से काम करेंगे। सृजनात्मक प्रवृत्तियों में विशेष दिलचस्पी रहेगी। साहित्य और कला के क्षेत्र में कुछ नया करने की प्रेरणा मिलेगी।

**कन्या**
आज आपको विरोध का सामना करने के लिए तैयार रहना पड़ेगा। शारीरिक स्वास्थ्य के संबंध में शिकायत रहेगी।

क.

**तुला**
शुभ या धार्मिक अवसरों पर यात्रा प्रवास का आयोजन होगा। भाई-बंधुओं के साथ अच्छे वातावरण में घरेलू मामलों पर चर्चा होगी।

**वृश्चिक**
आपको नकारात्मक विचारों से दूर रहने की सलाह दी जाती है। ज्यादातर समय चुप रहेंगे, तो पारिवारिक सदस्यों के साथ संघर्ष से बच सकेंगे। स्वास्थ्य संबंधी शिकायत रहेगी।

**धनु**
आज धार्मिक कारणों से कहीं जाना पड़ सकता है। आप निर्धारित कामों को आज पूरा कर सकेंगे। शारीरिक और मानसिक स्वस्थता के कारण ताजगी और प्रसन्नता रहेगी।

**मकर**
आज धार्मिक और आध्यात्मिक विषयों में रुचि रहने से व्यस्तता रहेगी तथा उनके पीछे खर्च भी होगा। कोर्ट-कचहरी से संबंधित काम सामने आएंगे।

**कुंभ**
नए काम को आज शुरू कर देंगे। नौकरी धंधे में लाभ के साथ अतिरिक्त आय होगी। दोस्तों, खासकर महिला मित्रों से आपको लाभ होगा।

**मीन**
आपके लिए आज का दिन शुभफलदायक है। काम की सफलता और उच्च अधिकारियों का प्रोत्साहन आपके उत्साह को दोगुना करेंगे।

मा.



# गर्वमेंट साइंस कॉलेज: प्रतियोगी परीक्षा में लक्ष्य निर्धारण जरूरी

**जबलपुर, देशबन्धु।** गर्वमेंट साइंस कॉलेज के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद कॅरियर योजना के अंतर्गत प्रतियोगी परीक्षा और तैयारियों पर वर्कशॉप आयोजित हुई। मुख्य अतिथि एमपीपीएससी के पूर्व चेयरमैन डॉ. विपिन ब्यौहार ने बताया कि यूपीएससी और पीएससी में सफलता पाने के लिए लक्ष्य का निर्धारण जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान छात्रों में तैयारियों से जुड़े सवाल पूछे। इंटरव्यू और तैयारियों का प्रजेंटेशन भी दिया गया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. एएल महोबिया, प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. जया वाजपेयी, डॉ. आरपीएस चंदेल, डॉ. सुरेंद्र पांडे. डॉ. पुष्पराज चौधरी, डॉ. चेतना राणा अग्निहोत्री मौजूद रहीं।

# प्रियल नाजपांडे प्रसार भारती की दूरदर्शन ग्रेडेड आर्टिस्ट चुनी गई



**जबलपुर,देशबन्धु।** संस्कारधानी के नृत्य गुरू मोती शिवहरे से कई वर्ष नृत्य शिक्षा प्राप्त कर देश-विदेशों के कार्यक्रमों में प्रस्तुति देकर सम्मान प्राप्त करने वाली प्रियस नाजपांडे (गडकर) को प्रसार भारती ने दूरदर्शन ग्रेडेड आर्टिस्ट के लिये चुना गया है। प्रसार भारती की संध्या पुजारी, कार्यक्रम कार्यकारीं दूरदर्शन केन्द्र मुम्बई ने प्रियल नाजपांडे को सूचित किया है कि भविष्य के कार्यक्रमों के लिए उन्हें आमंत्रित किया जायेगा। प्रियल ने मुंबई के नालंदा नृत्य कला महाविद्यालय से मास्टर्स इन परफार्मिंग आर्टस (कथ्थक डांस) स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त की है। वह अब नागपुर से देश-विदेश के नृत्य शिष्यों को ऑनलाईन नृत्य की शिक्षा प्रदान कर रही है।

# आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर 2 में राष्ट्रीय वाद-विवाद में बने उपविजेता




**जबलपुर, देशबन्धु।** आर्मी पब्लिक स्कूल क्रमांक 2 के छात्रों ने दिल्ली में आयोजित हुई राष्ट्रीय अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता उपविजेता का खिताब जीता। ग्रुप में अभिनय खत्री, नित्या भिडे, आदित्य गगेन की टीम ने क्लस्टर लेवल से प्रतियोगिता में अव्वल आते हुए नेशनल लेवल तक संस्कारधानी का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में नित्या भिडे ने विषय के पक्ष में सर्वश्रेष्ठ वक्ता, आदित्य गगेन ने सर्वश्रेष्ठ प्रश्नकर्ता का स्थान पाया। छात्रों की इस उपलब्धि पर संस्था चेयरमैन ब्रिगेडियर राजेश शर्मा, प्राचार्या शीला पाण्डेय, विभागाध्यक्ष शैली पिल्लई, पिंकी चतुर्वेदी द्वारा सम्मानित किया गया।

# कर्मचारियों को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ दिया जाए: संघ

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी-कर्मचारी संगठन के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि राज्य सरकार द्वारा शुरू की गयी कैशलैस मेडिक्लेम सुविधा का लाभ न मिलने से कर्मचारियों ने फिर सिस्टम पर सवाल उठाए हैं। कर्मचारियों को इस सुविधा का लाभ देने के लिए वित्त विभाग को मेडिकल राशि का निर्धारण करना था, लेकिन इस विषय पर सरकार ने मोहर नहीं लग पाई और कर्मचारियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। संघ ने आगे बताया कि प्रदेश के कर्मचारियों के लिए शासन स्तर पर कैशलैस मेडिक्लेम की सुविधा के संबध में अभी तक किसी भी प्रकार के आदेश भी जारी नहीं हुए हैं। जिसकी वजह से गंभीर बीमारियों से पीड़ित कर्मचारी पैसों के अभाव में अपना इलाज नहीं करवा पा रहे है। कई कर्मचारी गंभीर बीमारियों के चलते जैसे हार्ट, किडनी, शुगर, केंसर, लकवा और भी कई गंभीर बीमारियों से ग्रस्त होकर अपना इलाज प्रायवेट हॉस्पिटल में कराने मजबूर हैं। कर्मचारियों ने कैशलैस उपचार योजना के लाभ न मिलने से अपना जी.पी.एफ का पैसा और पास में जोड़ा हुआ पूरा पैसा लगाने के बाद भी कमी पड़ने की वजह से साहूकारों से कर्ज लेकर अपना इलाज करवाते है। इन गंभीर बीमारियों का इलाज बहुत मंहगा होता है और इन सभी बीमारियों के लिए लाखों रूपये खर्च होते हैं, जिसकी वजह से प्रदेश के कर्मचारी कर्ज लेने मजबूर हो जाते हैं। जबकि कैशलेस मेडिकल इंश्योरेंस एक ऐसी पॉलिसी है, जिसमें पॉलिसी धारक को इलाज के लिए नगद भुगतान नहीं करना पड़ता है। बिलों के निपटारे के लिए अस्पताल और बीमा कंपनी के बीच सीधे अनुबंध हो जाता है, जबकि प्रदेश सरकार ने यह घोषणा की थी, कि कैशलेस उपचार योजना का लाभ प्रदेश के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी दिया जाएगा। परंतु सरकार के ढुलमुल रवैये के चलते आज तक प्रदेश के कर्मचारियों के लिए कैशलेस उपचार योजना, स्वास्थ्य बीमा योजना के लाभ का कोई आदेश जारी नही हुआ। जिसकी वजह से गंभीर बीमारियों से ग्रसित कर्मचारी अपनी जमा पूंजी इलाज के दौरान फूंकने के बाद कर्ज लेने मजबूर है। जियाउरहीम, दिनेश गौड़, हेमंत ठाकरे, राकेश श्रीवास, गुडविन चार्ल्स, रऊफ खान, एनोज विक्टर, राजकुमार यादव, अशोक परस्ते, धनराज पिल्ले , सुनील झारिया, उमेश सिंह ठाकुर, सुधीर अवधिया, सुधीर पावेल, अफरोज खान, संतोष चैरसिया, आर.पी.खनाल, एस.बी.रजक, प्रदीप पटेल, योगेश ठाकरे, विरेन्द्र श्रीवास, सुखराम विश्वकर्मा, गोपीशाह, आशाराम झारिया, विनोद सिंह, सुनील स्टीफन, सरीफ अंसारी, वसुमुद्दीन, मुन्नालाल कतिया, राजेश सहारिया, विनय रामजे, चैतन्य कुशरे, आशीष कोरी आदि ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि प्रदेश के कर्मचारियों के लिए कैशलेस उपचार योजना के आदेश जारी किये जाएं।

### कैशलैस मेडिक्लेम की सुविधा नहीं होने से कर्मचारी हो रहे परेशान

# निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्‌गति दे भगवान**

**श्री रामकंडेय तिवारी**- बावली लाइन पोलीपाथर ग्वारीघाट रोड निवासी श्री रामकंडेय तिवारी (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मनीष कुरील**- गोरखपुर आजाद चौक के पास कुरील मोहल्ला निवासी श्री चमन कुरील के पुत्र श्री मनीष कुरील (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री सुशील कुमार अवस्थी**- रानीपुर माली मोहल्ला मदनमहल निवासी श्री रमेश चंद्र अवस्थी के पुत्र श्री सुशील कुमार अवस्थी (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अभिषेक दाहिया**- लालमाटी बड़ी संतोषी माता मंदिर के पास निवासी श्री राम प्रसाद दाहिया के पुत्र श्री अभिषेक दाहिया (25) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजकुमार तिवारी**- सोनपुर सुंदरपुर निवासी श्री राजकुमार तिवारी (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रतन लाल कोरी**- सिंगल क्वाटर चांदमारी लालमाटी (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती ममता मलिक**- झामनदास चौक द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री श्याम मलिक की धर्मपत्नी श्रीमती ममता मलिक (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

## हाईवे पर ड्राइवर को आया नींद का झोंका, सड़क से उतरकर पलटा ट्रक

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 जबलपुर सिहोरा फोर लाइन सड़क मार्ग पर गांधीग्राम के आगे कुसनेर में शुक्रवार की रात्रि लगभग 2 बजे दस चक्का भारवाहक क्रमांक रूक्क 17, ॥॥,6641 के ड्राइवर को नींद का झोंका आने के पश्चात ट्रक लहराता हुआ पटरी के नीचे लगभग 10 फुट गहरी खाई में गिर गया। ट्रक में मक्का लोड था जो गोरखपुर से कटनी की ओर जा रहा था। चक्का ट्रक के पलटते ही उसके सभी पहिए ऊपर की ओर हो गए, मक्के से भरे बोरे चारों तरफ फेल गए, कई बोरे फटने से मक्का जमीन पर बिखर गए,धड़ाम की जोरदार आवाज सुनकर ग्राम कुशनेर के हाईवे के किनारे रहने वाले वाशिंदे उठकर देखने गए और ड्राइवर को सकुशल बाहर निकाला।

**हो सकती थी बड़ी दुर्घटना**–10 चक्का ट्रक अनियंत्रित होते हुए हाईवे फोर लाइन सड़क मार्ग की पटरी में जिस स्थान पर पलटा है उस स्थान के ठीक नजदीक परिवार भी रहते हैं यदि ट्रक एक दो बार और लुढ़कता तो कुछ घरों को तबाह कर देता। फिलहाल बड़ी दुर्घटना होने से टल गई।



## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**शहडोल, देशबन्धु।** सिंहपुर थाना क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर में ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। ट्रैक्टर की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल को जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार ब्रजेन्द्र पिता रामसुफल सिंह 45 वर्ष निवासी भमरहा सिंहपुर शाम करीब 6 बजे अपनी मोटरसाइकिल से शहडोल आ रहा था। इस दौरान फतेहपुर के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में युवक को गंभीर चोट आई। घटना के बाद लोग ने घायल युवक को जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दो दिन पहले ही सड़क हादसे में एक युवक की हुई थी मौत–जिले के ब्योहारी थाना क्षेत्र के चुंदी नाके के पास सड़क हादसों में एक बाइक चालक की सड़क दुर्घटना में मौत हुई थी। तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से बाइक सवार को ठोकर मारते हुए युवक को कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हुई थी।

## हरे-भरे पेड़ों पर चली कुल्हाड़ी

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** बंजारी माता मंदिर के बगल से बहने वाली करदही नदी के तट पर लगे अर्जुन, क्वाहा, बेर, इमली, गूलर एवं अन्य प्रजाति के पेड़ों को शरारती तत्वों ने काट दिया है! जिसके अवशेष अभी भी वहीं पड़े हुए हैं, इससे पर्यावरण प्रेमियों में रोष व्याप्त है, पर्यावरण प्रेमियों ने ऐसे शरारती तत्वों के ऊपर कारवाई करने की मांग करते हुए कहा है कि क्षेत्र में लकड़ी माफिया सक्रिय है।वर्तमान समय में रात्रि के समय त्रिरपाल व काली पन्नी ढांककर कूड़ा कंजई तिराहा गांधीग्राम, बरनू तिराहा से रात्रि के समय टेक्टर ट्रालियों में हरी भरी लकड़ियों का परिवहन धड़ल्ले से चल रहा है। माफिया किसानों के खेतों में लगे आम सहित अन्य हरे भरे पेड़ों का सौदा औने-पौने दामों पर करते हैं। पेड़ खरीदने के बाद किसानों के माध्यम से हरे भरे पेड़ को सूखा बताकर यत से अनुमति मिलने के बाद लकड़ियों को ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर आरा मशीन तक लाते हैं और इसे मंहगे दामों पर बेचते हैं। इसके बाद भी प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

## 11केवी व तीन फेस के तार में फाल्ट से नगर में छह घंटे गुल रही बिजली

**पाटन देशबन्धु।** बिजली विभाग की लापरवाही के चलते आज पाटन नगर वासियों को 6 घंटे बिजली उपलब्ध नहीं हो सकी जिसके कारण नगर के नागरिक और खासकर गुरु मोहल्ले के निवासी पीने के पानी के लिए तरस गए वही बिजली बंद होने की वजह से सुबह के समय मच्छरों के आतंक से नगर वासी परेशान दिखे।

गुरु मोहला निवासी देवराज सिंह ने बताया की सुबह करीब 5 बजे विद्युत फाल्ट होने के कारण पाटन की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई मच्छरों के आतंक के साथ ही घरों में बिजली न होने के कारण अधेरा छाया रहा वही नगर की पानी की सप्लाई भी प्रभावित हुई नगर के कई वार्डो में 12 बजे तक पानी उपलब्ध नहीं हुआ जिससे नगर के लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। नगर की माताओं ने बताया कि पानी न मिलने से भगवान को जल भी नही चढ़ाया और पूजा भी समय से नही हो सकी जिसके कारण नगर की महिलाओ में निकाय एवं बिजली विभाग के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त है।



### इनका कहना है

सुबह बिजली फाल्ट होने की वजह से तीनो फेस के बिजली एलटी तार टूट गए जिससे मदार छल्ला एवं कटरा मोहल्ले में बिजली व्यवस्था बाधित रही और 11 केवी के तार में भी फाल्ट आने से विद्युत व्यवस्था पूरी तरह बंद रही। लाइन मेन के सुबह आने पर विद्युत सुधार कार्य किया गया तब जाकर कही नगर की बिजली व्यवस्था सुचारू रूप से चालू हुई।

**दर्शिका डमफारे, जेई,** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड पाटन

## सार-समाचार



### अयोध्या राम मंदिर से आए पूजित अक्षत कलश की शोभायात्रा आज

**पाटन, देशबन्धु।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ एवं नगर भाजपा जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया है। हिन्दू सगठनों से मिली जानकारी के अनुसार अयोध्या जी से आए श्री राम चंद्रजी के पूजित अक्षत कलस की शोभायात्रा ओमकार नामदेव स्कूल से रविवार दोपहर 2 बजे निकलना प्रस्तावित है जिसकी तैयारियों को लेकर आज शाम नगर के हिन्दू सगठनों के द्वारा नगर में जनसंपर्क किया है। इस दौरान घर-घर जाकर सभी हिन्दू परिवारों से मिलकर उनसे आग्रह किया गया की कल दोपहर दो बजे निकलने वाली शोभयात्रा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर श्री राम चंद्रजी के पूजित अक्षत कलस की शोभायात्रा को भव्य स्वरूप प्रदान करे वही पूजित अक्षत कलस को नगर के विभिन्न मंदिरों में पूजन एवं दर्शन के लिए रखा जाएगा। हिंदुओ के आराध्य देव श्री राम आयोध्या में विराजमान होने जा रहे है। यह हर सनातनी के लिए गौरव की बात है। यह कलस 17 दिसंबर से 22 दिसंबर तक नगर के विभिन्न मंदिरों में पूजन और दर्शन करने रखे जाएंगे।

### सतेन्द्र सिंह हत्याकांड के दो दोषियों को आजीवन कारावास, दस हजार अर्थदंड

**पाटन, देशबन्धु।** श्रीमान विवेक कुमार अपर सत्र न्यायाधीश पाटन के द्वारा दिन दहाड़े बीच बाजार में नृशंस हत्या के आरोपियों को दोषी पाए जाने पर अभियुक्तगणो को आजीवन कारावास की सजा से दण्डित किया।

पाटन थानांतर्गत टिमरी गांव के सतेन्द्र सिंह ठाकुर दिनांक 16/04/2019 को समय 4 से 5 बजे के बीच में बाईक मिस्त्री नानू भाईजान के यहां बाईक रिपेयरिंग करा रहे थे तभी मिस्त्री की लेवर पेमेंट को लेकर दोनों में वाद विवाद हो गया तभी नानू ने सत्तू को डण्डा मारा तथा बाबा ने दुकान में रखा पाना मार दिया जिससे सत्तू को सिर मे गंभीर चोटे आई तभी आस पास के लोग घायल को पाटन सरकारी अस्पताल लेकर आए वहां से घायल को जबलपुर रैफर किये जाने पर सत्तू को मेट्रो अस्पताल इलाज के लिए भर्ती किया गया वही घायल के पिता की सूचना पर अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया सतेन्द्र की मृत्यु हो जाने पर धारा 302 भा0द0वि0 बढ़ायी गई। विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया उपसंचालक(अभियोजन) श्री विजय कुमार उइके एवं जिला अभियोजन अधिकारी श्री अजय जैन के मार्गदर्शन में अभियोजन की ओर से संदीप जैन विशेष लोक अभियोजक के द्वारा मामले में सशक्त पैरवी की गई।



### रेत से भरा ओवरलोड हाइवा पलटा, बड़ा हादसा टला

**दमोह, देशबन्धु।** चंडी जी मंदिर हटा के सामने रेत का ओवरलोड हाइवा बीच सड़क पर पलटा। गनीमत रही कि बड़ा हादसा नहीं हुआ । प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह एक रेत का हाइवा अनलोड होने चंडी जी मंदिर के सामने पहुंचा जैसे ही हाइवा सड़क किनारे बड़ी नाली को पर पहुंचा तो ओवरलोड होने की वजह से वह नाली में जा धंसा और पलट गया पूरी रेत सड़क पर जा गिरी। यहां बता दें कि प्रतिदिन रेत के ओवरलोड वाहन शहर में अनलोड होते हैं और गंभीर हादसों का खतरा बना रहता है पर प्रशासन बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है।

## चार ट्रैक्टर अवैध परिवहन के दौरान जब्त

**मंडला, देशबन्धु।** खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम हेतु मध्यप्रदेश शासन खनिज साधन विभाग से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में कलेक्टर के निर्देशानुसार खनिज विभाग मण्डला द्वारा खनिजो के अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन तथा अवैध भण्डारण के विरुद्ध सतत् रूप से कार्यवाहियां की जा रही हैं।




इसी परिप्रेक्ष्य में खनिज रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त वाहन एमपी 51 एबी 0709 को ग्राम चौगान तहसील घुघरी, ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 51 एबी 2550 तथा एमपी 51 एबी 0187 को ग्राम बिछिया एवं न्यू हॉलेन्ड ट्रेक्टर बिना नंबर को ग्राम पोड़ी तहसील मण्डला में खनिज विभाग द्वारा जब्त किया गया। इस प्रकार खनिज विभाग द्वारा कुल चार ट्रेक्टर अवैध परिवहन के दौरान जब्त किये गये। अवैध परिवहन में संलिप्त उक्त वाहनों को जब्त कर शासकीय अभिरक्षा में संबंधित थाना मण्डला, महाराजपुर तथा बिछिया की सुपुर्दगी में दिया गया। उक्त वाहन के विरूध म0प्र0 खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत् प्रकरण दर्ज कर कलेक्टर न्यायालय प्रेषित किया जा रहा है।

## रेस्क्यू के कुछ ही घंटे बाद खूंखार भालू की मौत

### रैबीज नामक बीमारी की आशंका

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया पार्क प्रबंधन को करीब तीन दिन से नाक में दम किए खूंखार भालू की अंततः शुक्रवार देर रात मौत हो गई। मौत के क्या कारण हैं, फिलहाल स्पष्ट नहीं है। लेकिन लक्षण के दृष्टिगत खूंखार भालू रेबीज नामक बीमारी से ग्रसित रहा है, जिस वजह से हाल के दिनों में उसका व्यवहार आक्रामक बना रहा।

बता दें कि इसी आक्रामकता की वजह से ग्राम गुरुवाही की शकुंतला बाई पर हमला कर मौत की नींद सुला दिया था। इसके अलावा महिला को बचाने गए सरपंच सहित कई स्थानीय लोगों को गंभीर रूप से जख्मी भी किया था। मृत भालू का शरीर कई जगह चोटिल भी रहा है।

सूत्रों की माने तो गले में सूजन, पैर में घाव समेत शरीर के कई हिस्सों में जख्म रहे हैं। पशु विशेषज्ञों की माने तो वन्यप्राणी भालू शर्मीले स्वभाव का होता है, पर गुरुवाही बीट में रेस्क्यू कर कब्जे में लिया गया। खूंखार भालू आक्रामक स्वभाव का हो गया था, जिस वजह से प्राथमिक दृष्ट्या रेबीज नामक बीमारी के लक्षण लक्षित होते हैं। हालांकि, सैंपलिंग ली गई है, रिपोर्ट आने पर मौत के कारण और स्पष्ट हो सकेंगे।

सूत्रों की माने तो रेस्क्यू के बाद ताला कैम्प्स में लाए गए खूंखार भालू का इलाज पशु चिकित्सक डॉ काजल जाधव कर रही थी। भालू की मौत के बाद इस मामले में यह भी बड़ा सवाल है कि भालू हमले में घायल लोगों को रेबीज बीमारी से जुड़ा इलाज किया गया है या नहीं। दरअसल, भालू, कुत्ते, लोमड़ी, सियार समेत कई जानवरों में रेबीज वायरस होने की आशंका होती है। इन परिस्थितियों में संक्रमित जानवरों के काटने से इंसानों में वायरस का प्रसार होने की संभावना बनी रहती है। इंसानों में इसका प्रभाव कई साल या कुछ महीनों में हो सकता है। भालू ने रेस्क्यू के दौरान हाथी पर भी हमला किया था, जिसे बाद में एंटीरेबीज इंजेक्शन दिया गया था।



## सड़क हादसे में दो युवकों की मौत



**कुम्हारी, देशबन्धु।** कुम्हारी से रीठी कठोतिया जिला कटनी जा रहे बाइक युवक जो खड़ी अनाज की टार्ली भिड़े मौके पर रीठी पुलिस द्वारा सूचना दी गई वही युवक थाना कुम्हारी के चीलघाट गाता टपरिया आदिवासी परिवार से राहुल आदिवासी 24 वर्ष रज्जू आदिवासी 19 वर्ष की मौत हुई सड़क घटना में इनके शव रीठी समुदायिक स्वस्थ केंद्र में जहाँ परिजनों को सूचना मिली लेने गये वही रवि आदिवासी जो कि घायल अवस्थाएं बताया गया गांव पटना सरपंच प्रतिनिधि लटोरी यादव परिजनों के सहयोगी बने मामले को लेकर रीठी पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## सात साल से मेडिकल ऑफीसर के भरोसे डायलिसिस यूनिट अस्पताल में पांच मशीनें, फिर भी नहीं मिल पा रहा इलाज

**डिंडोरी, देशबन्धु।** जिला अस्पताल में डायलिसिस यूनिट स्थापित हुए करीब सात साल हो चुके हैं। लेकिन अभी तक स्वास्थ्य विभाग ने नेफरोलाजिस्ट कि नियुक्ति नहीं की है। पहले अस्पताल में दो डायलीसिस मशीनें थी। जिसे बढ़ाकर अब पांच मशीनें कर दी गई है। जिसके कारण अब मरीजों को डायलिसिस कराने में इंतजार नहीं करना पड़ता है। जानकारी के मुताबिक यहां डायलिसिस दो शिफ्टों में कि जाती हैं और रोजाना चार से पांच मरीजों का प्रतिदिन डायलीसिस किया जाता है।

**मरीजों को होती है परेशानी**–जानकारी के मुताबिक जिला अस्पताल में डायलिसिस यूनिट कि स्थापना के बाद से अब तक नेफरोलाजिस्ट की पदस्थापना नहीं हो सकी है। जिसके कारण जिला अस्पताल में पदस्थ मेडिकल आफिसर डॉक्टर सुरेश मरावी को ट्रेनिंग देकर इसकी जिम्मेदारी दी गई है। यहां उन्हीं के माध्यम से हर रोज मरीजों का डायलिसिस किया जा रहा है। जिला अस्पताल स्थित डायलीसिस यूनिट निजी कंपनी के माध्यम से संचालित की जा रही है। इसमे एक टेक्निशियन और दो नर्स हैं जो कंपनी के अंडर में कार्यरत हैं।



इसके आलावा दो स्टाप स्वास्थ विभाग के हैं जिन्हें ट्रेनिंग दी गई है बाकी का सारा देखरेख और संचालन कंपनी के माध्यम से किया जा रहा है। विशेषज्ञों की भर्ती होने से मरीजों को इसका और लाभ मिलने लगेगा। यूनिट कि स्थापना से लेकर अब तक जिले भर से 6530 मरीज रजिस्टर्ड हो चुके हैं। वहीं इस माह 14 मरीजों का डायलिसिस किया जा रहा है।

## सूने घर से पार किए सोने-चांदी के जेवर सहित नकदी

### वरिष्ठ पत्रकार मुकेश वाहने के ग्राम सिकंदरा स्थित घर में चोरों का धावा

**वारासिवनी, देशबन्धु।** नगर से लगे ग्राम पंचायत सिकंदरा स्थित वरिष्ठ पत्रकार मुकेश वाहने के मकान में 14 से 15 दिसंबर की दरम्यिानी रात में अज्ञात चोरों के द्वारा सूने मकान में चोरी की वारदात कर सोने चांदी के जेवरात सहित नगद रूपयों पर हाथ साफ किया गया। जानकारी लगते ही पुलिस अमला घटना स्थल पर पहुचकर मामले की तफ्तीष मे जुटा ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार घर मालिक मुकेश वाहने जबलपुर में निवास करते हैं उनकी पत्नी अरुणा वाहने कटनी के जीआर पी एफथाना प्रभारी के रूप में पदस्थ है।

उक्त मकान में मुकेश वाहने की माता जी निवास करती है जो वर्तमान में अपने बेटे मुकेश वाहने के पास जबलपुर गई हुई है यह मकान खाली था। इसी मकान के पीछे वाहने के भांजे दिलीप भीमटे निवास करते हैं जिन्हें चाबी देकर घर में लाईट जलाने और बंद करने के लिये कहा गया था जो प्रतिदिन की तरह 14 दिसंबर की शाम में मकान की लाईट चालू कर ताला लगाकर घर चले गये थे। जो 15 दिसम्बर की सुबह मकान की लाईट बंद करने के लिये आये तो देखा कि मुख्य दरवाजे के ताले को तोडने का प्रयास किया गया परंतु वह टूटा नहीं जिसे खोलकर वहां अंदर गये तो कमरों का सामान बिखरा पड़ा था, जिसकी जानकारी उनके द्वारा तत्काल अपने मामा मुकेश वाहने को दी गई जिन्होंने पुलिस को सूचना दी



मामले में तत्काल थाना प्रभारी शंकरसिंह चौहान और एसडीओपी वारासिवनी अभिषेक चौधरी ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। जिसमें फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट एवं डॉग स्कॉर्ट के द्वारा बारीकी से जांच की गई।

इसमें अनुमान लगाया जा रहा है कि इसमें अज्ञात चोरों के द्वारा बालकनी में चढक़र ऊपर का दरवाजा तोडक़र घर के अंदर प्रवेश किया गया और सभी कमरों की जांच कर अलमारी में रखें सोने के कंगन दो जोड़ी, मंगलसूत्र का पेंडल, एक नग सोने की चैन 4 नग अन्य सोने व चांदी के जेवरात सहित श्री वाहने की मम्मी जो बीते 8 वर्ष से गुल्लक में रुपये जमा कर रही थी जो तकरीबन डेढ़ लाख से अधिक रुपये बताया जा रहा है इस प्रकार अज्ञात चोरों के द्वारा सोने चांदी के जेवराज सहित नगदी रुपये की चोरी की गई है। जिसमें मकान मालिकों के द्वारा करीब 5 लाख रुपए का आर्थिक नुकसान की बात कही जा रही है। उक्त संबंध में समाचार लिखे जाने तक रिपोर्ट दर्ज नहीं करवायी गई है।

**इनका कहना है** –चोरी की वारदात की सूचना मिलने पर में और थाना प्रभारी के ने मौका निरीक्षण किया गया है। घटना की जांच डॉग स्क्रायड एवं फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट से करवाई गई है। मामले को विवेचना में लिया गया है जिसमें जांच की जा रही है।

## दिनदहाड़े दो बदमाश छात्रा से मोबाइल छीन कर भागे

**सतना, देशबन्धु।** कोलगवां थाना से चंद कदमों की दूरी पर मोटर साइकिल सवार दो बदमाश दिनदहाड़े एक छात्रा के हाथ से मोबाइल छीनकर भाग गए। शनिवार को इस वारदात की लिखित रिपोर्ट थाना में की गई है। छात्रा के साथ हुई इस गंभीर घटना ने महिला सुरक्षा पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।



दूसरी ओर शहर में बढ़ रहे अपराध और अपराधियों के हौसले देख कानून व्यवस्था कटघरे में है। एकेएस यूनिवर्सिटी में पढने वाली छात्रा शिवानी सिंह निवासी उतैली ने शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि वह घर से कालेज जाने के लए निकली थी। कॉलेज जा रही थी तभी उसकी मां का फोन मोबाइल पर आया और जैसे ही जेब से मोबाइल निकाल कर बात करने लगी तभी बाइक सवार दो युवक आए मोबाइल छीन कर भाग निकले। जिस बाइक से बदमाश थे, उसमें नंबर नहीं था। रिपोर्ट होने के बाद पुलिस सीसीटीवी कैमरों का फुटेज जांचते हुए आस पास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

## गाजा में युद्ध जल्द खत्म करने के लिए निरंतर प्रयास करता है चीन : चीनी प्रतिनिधि

**बीजिंग, ( आईएएनएस )।** संयुक्त राष्ट्र स्थित चीन के स्थाई प्रतिनिधि चांग जून ने शुक्रवार को कहा कि फ़िलिस्तीनी मुद्दा मानव विवेक की एक पूछताछ है, और गाजा पट्टी में संघर्ष संयुक्त राष्ट्र की भूमिका की परीक्षा है। चीन अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ मिलकर शांति बहाल करने और लोगों की जान बचाने के लिए काम करेगा, गाजा पट्टी में युद्ध को जल्द से जल्द खत्म करने, दो-राज्य समाधान को लागू करने और मध्य पूर्व में स्थायी शांति प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करेगा। चांग जून ने फिलिस्तीन-इज़रायल मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र महासभा के आपातकालीन विशेष सत्र में कहा कि चीन 12 तारीख को संयुक्त राष्ट्र महासभा के आपातकालीन विशेष सत्र द्वारा पारित प्रस्ताव का स्वागत करता है, जिसमें गाजा पट्टी में मानवीय युद्धविराम को तत्काल साकार करने का आह्वान किया गया है। इस प्रस्ताव को 104 देशों ने सह-प्रायोजित किया था और चीन ने भी सह-प्रायोजन में भाग लिया और पक्ष में मतदान किया।

# अगर अमेरिकी सहायता नहीं पहुंची तो यूक्रेन की हार तय



**वाशिंगटन, ( आईएएनएस )।** अमेरिका और यूरोपीय देशों को डर है कि अगर अमेरिकी कांग्रेस में सहायता पैकेज देने में देरी होती रही तो यूक्रेन की रूस के हाथों हार तय है।

उनका अनुमान है कि इस विवाद का यूक्रेन की रक्षा और दीर्घकालिक संभावनाओं पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। सीएनएन ने एक वरिष्ठ अमेरिकी सैन्य अधिकारी के हवाले से कहा, हमारे साथ रहने पर सफलता की कोई गारंटी नहीं है, लेकिन हमारे बिना उनका फेल होना तय है। यूक्रेन के लिए इस रुकी हुई सैन्य सहायता के केंद्र में यूक्रेन के पूर्व और दक्षिण में चल रहे जवाबी हमले का प्रभाव है, जहां इसकी सेना महत्वपूर्ण प्रगति करने के लिए संघर्ष कर रही है। एक यूरोपीय राजनयिक ने कहा, अगर आगे के क्षेत्र को लेने और उस पर कब्ज़ा करने पर विचार किया जाए, तो यह देखना कठिन है कि निरंतर अमेरिकी समर्थन के बिना यह कैसे सफल हो सकता है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की वाशिंगटन पहुंचे और राष्ट्रपति जो बाइडेन, स्पीकर माइक जॉनसन और शीर्ष सीनेटरों और कांग्रेसियों से मुलाकात की और अपने देश को सहायता जारी रखने के लिए प्रयास किया।

उन्होंने सहायता जारी रखने के लिए सीनेट को संबोधित भी किया। रिपब्लिकन कट्टरपंथियों ने बाइडेन के 100 बिलियन डॉलर के संयुक्त सैन्य और मानवीय इज़राइल-यूक्रेन सहायता पैकेज को रोक दिया है, जिसमें इज़राइल को 16 बिलियन डॉलर और यूक्रेन को 61 बिलियन डॉलर की सहायता को नामंजूर करते हुए कहा गया कि धन को अमेरिका के दक्षिणी सीमा पर बेहतर ढंग से लगाया जा सकता है जहां वेनेजुएला और मैक्सिको से अवैध प्रवासियों की भारी आमद है। अधिकारियों को डर है कि यूक्रेन को अमेरिकी समर्थन में कमी या देरी से उसके सहयोगियों से मिलने वाली सहायता पर भी असर पड़ेगा। शुक्रवार को यूक्रेन को एक बड़ा झटका तब लगा जब हंगरी ने यूरोपीय संघ की आगे की सहायता रोक दी, हालांकि इस मुद्दे पर बातचीत जनवरी में फिर से शुरू होने की उम्मीद है।

खुफिया एजेंसियां फिलहाल इस बात का आकलन कर रही हैं कि अमेरिका और नाटो की मदद के बिना रूस को कितने समय तक यूक्रेन रोके रख सकता है। एक वरिष्ठ अमेरिकी सैन्य अधिकारी ने भविष्यवाणी की है कि यूक्रेन की हार आने वाले महीनों में तय है। रूस की जीत न केवल यूक्रेन के लिए बुरी खबर होगी, बल्कि यह व्यापक यूरोपीय सुरक्षा के लिए अमेरिका के लिए भी एक बड़ा झटका होगी।

## आज का इतिहास

1556–बादशाह अकबर के दरबार के प्रसिद्ध कवि रहीम का जन्म।
1645–मुग़ल सम्राट जहांगीर की पत्नी नूरजहां बेगम का निधन।
1803–ईस्ट इंडिया कंपनी ने उड़ीसा पर क़ब्ज़ा किया।
1902–इटली के प्रसिद्ध अविष्कारक मार्कोनी ने पहला रेडियो स्टेशन बनाया।
1907–उग्येन वांगचुक भूटान के पहले वंशानुगत राजा बने।
1920–राजस्थान के भूतपूर्व सातवें मुख्यमंत्री हरिदेव जोशी का जन्म।
1925–तत्कालीन सोवियत संघ और तुर्की ने एक दूसरे पर हमला न करने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किये।
1927–भारत के अमर शहीद प्रसिद्ध क्रांतिकारियों में से एक राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी का निधन।
1929–महान क्रांतिकारी भगत सिंह और राजगुरू ने अंग्रेज़ पुलिस अधिकारी सांडर्स को गोली मारी।
1931–भारत के इतिहास में इस दिन प्रोफेसर प्रशान्त चन्द्र महालनोबिस का सपना साकार हुआ और कोलकाता में 'भारतीय सांख्यिकी संस्थान' की स्थापना हुई।
1933–भारत के दिग्गज क्रिकेटर लाला अमरनाथ ने अपने पदार्पण टेस्ट मैच में ही 118 रनों की बेहतरीन पारी खेली।
1940–महात्मा गांधी ने व्यक्तिगत सत्याग्रह आंदोलन स्थगित किया।

## ईरान ने मोसाद के जासूस को दी फांसी!

**तेल अवीव, (आईएएनएस)।** ईरानी सरकार ने शनिवार को घोषणा की कि उसने सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत में इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद के लिए जासूसी करने वाले एक व्यक्ति को फांसी दे दी है। जनसंपर्क विभाग ने एक बयान में कहा कि व्यक्ति वर्गीकृत क्लासिफाइड जानकारी एकत्र कर रहा था और व्यवस्था को बाधित करने के उद्देश्य से मोसाद को जानकारी प्रदान कर रहा था। उसे शनिवार की सुबह ज़ाहेदान जेल में फाँसी दी गई। ईरान बार-बार शिकायत करता रहा है कि मोसाद देश में सक्रिय है। हाल ही में आईएएनएस के एक साक्षात्कार में मोसाद के अधिकारी मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) येर रविद ने कहा कि खुफिया सेवा ईरान के काफी अंदर तक थी।

## अमेरिका में बेघर लोगों की संख्या रिकॉर्ड ऊंचाई पर

**वाशिंगटन, (आईएएनएस)।** एक नई सरकारी रिपोर्ट से पता चला है कि अमेरिका में बेघर लोगों की संख्या 12 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने शुक्रवार को आवास और शहरी विकास विभाग द्वारा जारी रिपोर्ट के हवाले से बताया कि जनवरी में देश भर में लगभग 653,000 लोग बेघर हो गए। यह एक वर्ष पहले की तुलना में 70,650 अधिक है और 2007 में सर्वेक्षण शुरू होने के बाद से सबसे अधिक संख्या है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अफ्रीकी-अमेरिकी अमेरिकी आबादी का 13 प्रतिशत हैं, लेकिन कुल बेघरों का 37 प्रतिशत हैं। इसमें कहा गया है कि बेघर होने में सबसे बड़ा उछाल हिस्पैनिक लोगों में था, जो 2022 से 2023 तक 28 प्रतिशत थी। पारिवारिक बेघरता में भी 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 2012 के बाद से गिरावट की प्रवृत्ति को उलट रही है। अमेरिका में बेघर होने के संकट के पीछे बढ़ते किराए और कोरोनोवायरस महामारी सहायता में गिरावट प्रमुख कारकों में से एक है।

## अमेरिका में इस मौसम में फ्लू से 2,300 से अधिक मौतें

**लॉस एंजिल्स, (आईएएनएस)।** रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) द्वारा शुक्रवार को जारी नवीनतम अनुमानों के अनुसार, अमेरिका में इस सीजन में अब तक फ्लू से कम से कम 2,300 मौतें हुई हैं। . शिनहुआ समाचार एजेंसी ने सीडीसी की साप्ताहिक समीक्षा का हवाला देते हुए बताया कि देश के अधिकांश हिस्सों में मौसमी इन्फ्लूएंजा गतिविधि बढ़ी है। देश के दक्षिण-पूर्व, दक्षिण-मध्य और पश्चिमी तट क्षेत्रों में गतिविधि के उच्चतम स्तर की रिपोर्ट की गई है। साप्ताहिक फ़्लू अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या में वृद्धि जारी रही। सीडीसी के अनुसार, 9 दिसंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान इन्फ्लूएंजा से संबंधित दो बाल मृत्यु की सूचना मिली, इससे 2023-2024 सीज़न में कुल 14 बाल मृत्यु हो गईं। सीडीसी अनुशंसा करता है कि 6 महीने और उससे अधिक उम्र के सभी लोगों को वार्षिक फ्लू का टीका लगवाना चाहिए।

## यूक्रेन में ग्रेनेड विस्फोट में 26 लोग घायल

**कीव, (आईएएनएस)।** यूक्रेन के पश्चिमी जकारपट्टिया क्षेत्र में ग्राम परिषद की इमारत में किए गए ग्रेनेड विस्फोट में कम से कम 26 लोग घायल हो गए। राष्ट्रीय पुलिस ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने पुलिस के एक टेलीग्राम पोस्ट का हवाला देते हुए बताया कि यह घटना शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 11=37 बजे केरेत्स्की गांव में परिषद की बैठक के दौरान हुई। घायलों में से छह को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया के अनुसार, हमले के पीछे हमलावर और केरेत्स्की क्षेत्रीय समुदाय के प्रमुख के बीच संघर्ष था।

# बाइडेन प्रशासन ने भारतीय-अमेरिकी सांसदों को दी निखिल गुप्ता के बारे में जानकारी



**वाशिंगटन, आईएएनएस )।** अमेरिका में एक सिख अलगाववादी नेता की हत्या की नाकाम कोशिश में शामिल होने के आरोपी भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता के अभियोग पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन द्वारा भारतीय-अमेरिकी कांग्रेसियों को जानकारी दी गई।

एक बयान जारी करते हुए, पांच सांसदों – अमी बेरा, श्री थानेदार, राजा कृष्णमूर्ति, प्रमिला जयपाल और रो खन्ना ने गुप्ता के अभियोग पर जानकारी प्रदान करने के प्रशासन के कदम की सराहना की। उन्होंने बयान में कहा, हम न्याय विभाग द्वारा निखिल गुप्ता के अभियोग पर जानकारी प्रदान करने वाले प्रशासन की सराहना करते हैं, जिसमें आरोप लगाया गया है कि भारत सरकार का एक अधिकारी एक अमेरिकी नागरिक की हत्या की साजिश में शामिल था। कांग्रेस के सदस्यों के रूप में, हमारे घटकों की सुरक्षा और भलाई हमारी सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकता है। अभियोग में लगाए गए आरोप बेहद चिंताजनक हैं। सांसदों ने हत्या की साजिश की पूरी जांच के लिए एक जांच समिति की घोषणा करने के भारत के प्रयासों का भी स्वागत किया। उन्होंने कहा, यह महत्वपूर्ण है कि भारत पूरी तरह से जांच करे, भारत सरकार के अधिकारियों सहित जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह बनाए और आश्वासन दे कि ऐसा दोबारा नहीं होगा।

नई दिल्ली ने हत्या की साजिश के आरोप में एक भारतीय व्यक्ति को अमेरिका द्वारा दोषी ठहराए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त की थी और कहा था कि यह चिंता का विषय है और सरकारी नीति के विपरीत भी है।

सांसदों ने आगे कहा कि मामले को उचित रूप से हल करने में विफल रहने से वर्षों से मजबूत हुए द्विपक्षीय संबंधों में गिरावट आने की संभावना है। बयान में कहा गया है,हम मानते हैं कि अमेरिका–भारत साझेदारी ने हमारे दोनों लोगों के जीवन पर सार्थक प्रभाव डाला है, लेकिन हमें चिंता है कि यदि अभियोग में उल्लिखित कार्रवाइयों को उचित रूप से संबोधित नहीं किया गया, तो इस परिणामी साझेदारी को महत्वपूर्ण नुकसान हो सकता है। अमेरिकी अभियोजकों ने कथित तौर पर एक भारतीय सरकारी कर्मचारी की ओर से अमेरिकी नागरिक गुरपतवंत सिंह पन्नून की हत्या की नाकाम साजिश में शामिल होने के लिए 52 वर्षीय गुप्ता के खिलाफ हत्या के आरोप की घोषणा की है। न्यूयॉर्क में रह रहा पन्नून भारत में एक नामित आतंकवादी है और प्रतिबंधित खालिस्तान समूह, सिख फॉर जस्टिस का कानूनी सलाहकार है। प्राग की एक जेल में बंद गुप्ता को प्रत्यर्पण संधि के तहत अमेरिका के अनुरोध के जवाब में चेक अधिकारियों ने 30 जून को गिरफ्तार किया था। किराये के बदले हत्या और साजिश के आरोप में दोषी पाए जाने पर उसे 20 साल की जेल की सजा का सामना करना पड़ेगा। अमेरिका ने भारत सरकार के एक कर्मचारी पर भी आरोप लगाया है, जिसकी पहचान फिलहाल गुप्त रखी गई है। अमेरिका में इस मौसम में फ्लू से 2,300 से अधिक मौतें

# मध्यस्थता वार्ता के लिए मोसाद प्रमुख के यूरोप में कतर के प्रधानमंत्री से मिलने की उम्मीद

**तेल अवीव, ( आईएएनएस ) ।** मोसाद प्रमुख डेविड बार्निया के इस सप्ताह के अंत में यूरोप में कतर के प्रधान मंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल थानी से मुलाकात करने की उम्मीद है, ताकि गाजा में हमास द्वारा बंधक बनाए गए बंधकों को रिहा करने के समझौते के लिए जारी बातचीत पर चर्चा की जा सके।



एक दिसंबर को गाजा में सप्ताह भर के युद्धविराम के टूटने के बाद यह पहली बार होगा कि इजरायल के एक वरिष्ठ अधिकारी और कतर के अधिकारी के बीच बैठक होगी। 58 वर्षीय बार्निया, जो जून 2021 को इज़राइल की विदेशी खुफिया सेवा के निदेशक बने, पहले कतर के साथ एक प्रमुख वार्ताकार थे, इसके कारण 24 -30.नवंबर के बीच हुए मानवीय युद्ध विराम के दौरान 86 इज़राइली और 24 विदेशी बंधकों को रिहा किया गया था।

शनिवार का घटनाक्रम उस खबर के कुछ ही दिन बाद आया है कि इजरायली सरकार ने संभावित दूसरे बंधक रिहाई सौदे पर बातचीत फिर से शुरू करने के लिए मोसाद प्रमुख की कतर की योजनाबद्ध यात्रा रद्द कर दी थी।

लेकिन गाजा से अपने प्रियजनों की वापसी के लिए बंधकों के परिवारों के तीव्र दबाव के बाद प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के युद्ध मंत्रिमंडल ने अब बार्निया की यात्रा को आगे बढ़ा दिया है। इस महीने की शुरुआत में दोहा में हो रही बंधक वार्ता टूटने के बाद से औपचारिक बातचीत फिर से शुरू नहीं हुई है। 7 अक्टूबर को इज़राइल पर हमास के हमले के दौरान लगभग 240 लोगों को बंधक बना लिया गया था।

# इज़राइल ने राहत सामग्री पहुंचाने को गाजा में क्रॉसिंग को फिर से खोलने की दी मंजूरी



**जेरूसलम, ( आईएएनएस )।** इजराइल ने इजराइल और गाजा पट्टी के बीच केरेम शालोम क्रॉसिंग के माध्यम से गाजा में मानवीय सहायता के प्रवेश को मंजूरी दे दी है। इजराइल के प्रधान मंत्री कार्यालय ने यह घोषणा की है। बंधक रिहाई समझौते के तहत इज़राइल ने गाजा में नागरिक आबादी के लिए मिस्र से प्रति दिन 200 ट्रक भोजन और मानवीय सहायता पहुंचाने के प्रति प्रतिबद्ध प्रकट किया।

बयान में कहा गया है कि राफा क्रॉसिंग की क्षमता प्रति दिन केवल 100 ट्रकों की है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, केरेम शालोम क्रॉसिंग पर इजरायली सुरक्षा जांच हो रही है। बयान के अनुसार, शुक्रवार तक, इन ट्रकों को राफा क्रॉसिंग पर लौटना है। इसमें कहा गया है कि समझौते की शर्तों का पालन करने के लिए, इजरायली कैबिनेट ने शुक्रवार को राफा क्रॉसिंग पर लौटने के बजाय केरेम शालोम क्रॉसिंग के गाजा की ओर ट्रकों को जाने के लिए एक अस्थायी उपाय को मंजूरी दे दी। बयान में जोर देकर कहा गया कि कैबिनेट का निर्णय यह निर्धारित करता है कि केवल मिस्र से आने वाली मानवीय सहायता को इस तरह से गाजा पट्टी में स्थानांतरित किया जाएगा।

## सुडोकू 6408


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | | | | | | 3 | |
| | | 1 | 3 | | 8 | | | |
| | | 8 | | | | 7 | | |
| | 1 | 2 | 6 | | | | 8 | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 3 | 9 | | | | 7 | 2 | 1 | |
| | | 3 | | | | 1 | | |
| | | | 5 | | 3 | 4 | | |
| | 2 | | | | | | 9 | 3 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6408



**बायें से दायें:–**

१. ठगी,धोखेबाजी, धूर्तता
३. दीवारों पर बना चित्र
५. उम्मीद,चाह, इच्छा
६. जहरीला
७. मुठभेड़, भिड़त
९. देखने की क्रिया, दीदार
१०. मद्य निर्माण शाला
१२. मुखिया, प्रमुख
१३. श्रेष्ठ, उत्तम
१४. निरस्त करना, रद्द होना
१६. भरा–पूरा, संपन्न
१८. रसीला
२०. लाल कमल, चांदी, विष्णु, कपूर
२१. परिवर्तित करना
२३. एकाएक, सहसा ( उर्दू)

**ऊपर से नीचे:–**

१. जिस पर असर पड़ा हो
२. जिसो खुशामद पसंद हो
३. भीख मांगते हुए घूमना
४. चित्रकार
५. आय
८. जिसने किसी से कोई वादा कर रखा हो
१०. इज्जत, सम्मान
११. वस्त्र
१२. कोशिश
१३. बहरा
१४. जिस पर कोई नियंत्रण, अंकुश या दबाव न हो
१५. संवेदनशील, भावुक
१७. कमल
१८. अभिप्राय, उद्देश्य, हेतु ( उर्दू)
१९. सीख, अभ्यास, पाठ, पुस्तक का उतना अंश जितना एक दिन में गुरु से पढ़ा जाए ( उर्दू)
२२. तबाह, बरबाद, अंत

### वर्ग पहेली–6407

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ दो | ष | २ वे | च | ३ क | ■ | ४ वि | लं | ५ ब | न |
| प | ■ | त | ■ | ६ म | री | चि | ■ | टो | ■ |
| ७ ह | न | न | ■ | ला | ■ | ८ त्र | पा | ही | ९ न |
| र | ■ | मा | ■ | १० स | म | ता | ■ | ■ | क्शा |
| ■ | ११ अ | म | १२ श | न | ■ | ■ | १३ प्र | धा | न |
| ■ | र्ज | ■ | वा | ■ | १४ सु | ल | भा | ■ | वी |
| १५ बे | न | १६ का | ब | ■ | गं | ■ | १७ त | १८ म | स |
| न | ■ | लो | ■ | १९ अ | ध | २० र | ■ | ल | ■ |
| २१ जी | न | त | ■ | स्मि | ■ | २२ खै | रि | य | २३ त |
| र | ■ | २४ र | ज | ता | च | ल | ■ | ■ | था |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

संकट | *केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के मुताबिक, देश के 740 जिलों में मनरेगा लागू है*

# मनरेगा लोकपाल की कमी के चलते श्रमिको की शिकायत पर नहीं हो रही सुनवाई

**नई दिल्ली, (देशबन्धु)। यूपीए सरकार के समय शुरू की गई महात्मा गांधी राष्टीय रोजगार योजना को चलाने के लिए भले ही धन की कमी न हो, लेकिन श्रमिक हलकान हैं। कई राज्यों में मनरेगा लोकपाल की पर्याप्त संख्या में नियुक्ति न होने के चलते श्रमिकों को उपस्थिति और समय पर वेतन भुगतान से जुडी तमाम समस्याओं का सामना करना पड रहा है।**



यूपी, मध्यप्रदेश सहित देश के कई राज्यों में जरूरत के मुताबिक लोकपाल नियुक्त नहीं हैं,जो कि प्रभावी तौर पर शिकायत निवारण सुनिश्चित करने के लिए जरूरी हैं। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के पोर्टल के मुताबिक, देश के 740 जिलों में मनरेगा लागू है, लेकिन लोकपालों की संख्या महज 567 ही है।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 शिकायत निवारण का प्रावधान कहता है कि जिन जिलों में मनरेगा लागू है,वहां एक लोकपाल जरूर होगा। लेकिन कुछ राज्यों में जहां दो जिलों के लिए एक लोकपाल नियुक्त है तो कई राज्यों के कई जिलों में अभी तक लोकपाल की नियुक्ति ही नहीं हुई है। पिछले साल अगस्त माह में मंत्रालय ने संशोधित दिशा निर्देश जारी किया था। लेकिन कई राज्यों में अभी इसका अनुपालन नहीं हुआ है। मंत्रालय का पोर्टल बताता है कि मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ, उत्तरप्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणांचल प्रदेश, मेघालय और असम सहित कई राज्यों के कई जिले हैं जहां मनरेगा लोकपाल की नियुक्ति अभी होनी है। हालांकि मंत्रालय ने कहा है कि इन सभी राज्यों में नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। फिलहाल आंकडों की बात करें तो उत्तरप्रदेश के 75 जिलों में से केवल 35 जिले ऐसे हैं,जहां लोकपाल नियुक्त हैं। वहीं मध्यप्रदेश के 52 जिलों में केवल 12 लोकपाल है। मनरेगा के तहत काम की मांग के मामले में उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश और महाराष्ट सबसे आगे हैं।

**■ श्रमिकों को उपस्थिति और समय पर वेतन भुगतान से जुडी तमाम समस्याओं का सामना करना पड़ रहा**

# खेल जगत

## पाकिस्तान के खिलाफ पर्थ टेस्ट में मार्नस लाबुशेन चोटिल : रिपोर्ट

पर्थ। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर मार्नस लाबुशेन को पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन के दौरान अपनी छोटी उंगली में चोट लगने के बाद अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा है, एक रिपोर्ट में कहा गया है। यह घटना ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी के छठे ओवर के दौरान घटी जब पाकिस्तान के पदार्पणकर्ता खुर्रम शहजाद की एक अच्छी लेंथ से गेंद ने उछाल ली और लाबुशेन के दाहिने हाथ पर जा लगी। असुविधा में दिख रहे लाबुशेन को अपनी पारी जारी रखने से पहले मैदान पर तत्काल चिकित्सा सहायता की आवश्यकता थी। दुर्भाग्य से, वह कुछ ओवर बाद शहजाद का शिकार बन गए, विकेटकीपर सरफराज अहमद ने उन्हें 2 रन पर पुल शॉट के जरिए कैच कर लिया। उनके आउट होने के बाद, लाबुशेन को ड्रेसिंग रूम में उपचार मिलता रहा।



# भारत ने इंग्लैंड को 347 रन से रौंदा, महिला टेस्ट में अब तक के सबसे बड़े रन अंतर से जीती

मुंबई। दीप्ति शर्मा ने शानदार ऑलराउंडर प्रदर्शन करते हुए 4-32 के आंकड़े के साथ मैच में कुल 39 रन देकर नौ विकेट हासिल किए, जिससे भारत की महिलाओं ने इंग्लैंड को दूसरी पारी में 131 रन पर समेटकर एकमात्र टेस्ट मैच शनिवार को तीसरे दिन यहां डीवाई पाटिल स्टेडियम में 347 रनों से जीत लिया, जो महिला क्रिकेट के इतिहास में रनों के हिसाब से सबसे बड़ी जीत है। रिकॉर्ड के लिए, मेहमानों की दूसरी पारी तीसरी सुबह 127 मिनट तक चली क्योंकि मेजबान टीम ने पांच सत्र शेष रहते हुए मैच जीत लिया।



दीप्ति शर्मा, जिन्होंने इंग्लैंड को उनकी पहली पारी में सात रन पर पांच विकेट लेकर ध्वस्त कर दिया था, एक बार फिर से प्रमुख साबित हुईं और तेज गेंदबाज पूजा वस्त्रकर ने 3-23 का योगदान दिया, जबकि राजेश्वरी गायकवाड़ ने 2-20 विकेट लिए। हरमनप्रीत कौर की टीम ने पहली बार घरेलू मैदान पर इंग्लैंड की महिलाओं को हराया। पिछले 14 टेस्ट मैचों में, भारत की महिलाओं ने इंग्लैंड को दो बार हराया था और दोनों जीत इंग्लैंड में मिली थीं। यह मैच दीप्ति शर्मा के नाम रहा क्योंकि उन्होंने पहली पारी में अर्धशतक बनाने के बाद नौ विकेट लिए, जिससे मेजबान टीम ने पहली बार पहले दिन 400 रन बनाकर 428 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इससे पहले शनिवार की सुबह, भारत ने अपनी दूसरी पारी 186/6 के स्कोर पर घोषित कर दी, जिससे तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर और पूजा वस्त्रकर को सुबह पिच से मिल रही मदद का फायदा उठाने का मौका मिल गया। उन्होंने इसका फायदा उठाया क्योंकि वस्त्रकर ने तीन विकेट और रेनुका ने एक विकेट हासिल किया और भारतीय तेज गेंदबाजों ने मौके का भरपूर फायदा उठाया और पहले चार विकेट लेकर भारत को जीत की राह पर ला दिया।

जब दीप्ति शर्मा ने दूसरी पारी में पहला झटका दिया, तो 15वें ओवर में इंग्लैंड का स्कोर 68/5 था और भारत जीत की ओर बढ़ रहा था। टैमी ब्यूमोंट और सोफिया डंकले ने शुरुआती विकेट के लिए 27 रन जोड़े, इससे पहले कि रेणुका ने टैमी को बोल्ड करके पहला झटका दिया। पहली पांच गेंदें ऑफ-स्टंप से मध्य की ओर जाने के बाद, छठी गेंद सीधे गई और ऑफ-स्टंप से टकरा गई। ब्यूमोंट, जिनके पिछले टेस्ट में दोहरा शतक बनाने के बाद इंग्लैंड के मुख्य बल्लेबाज होने की उम्मीद थी, 26 गेंदों में 17 रन बनाकर आउट हो गयीं, जिससे इंग्लैंड का स्कोर 27/1 हो गया। इसके बाद वस्त्रकर ने 10वें ओवर में दो गेंदों पर दो विकेट लेकर स्कोर 37/3 कर दिया और लगातार डंकले और नेट साइवर-ब्रंट को वापस भेजा।

डंकले आसानी से आउट हो गयीं, उन्होंने गेंद को गली में स्थानापन्न क्षेत्ररक्षक हरलीन देयोल के पास पहुंचा दिया। अगली गेंद पर वस्त्रकर ने जुझारू अर्धशतक के साथ इंग्लैंड की पहली पारी की हीरो रही साइवर-ब्रंट को गोल्डन डक के लिए आउट किया, बाहर की ओर एक लंबी गेंद थी जो सीधी होकर बैट-पैड गैप से होते हुए ऑफ स्टंप पर जा लगी। इंग्लैंड की कप्तान हीथर नाइट ने रेणुका सिंह के एक ओवर में 14 रन बनाए, हिमाचल प्रदेश के 27 वर्षीय तेज गेंदबाज को एक ओवर में तीन चौके मारे। उसकी पारी को वस्त्रकर ने छोटा कर दिया, जिसने एक सुंदर डिलीवरी के साथ उसके पतन की साजिश रची। वस्त्रकर ने दिन का अपना तीसरा विकेट तब लिया। उनकी पिछली कुछ गेंदों के थोड़ा अंदर चले जाने के बाद अगली गेंद सीधी जा रही थी। हीथर नाइट को बाहर पिच की गई गेंद पर उकसाया और यास्तिका भाटिया ने सीधा कैच पकड़ लिया।

पहली पारी में पांच विकेट लेकर इंग्लैंड को ध्वस्त करने वाली दीप्ति शर्मा ने मैच में अपना छठा विकेट लिया, जब उन्होंने डैनी व्याट को 12 रन पर आउट किया, जो एक सुंदर, फ्लाइट ऑफ ब्रेक थी, जिससे स्लिप में स्नेह राणा ने एक तेज़ कैच पकड़ा। ऐसा लगता है कि इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने अपनी पहली पारी की हार से कुछ नहीं सीखा है क्योंकि उन्होंने न तो विकेट पर टिकने का इरादा दिखाया और न ही रन बनाने का, क्योंकि वे एक बार फिर भारतीय गेंदबाजों का शिकार होती चली गयीं। दीप्ति शर्मा ने इस मैच में दूसरी बार एमी जोन्स को आउट करके स्कोर 82/6 कर दिया। राजेश्वरी गायकवाड़ ने मैच में अपना पहला विकेट लिया जब उन्होंने सोफी एक्लेस्टोन को 10 रन पर आउट किया। इसके बाद दीप्ति ने केट क्रॉस और लॉरेन फाइलर को आउट करते हुए डबल विकेट के साथ मैच में 10 विकेट लेने की ओर कदम बढ़ाया।

# भारत की बड़ी टेस्ट जीत का श्रेय हमारे गेंदबाजों को जाता है : हरमनप्रीत

**नवी मुंबई**। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भारत को 347 रनों से जीत दिलाने का श्रेय अपने गेंदबाजों को दिया, क्योंकि देश ने नौ साल के अंतराल के बाद महिला टेस्ट मैच की मेजबानी की, डीवाई पाटिल स्टेडियम में इंग्लैंड की महिलाओं के खिलाफ शनिवार को यहां बड़ी जीत हासिल की और महिला क्रिकेट में रनों के अंतर से सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड बनाया।

मौजूदा सीरीज के एकमात्र टेस्ट मैच की दोनों पारियों में भारतीय गेंदबाजों ने इंग्लैंड को दो दिन में दो बार क्रमश- 136 और 131 रन पर आउट कर दिया. । ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा ने मैच में 37 रन देकर नौ विकेट लिए, जबकि पूजा वस्त्रकर ने चार विकेट लिए। स्पिनर स्नेह राणा, राजेश्वरी गायकवाड़ और नवोदित तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर ने मैच में दो-दो विकेट लिए, जिससे भारत ने इंग्लैंड को दो बार कुल 267 रनों पर आउट कर दिया।

हरमनप्रीत ने कहा, इसका श्रेय गेंदबाजों को जाता है, उन्हें जो भी फील्ड दी गई उन्होंने उसी के अनुसार गेंदबाजी की। आपका काम (कप्तान के रूप में) तब आसान हो जाता है जब आपके गेंदबाज सही जगह पर गेंदबाजी कर सकें। उन्होंने योजना के मुताबिक गेंदबाजी की। यह पूछे जाने पर कि वह अपनी गेंदबाजी में बदलाव और असामान्य फील्ड पोजिशनिंग पर कैसे पहुंचीं, 32 वर्षीय भारतीय कप्तान ने कहा कि विकेट पर काफी लंबे समय तक बल्लेबाजी करने के बाद उन्हें ये विचार आए। हरमनप्रीत ने पहली पारी में महत्वपूर्ण 49 रन बनाए और दूसरी पारी में नाबाद 44 रनों की संघर्षपूर्ण पारी खेली, क्योंकि भारत ने 186/6 पर अपनी पारी घोषित कर दी और इंग्लैंड को टेस्ट जीतने के लिए 479 रन बनाने का लक्ष्य दिया। जब आप पिच पर बल्लेबाजी करते हैं तो आपको पिच के व्यवहार के बारे में बहुत सारे विचार मिलते हैं।



जब मैं दोनों पारियों में बल्लेबाजी कर रही थी, तो मुझे यह अच्छी तरह से पता चल गया था कि पिच किस समय कैसा व्यवहार कर रही थी और कौन से गेंदबाज और फील्डिंग की स्थिति होगी। कभी-कभी आप उन्हें अपनी योजना बदलने के लिए फ़ील्ड सेट करते हैं - हमने ऑफ स्पिनरों को स्वीप करने की उनकी योजना देखी, इसलिए हमारे पास शॉर्ट स्क्वायर लेग पर एक क्षेत्ररक्षक था। हरमन ने कहा कि इस टेस्ट में भारत के लिए सब कुछ योजना के मुताबिक हुआ।

हरमनप्रीत , जो 2014 में पदार्पण के बाद से केवल अपना चौथा टेस्ट मैच खेल रही थी, ने कहा, सब कुछ योजना के अनुसार हुआ। हमें वह स्कोर मिला जो हम चाहते थे और गेंदबाजों ने अच्छा काम किया, मध्यम गति के गेंदबाज और स्पिनर दोनों अपनी योजनाओं को जानते थे और उन्होंने उसके अनुसार प्रदर्शन किया। सबसे बड़ा सकारात्मक क्षेत्ररक्षण था, खासकर लंबे खेल में जब आपके पास 90 ओवर (एक दिन में) क्षेत्ररक्षण करने के लिए ऊर्जा बनाए रखना बहुत महत्वपूर्ण है।

# विश्वकप में मिली निराशा के भंवर से निकलना चाहेगा भारत

**जोहान्सबर्ग**। विश्वकप के फाइनल में मिली हार से आहत भारत रविवार से यहां शुरु हो रही तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में नये उत्साह के साथ जीत के सफर की शुरुआत करना चाहेगा।





भारत की तरह दक्षिण अफ्रीका का भी विश्वकप अभियान अच्छा रहा था लेकिन टूर्नामेंट के निर्णायक मोड़ पर वह भी पिछड़ गयी थी। अहमदाबाद के विशाल नरेंद्र मोदी स्टेडियम में विश्व कप के फाइनल में पहुंचने तक भारतीय टीम अपराजेय थी। सभी महेंद्र सिंह धोनी की 2011 की ट्रॉफी जीतने वाली रोहित शर्मा की टीम की नकल करते हुए इस पर दांव लगा रहे थे लेकिन कंगारुओं ने उस समय करारा झटका देकर लाखों भारतीयों के सपनों को चकनाचूर कर दिया, जब इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। इसका सीनियर खिलाड़ियों पर भारी असर पड़ा। विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ियों ने बॉक्सिंग डे से शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए खुद को तरोताजा रखने की खातिर दक्षिण अफ्रीका व्हाइट-बॉल सीरीज के लिए आराम करने का विकल्प चुना।

इस परिदृश्य में, केएल राहुल की अगुवाई वाली टीम इंडिया युवाओं के साथ अपने नए युग की मजबूत शुरुआत करने के लिए उत्सुक होगी, और उनमें से कुछ पहले से ही प्रभावशाली रहे हैं। तिलक वर्मा, साई सुदर्शन और रिंकू सिंह ने दूसरे मैच में सेंट जॉर्ज पार्क में शानदार अर्धशतक के साथ टी20 श्रृंखला में अपनी क्लास दिखाई। प्रोटियाज़ भी क्विंटन डी कॉक के बिना और चोट या आराम के कारण कप्तान टेम्बा बावुमा और तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, गेराल्ड कोएत्ज़ी और मार्को जानसन की अनुपस्थिति के बिना अपना पैर जमाने की कोशिश करेंगे।इसने काइल वेरिन जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों को वापसी करने का मौका दिया है। टीम में कई नई युवा प्रतिभाएं भी हैं, जिनमें नांद्रे बर्गर और मिहलाली मपोंगवाना को पहली बार वनडे कॉल-अप मिला है और शीर्ष क्रम के बल्लेबाज टोनी डी ज़ोरज़ी को रीज़ा हेंड्रिक्स के साथ बावुमा की जगह लेने की उम्मीद है।

पिछले दो मौकों पर भारत दौरे में दक्षिण अफ्रीका ने दोनों मैच आसानी से जीते। 2013 में 141 रनों के विशाल अंतर से और 2018 में पांच विकेट से दक्षिण अफ्रीका को जीत मिली थी।

**टीमें : भारत :** रुतुराज गायकवाड़, साई सुदर्शन, तिलक वर्मा, रजत पाटीदार, रिंकू सिंह, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (कप्तान), संजू सैमसन, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, मुकेश कुमार, अवेश खान, अर्शदीप सिंह, दीपक चाहर।

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, नंद्रे बर्गर, टोनी डी ज़ोरज़ी, रीज़ा हेंड्रिक्स, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, मिहलाली मपोंगवाना, डेविड मिलर, वियान मुल्डर, एंडिले फेहलुकवायो, तबरेज़ शम्सी, रासी वैन डेर डुसेन, काइल वेरिन, लिजाड विलियम्स।

# पाकिस्तान के खिलाफ आस्ट्रेलिया ने ली 300 रन की लीड

**पर्थ**। ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को यहां पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन शनिवार को पाकिस्तान के खिलाफ 300 रनों की अहम बढ़त हासिल कर ली।

कप्तान पैट कमिंस की अगुवाई में बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण के चलते पाकिस्तान की पहली पारी 101.5 ओवर में 271 रन पर सिमट गयी। शुक्रवार को दो विकेट पर 132 रन से आगे खेलते हुये पाकिस्तान ने जल्द ही अपना तीसरा विकेट गंवा दिया। कमिंस की गेंद पर नाइट वॉचमैन खुर्रम शाज़ाद आउट हुये। इसके बाद आस्ट्रेलिया को बाबर आजम (21) के कीमती विकेट के रूप में चौथी सफलता हाथ लगी। मिशेल मार्श ने उन्हें एलेक्स कैरी के हाथों कैच करा दिया और पाकिस्तान का स्कोर चार विकेट पर 181 रन हो गया। नाथन लियोन की गेंद पर बड़ा शॉट लगाने की कोशिश में इमाम-उल-हक (62) स्टंप आउट हुये। उन्होने अपनी अर्धशतकीय पारी में 199 गेंदो का सामना किया। अगले ओवर में मिचेल स्टार्क ने सरफराज अहमद को तीन रन के निजी स्कोर पर आउट कर दिया। सलमान अली आगा और सऊद शकील ने 35 रन की साझीदारी कर पारी को संवारने का प्रयास किया मगर सऊद (28) जोश हेज़लवुड की गेंद पर डेविड वार्नर ने कैच दे बैठे। सलमान 28 रन बनाकर नाबाद लौटे और ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 216 रन की बढ़त मिली। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में पदार्पण कर रहे खुर्रम ने वार्नर (0) और मार्नस लाबुस्चगने को आउट कर दो झटके दिये जिससे मेहमान टीम का स्कोर दो विकेट पर पांच रन हो गया। बाद में ख्वाजा (नाबाद 34) और स्मिथ (43 नाबाद) ने नाबाद 79 रन की साझेदारी की, जिससे खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया का स्कोर दो विकेट पर 84 रन हो गया और उसकी बढ़त 300 के विशाल स्कोर तक पहुंच गई।



## सार संक्षेप

### 2-3 टेस्ट मैचों की सीरीज बेहतर होती : हीथर नाइट

**मुंबई**। इंग्लैंड की महिला कप्तान हीथर नाइट ने कहा कि अगर इस दौरे पर सिर्फ एक लाल गेंद के मैच के बजाय भारत के खिलाफ अधिक टेस्ट मैच होते तो उनकी टीम बेहतर गेंदबाजी करती, उन्होंने कहा कि तीन मैचों की टेस्ट सीरीज होती और उन्हें अपने विरोधियों के विरुद्ध परखने का बेहतर तरीका मिलता। हीथर नाइट ने कहा, यह पहली बार है कि हमने इन परिस्थितियों में टेस्ट मैच में गेंदबाजी की है। इसलिए मुझे लगता है कि अगर हमारे पास एक और टेस्ट मैच होता, हमारे पास दो तीन मैचों की श्रृंखला होती, तो मुझे लगता है कि हम कहीं बेहतर प्रदर्शन करते। इंग्लैंड की टीम ने इससे पहले टी20 सीरीज 2-1 से जीती थी। एक दर्जन टेस्ट मैचों की 32 वर्षीय अनुभवी खिलाड़ी, जो महिला क्रिकेट में लंबे प्रारुप में सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक है, ने कहा कि उन्होंने इन परिस्थितियों में बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों सीख ली है। नाइट ने कहा, हां, यह हमारे गेंदबाजों के लिए एक अच्छा सबक था कि इन परिस्थितियों में कैसे गेंदबाजी करनी है। और जाहिर तौर पर स्पिन के साथ यह काफी चरम था।

### अश्विनी पोनप्पा-तनीषा क्रैस्टो महिला युगल फाइनल में

**कटक**। ओडिशा मास्टर्स 2023 में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले, जहां शीर्ष डबल शटलर अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रैस्टो ने जेएन इंडोर स्टेडियम में महिला युगल फाइनल में जगह पक्की कर ली। एक कड़े महिला युगल सेमीफाइनल मुकाबले में, भारतीय जोड़ी का सामना इंडोनेशिया की अर्ल्या नबीला थेसा मुंगगरान और एग्निया श्री राहयु से शनिवार को हुआ। पहले गेम में कड़ी टक्कर देखने को मिली, इंटरवल तक अश्विनी-तनीषा 11-8 से आगे थीं।

# वार्नर के संन्यास के बाद टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के लिए ओपनिंग के लिए ग्रीन सबसे उपयुक्त हैं : कैटिच



**पर्थ**। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर साइमन कैटिच को डेविड वार्नर के संन्यास लेने के बाद तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन के लिए टेस्ट में बल्लेबाजी की शुरुआत करने का मौका दिख रहा है। 2020 में अपने पदार्पण के बाद से, ग्रीन ने छठे या सातवें नंबर पर बल्लेबाज के रूप में 24 टेस्ट खेले हैं। लेकिन इस साल एशेज के दौरान उन्होंने अपना स्थान खो दिया जब हेडिंग्ले में प्रारूप में वापसी पर मिशेल मार्श ने प्रभावशाली शतक बनाया। चूंकि वार्नर पाकिस्तान के खिलाफ सिडनी टेस्ट के बाद संन्यास लेने वाले हैं, और ऑस्ट्रेलिया को जनवरी 2024 के अंत में वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट खेलने हैं, ऐसे में संभावना है कि ग्रीन को शीर्ष पर रखा जाएगा। मुझे लगता है कि यहीं पर कैमरून ग्रीन जैसा कोई व्यक्ति ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी करने के लिए सबसे उपयुक्त होगा। उनका सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट नंबर 4 पर रहा है... मुझे लगता है कि वह तकनीकी रूप से और उनके प्रथम श्रेणी रिकॉर्ड और टेस्ट रिकॉर्ड के बारे में बात कर रहे अन्य तीन सलामी बल्लेबाजों की तुलना में बेहतर खिलाड़ी हैं, साथ ही उनके पास एक गन फील्डर होने का बोनस भी है और वह ऐसा कर सकते हैं। 140 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी भी कर सकते हैं। कैटिच ने एसईएन रेडियो पर कहा, यदि आप सॉफ्ट लैंडिंग चाहते हैं, तो वेस्ट इंडीज एक सॉफ्ट लैंडिंग है क्योंकि वे इस समय टेस्ट क्रिकेट में स्पष्ट रूप से संघर्ष कर रहे हैं और यह किसी को शीर्ष क्रम में रखने का मौका है ताकि वे अपने पैर जमा सकें और उन्हें आगे बढ़ने दें ट्रैक पर कठिन चुनौतियों के लिए। शुक्रवार को, मार्श ने टेस्ट में बल्लेबाजी की शुरुआत करने की संभावना से इनकार कर दिया।

# आश्चर्य है कि मुंबई इंडियंस इतनी जल्दी रोहित शर्मा से आगे बढ़ गई : वसीम जाफर

**नई दिल्ली**, 16 दिसंबर (एजेंसियां)। मुंबई इंडियंस द्वारा 2024 आईपीएल सीजन से पहले हार्दिक पांड्या को अपना कप्तान नियुक्त करने के एक दिन बाद, भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वसीम जाफर ने कहा कि वह आश्चर्यचकित थे कि पांच बार के चैंपियन ने रोहित शर्मा को जल्दी ही अपने कप्तान पद से हटा दिया है।

शुक्रवार को, फ्रैंचाइज़ी ने घोषणा की कि हार्दिक टीम के नए कप्तान होंगे, जिससे कप्तान के रूप में रोहित का दस साल का शासन समाप्त हो जाएगा, जिन्होंने 2013 के आईपीएल सीज़न के बीच में यह भूमिका निभाई थी। रोहित ने मुंबई को पांच आईपीएल खिताब 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 में दिलाए थे। जाफर ने कहा, उन्होंने गुजरात का अच्छा नेतृत्व किया। उनके प्रदर्शन पर बहुत सारे सवालिया निशान थे क्योंकि वह लंबी छुट्टी के बाद वापस आए थे, और वह एक नई फ्रेंचाइजी की कप्तानी कैसे करेंगे, वह चौथे नंबर पर कैसे बल्लेबाजी करेंगे - उन्होंने पहले सीज़न (2022) में उन सभी सवालों के जवाब दिए। दूसरे सीज़न में भी उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया।

जाफर ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो के साथ एक वीडियो चैट में कहा, लेकिन मुझे आश्चर्य है कि एमआई इतनी जल्दी रोहित शर्मा से आगे बढ़ गया है। ये इतनी जल्दी हुआ, मैं भी थोड़ा हैरान हूं. जब उन्होंने ट्रेड किया, तो शायद हार्दिक को यह बता दिया गया था कि वह कप्तान के रूप में आने वाले हैं। लेकिन क्या इसके बारे में रोहित को सूचित किया गया था, मुझे नहीं पता। हार्दिक ने अपने पहले सीज़न में गुजरात को 2022 में आईपीएल खिताब दिलाया और अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच रहे। 2023 में, हार्दिक की कप्तानी में गुजरात ने दूसरी बार आईपीएल फाइनल में जगह बनाई, जहां वे चेन्नई सुपर किंग्स से हारकर उपविजेता रहे।



कुछ लोग ऐसे थे जो (एमआई) कप्तान बनने के लिए काफी आशान्वित थे। इनमें से एक हैं सूर्यकुमार यादव, जो भारतीय (टी20) टीम की कप्तानी कर रहे हैं. वह एक मौके की तलाश में था क्योंकि उसने (हाल ही में भारत की) बहुत अच्छी कप्तानी की है।

पंजाब किंग्स के लिए बल्लेबाजी कोच रहे जाफर ने कहा, जसप्रीत बुमराह ने भी, उन्होंने टेस्ट में भारत की कप्तानी की। मुझे उम्मीद है कि इसे (रोहित को) अच्छी तरह से बता दिया गया है। यह होने वाला था, लेकिन इस सीज़न में यह सीधे हो रहा है, मैं थोड़ा आश्चर्यचकित हूं। आईपीएल 2022 और 2023 दोनों सीज़न में, गुजरात ने हार्दिक के नेतृत्व में लीग चरण में अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया था। कुल मिलाकर, रोहित ने 158 आईपीएल मैचों में कप्तानी की, जिसमें 87 मैच जीते, 67 मैच हारे और चार मैच टाई पर समाप्त हुए, जिसमें उनकी जीत का प्रतिशत 55.06 रहा।

आईपीएल फ्रेंचाइजी की कप्तानी करना बहुत थकाने वाली बात हो सकती है क्योंकि आप लंबे समय से सड़क पर हैं और वह अंदर और बाहर हर किसी को जानता है। लेकिन जब एमआई का खेल खराब होता है तो आप पर दबाव आ जाता है। एक तरह से, यह थोड़ी राहत की बात हो सकती है कि आप उस नौकरी में नहीं हैं। यह थोड़ा आसान है, आप बस अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करें। रोहित को अच्छी तरह से जानने के बाद, कभी-कभी आईपीएल में कप्तानी करने का तनाव उन पर आ जाता है, खासकर जब उनका सीजन खराब रहा हो। उनके लिए पिछले कुछ सीज़न बहुत ख़राब रहे हैं, जिसका असर उनकी बल्लेबाज़ी संख्या में अच्छी तरह से दिखता है। वह चाहते होंगे कि उनसे नेतृत्व छीन लिया जाए, ताकि वह अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित कर सकें।

जाफ़र ने निष्कर्ष निकाला, यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या वह (रोहित शर्मा) टी20 विश्व कप में कप्तानी करेंगे, यह देखा जाएगा। क्योंकि, फिर वह कप्तान हैं और हार्दिक उनके अधीन खेलेंगे।

## सुडोकू 6408 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 2 | 1 | 5 | 9 | 3 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 3 | 7 | 8 | 6 | 4 | 2 |
| 2 | 3 | 8 | 9 | 4 | 6 | 7 | 5 | 1 |
| 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 | 8 | 9 |
| 6 | 8 | 5 | 1 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 | 1 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 7 | 2 | 9 | 1 | 6 | 5 |
| 1 | 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 4 | 2 | 7 |
| 5 | 2 | 7 | 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 3 |

# अर्थ जगत

## रुपया डॉलर पर भारी पड़ा, 33 पैसे मजबूत हुआ

मुंबई । डॉलर के मुकाबले रुपया आज मजबूती के साथ बंद हुआ। आज डॉलर के मुकाबले रुपया 33 पैसे की मजबूती के साथ 83.00 रुपये के स्तर पर बंद हुआ। जानकारों के अनुसार रुपये में मतबूती का सबसे बड़ा कारण शेयर बाजार में भारी निवेश आना है। शेयर बाजार पिछले 2 दिनों से रोज करीब 1000-1000 अंक बढ़कर बंद हुआ।दो दिन पहले अमेरिका ने अपनी ब्याज दरों को नहीं बढ़ाया था। इसके अलावा अमेरिकी फेड के गवर्नर ने यह भी संकेत दिया था कि आने वाले साल में ब्याज दरों में कटौती शुरु होगी। इस खबर के बाद अमेरिका सहित दुनियाभर के शेयर बाजारों में तेजी का नया दौर शुरु हो गया है।



# मोदी सरकार में आसमान पर पहुंचा शेयर बाजार, सेंसेक्स 48590 अंक उछला

*नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अबतक के कार्यकाल में शेयर बाजार ने ऊंची उड़ान हासिल की है। वैश्विक वित्तीय संकट, नोटबंदी, पीएनबी घोटाला और कोविड महामारी जैसे संकट के बावजूद भारतीय शेयर बाजार इतिहास पर इतिहास रचता आ रहा है। आज सेंसेक्स पहली बार 71000 के पार पहुंच गया। मोदी सरकार के करीब साढ़े 9 साल के कार्यकाल में सेंसेक्स 116 फीसद से अधिक उछला है। सेंसेक्स 2014 से 2023 के बीच 48590 अंकों की बंपर उछाल दर्ज किया है।*



| साल | खुला | हाई | लो |
|---|---|---|---|
| मई 2014 | 22,493.59 | 28,822.37 | 19,963.12 |
| 2014 | 21,222.19 | 28,822.37 | 19,963.12 |
| 2015 | 27,485.77 | 30,024.74 | 24,833.54 |
| 2016 | 26,101.50 | 29,077.28 | 22,494.61 |
| 2017 | 26,711.15 | 34,137.97 | 26,447.06 |
| 2018 | 34,059.99 | 38,989.65 | 32,483.84 |
| 2019 | 36,161.80 | 41,809.96 | 35,287.16 |
| 2020 | 41,349.36 | 47,896.97 | 25,638.90 |
| 2021 | 47,785.28 | 62,245.43 | 46,160.46 |
| 2022 | 58,310.09 | 63,583.07 | 50,921.22 |
| 2023 | 60,871.24 | 70,602.89 | 57,084.91 |
| 5 दिसंबर 2023 | 70,804.13 | 71084.08 | 70,804.13 |

मई 2014 में सेंसेक्स 22493 पर खुला था और इसी महीने नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। मई 2014 में ही सेंसेक्स 27499 के स्तर पर बंद होने में कामयाब हुआ। इस दौरान यह एक बार 19963 के स्तर पर भी आया था। बीएसई पर दिए गए आंकड़ों के मुताबिक सेंसेक्स ने 2014 की शुरुआत 21222 के स्तर से की। इस साल इसने 28822 का उच्च स्तर को भी देखा और 19963 के लो को भी, लेकिन बंद हुआ 27499 के स्तर पर। एक साल में सेंसेक्स ने कुल 6277 अंकों की बढ़त हासिल की।

**2015 बाजार के लिए मायूसी लाया** – साल 2015 बाजार के लिए ठीक नहीं रहा। सेंसेक्स ने 27485 के स्तर से शुरुआत की और इस साल 30024 के उच्च स्तर को छूने के बाद 22494 के निम्न स्तर पर आ गया। अंत में 1368 अंकों के नुकसान के साथ 26117 पर बंद हुआ। साल 2016 भी सुस्त रहा। सेंसेक्स महज 524 अंकों की बढ़त हासिल कर पाया। इस वर्ष 26101 के स्तर पर खुलकर 26526 पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स का हाई 29077 था।

**2017 में बाउंस बैक** – सेंसेक्स 2017 में 7345 अंकों की बढ़त हासिल किया। शुरुआत 26711 के स्तर से हुई और 34137 के उच्च शिखर को छूकर सेंसेक्स इस साल 34056 के स्तर पर बंद हुआ। साल 2018 भी ठीक ही रहा। सेंसेक्स 34059 से शुरुआत कर 36068 पर बंद हुआ। इस अवधि में इसने 2008 अंकों की बढ़त दर्ज की।

**2019 से 2021 तक बंपर उछाल** – मोदी सरकार जब दोबारा केंद्र में आई तो बाजार बल्लियों उछलने लगा। सेंसेक्स 2019 में 5091 अंक, 2020 में 6401 अंक और 2021 में 10468 अंकों की भारी उछाल दर्ज की। इसमें दो साल कोरोना का कहर भी था। साल 2019 में सेंसेक्स 40000 को पार कर 41809 के हाई पर पहुंचा। साल 2020 में 47896 के ऑल टाइम हाई को देखा और 2021 में तो सेंसेक्स ने कमाल कर डाला।

**2022 और 2023 कैसा रहा** – सेंसेक्स 2022 में 58310 पर खुला और 2530 अंकों की बढ़त के साथ साल का अंत 60840 के स्तर पर किया। साल 2023 की शुरुआत 60871 के स्तर से हुई और अभी इसमें 15 दिन बाकी हैं, लेकिन सेंसेक्स तो मानों हर रिकॉर्ड तोड़ने के मूड में है।

## सेंसेक्स 71 हजार के पार, मार्केट कैप ऐतिहासिक ऊंचाई पर

*मुंबई । लगातार दूसरे ट्रेडिंग सेशन में भारतीय शेयर बाजार में तूफानी तेजी देखने को मिली है. आईटी स्टॉक्स में जोरदार खरीदारी के चलते सेंसेक्स में जहां 1000 अंकों का उछाल देखा तो निफ्टी में 300 अंकों की तेजी देखी गई. सबसे बड़ी आईटी इंडेक्स में देखने को मिली है.आज बाजार बंद होने पर बीएसई सेंसेक्स 970 अंकों के उछाल के साथ 71,484 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 274 अंकों के उछाल के साथ 21,457 अंकों पर क्लोज हुआ है.*

बाजार में आज फिर आईटी स्टॉक्स में खरीदारी के चलते शानदार तेजी देखने को मिली है. निफ्टी आईटी इंडेक्स 1560 अंकों के उचाल के साथ 35,782 अंकों पर बंद हुआ है. दो दिनों में निफ्टी आईटी इंडेक्स में 2500 अंकों का उचाल आ चुका है. आईटी के अलावा बैंकिंग. मेटल्स, एनर्जी, इंफ्रा, ऑयल एंड गैस और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर के स्टॉक्स हरे निशान में बंद हुए. जबकि ऑटो, एफएमसीजी, रियल एस्टेट, मीडिया, हेल्थकेयर सेक्टर के स्टॉक्स गिरावट के साथ बंद हुए. मिड कैप और स्मॉल कैप स्टॉक्स भी तेजी के साथ बंद हुए. निफ्टी के 50 शेयरों में 39 तेजी के साथ और 11 गिरकर बंद हुए. सेंसेक्स के 30 शेयरों में 22 तेजी के साथ और 8 गिरकर क्लोज हुए.

**चढ़ने - गिरने वाले शेयर्स** - आज के ट्रेड में एचसीएल टेक 5.58 फीसदी, टीसीएस 5.28 फीसदी, इंफोसिस 5.20 फीसदी, एसबीआई 3.99 फीसदी, टाटा स्टील 3.33 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ है. जबकि नेस्ले 1.75 फीसदी, भारती एयरटेल 1.30 फीसदी, मारुति सुजुकी 0.65 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ है.

**निवेशकों की संपत्ति में उछाल** - शेयर बाजार में शानदार तेजी के चलते निवेशकों की संपत्ति में जोरदार तेजी देखने को मिली है. बीएसई का मार्केट कैप ऐतिहासिक हाई पर जाकर बंद हुआ है. 2.72 लाख करोड़ रुपये के उछाल के साथ लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 357.84 लाख करोड़ रुपये पर क्लोज हुआ है जो पिछले सत्र में 355.12 लाख करोड़ रुपये रहा था.



## अगले साल से 25 और हवाई अड्डों पर उपलब्ध होगी डिजी यात्रा सुविधा : सिंधिया

**नई दिल्ली** । केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि 2024 में 25 और हवाई अड्डों पर डिजी यात्रा सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में घरेलू यात्रियों के लिए यह सुविधा 13 हवाई अड्डों पर उपलब्ध है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को यहां आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में यह बात कही। सिंधिया ने कहा कि डिजी यात्रा पहले चरण में 14 हवाई अड्डों पर और अगले साल दूसरे चरण में 11 हवाई अड्डों पर शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि 2024 के अंत तक डिजी यात्रा सुविध 25 और हवाई अड्डों पर उपलब्ध होगी। इससे डिजी यात्रा सुविधा वाले हवाई अड्डों की कुल संख्या बढ़कर 38 हो जाएगी। हवाई अड्डों पर भीड़-भाड़ से निपटने के लिए नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि पिछले साल की तुलना में जनशक्ति, एक्स-रे मशीनें, प्रस्थान प्रवेश द्वार, चेक-इन काउंटर और आव्रजन काउंटर बढ़ाए गए हैं। गौरतलब है कि डिजी यात्रा फेशियल रिकग-नाइजेशन टेक्नोलॉजी के जरिए हवाई अड्डों पर विभिन्न जांच बिंदुओं पर यात्रियों की संपर्क रहित व निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करती है।

## छात्रों के लिए जरूरी स्टेशनरी आईटम्स पर जीएसटी रेट घटाने का नहीं है कोई प्रस्ताव, सरकार ने संसद में दी जानकारी

*नई दिल्ली। बच्चों की पढ़ाई के लिए जरुरी स्टेशनरी आईटम्स पर जीएसटी वसूलने को लेकर कई बार सरकार की आलोचना होती रही है. स्टेशनरी आईटम्स पर भारी भरकम जीएसटी रेट वसूले जाने का मुद्दा संसद के शीतकालीन सत्र में भी उठा है.छात्रों के हितों में स्टेशनरी आईटम्स पर जीएसटी रेट में कटौती की मांग से जुड़ा सवाल सरकार से किया गया तो वित्त राज्यमंत्री ने कहा कि सरकार के सामने ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है.*

**स्टेशनरी आईटम्स पर नहीं घटेगा जीएसटी** – राज्यसभा सांसद अब्दुल बहाब ने वित्त मंत्री से स्कूल कॉलेजों में जाने वाले छात्रों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले स्टेशनरी आईटम्स को जीएसटी के उच्च स्लैब में रखे जाने का औचित्य पूछा? उन्होंने सरकार से सवाल किया, छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए क्या सरकार स्टेशनरी आईटम्स पर जीएसटी रेट्स को घटाने पर विचार करेगी? इस सवाल का जवाब देते हुए वित्त राज्यमंत्री



पंकज चौधरी ने कहा, सरकार के सामने (स्टेशनरी आईटम्स पर जीएसटी रेट घटाने का) ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है. उन्होंने कहा जीएसटी रेट्स और छूट, जीएसटी काउंसिल की सिफारिशों के आधार पर नोटिफिकेशन जारी कर लागू किया जाता है. उन्होंने बताया कि जीएसटी काउंसिल एक संवैधानिक संस्था है जिसमें केंद्र और राज्य दोनों ही शामिल हैं. उन्होंने कहा कि स्कूलों और कॉलोजों में छात्रों के इस्तेमाल किये जाने वाले स्टेशनरी आईटम्स पर कंसेशनल जीएसटी रेट्स लगता है जो कि 0 -12 फीसदी तक लगता है. केवल पेन पर 18 फीसदी जीएसटी रेट लागू है.

**स्टेशनरी आईटम्स पर 0 - 18प्रतिशत लगता है जीएसटी** – वित्त राज्यमंत्री ने अपने जवाब में स्टेशरी आईटम्स पर लगने वाले जीएसटी रेट का डेटा भी दिया है. जिसमें बताया गया कि स्लेट पेंसिल और चॉक स्टिक पर कोई जीएसटी नहीं देना होता है. इरेजर पर 5 फीसदी, पेंसिल, क्रेऑन्स, पासटेल्स, ड्रॉइंग चारकोल और टेलर्स चॉक पर 12 फीसदी जीएसटी रेट के स्लैब में आता है. पेंसिल शार्पनर्स पर 12 फीसदी, मैथमैटिकल्स बॉक्स, जियोमेट्रिक बॉक्स और कलर बॉक्स भी 12 फीसदी जीएसटी रेट के स्लैब में आता है. एक्सरसाइज बुक, ग्रॉफ बुक, लैबरोटरी नोट बुक और नोट बुक पर पर भी 12 फीसदी जीएसटी लगता है. अनकोटेड पेपर और पेरबोर्ड जिसका इस्तेमाल ग्राफिंग, लिखिने, प्रीटिंग के लिए किया जाता है वो भी 12 फीसदी जीएसटी रेट के स्लैब में आता है.

## कार, होम लोन हुआ महंगा, एसबीआई ने बढ़ाई ब्याज दरें

*नई दिल्ली। देश के सबसे बड़े लेंडर भारतीय स्टेट बैंक ने आम लोगों को बड़ा झटका देते हुए लोन ईएमआई में इजाफा कर दिया है। एसबीआई ने एमसीएलआर के बेस रेट, ईबीएलआर और रेपो लिंक्ड लेंडिंग दरों में बढ़ोतरी कर दी है।*

ऋण, जैसे ऑटो या होम लोन, उधारकर्ताओं के लिए अधिक महंगे हो जाएंगे। नई दरें आज यानी 15 दिसंबर से लागू हो गई हैं। एमसीएलआर वह न्यूनतम ब्याज दर है जिस पर कोई भी बैंक किसी भी कस्टमर को लोन दे सकता है।

**बेस रेट और एमसीएलआर में इजाफा** – एसबीआई ने अपने बेस रेट में इजाफा करते हुए 10.10 फीसदी से बढ़ाकर 10.25 फीसदी कर दी है। वहीं बात की करें तो उसमें भी



बढ़ोतरी की गई है। एसबीआई की एमसीएलआर रेट 8 फीसदी से 8.85 फीसदी के बीच होंगी। ओवरनाइट एमसीएलआर दर 8 फीसदी है, जबकि एक महीने और तीन महीने की अवधि के लिए एमसीएलआर दर 8.15 फीसदी से बढ़कर 8.20 फीसदी हो गई है।

छह महीने की एमसीएलआर में 0.10 फीसदी का इजाफा किया गया और ब्याज दर बढ़कर 8.55 फीसदी हो गई हैं। एक साल का एमसीएलआर जो कई कंज्यूमर लोन से जुड़ा हुआ है, अब 0.10 फीसदी बढ़कर 8.55 फीसदी से 8.65 फीसदी हो गई है। दो साल और तीन साल की अवधि के एमसीएलआर में भी 10 बेसिस प्वाइंट्स की बढ़ोतरी की गई है जिसके बाद दरें क्रमश: 8.75 फीसदी और 8.85 फीसदी हो गई हैं।

**ईबीएलआर, बीपीएलआर में भी बढ़ोतरी** – भारतीय स्टेट बैंक की बाहरी बेंचमार्क लिंक्ड दर यानी ईबीएलआर 9.15 फीसदी+सीआरपी+बीएसपी है। रेपो लिंक्ड लेंडिंग रेट 8.75 फीसदी+सीआरपी है। दोनों रेट्स 15 फरवरी, 2023 से लागू हो गई हैं।

वहीं बात बेंचमार्क प्राइम लेंडिंग रेट यानी बीपीएलआर को 15 दिसंबर 25 बीपीएस बढ़ाकर 15 फीसदी प्रति वर्ष कर दिया गया है, जो पहले 14.85 फीसदी था।


**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**

फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल**- राहर दाल एवरेज 12000-13000, मीडियम बोल्ड 14000-15000, फाइन 17000-17500, एकस्ट्रा बोल्ड 17500-18000, चना दाल एवरेज 7400-7600 चना दाल मार्का 7600-7800, मसूर दाल एवरेज 7800-8000, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका 11000-12000, फाइन 12500-13000, उड़द धुली 11500-12500, फाइन 13000-13500, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 10000-10200, मूंगदाल धुली 10500-10800, फाइन 10800-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3400, बीपीटी चालू 3200-3400, फाइन 4000-4200,एचएमटी-5000-5300 फाइन-5500-5800 दुबराज भाटापारा 5000-5200, जेजेएल चालू 5500-6000, फाइन 6000-6500, बासमती कनकी चालू 3000-3500, बासमती कनकी मीडियम 4000-4500, बेस्ट 4500-5500, मोगरा- 4000-4500, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-8000, बासमती 10000-11000, बेस्ट 12000-12500 पोहा- 4000-4200, फाइन 4200-4400, मुरमुरा- 5800-6500, फाइन- 7000-7500, रु.- लाई- 6000-6500 रु., फाइन- 8000-8500 रु.।

**सोहन लाल एण्ड संस**

रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-62700 चांदी रिफाइन - 75200


## क्रिसमस और नया साल, गुलमर्ग में सभी होटल बुक, बर्फबारी से सभी खुश!

*नई दिल्ली। क्रिसमस और नया साल केवल कुछ ही सप्ताह दूर है, पर गुलमर्ग में होटल पूरी तरह से बुक हैं, जिससे होटल व्यवसायियों, टूर आपरेटरों और पर्यटन उद्योग से जुड़े अन्य लोगों में खुशी है। जबकि सोनमर्ग में 50 प्रतिशत से अधिक होटल पहले ही आरक्षित हो चुके हैं और होटल व्यवसायियों को आने वाले दिनों में पर्यटकों की भारी आमद की उम्मीद है।*

कई होटल व्यवसायियों ने मीडिया को बताया कि गुलमर्ग के लगभग सभी होटल 15 दिसंबर से साल के अंत तक बिक जाते हैं। गुलमर्ग होटलियर्स क्लब के अध्यक्ष आकिब का कहना हैं कि हम अच्छे शीतकालीन पर्यटन सीजन की उम्मीद कर रहे हैं। गुलमर्ग के लगभग सभी होटल बुक हो चुके हैं। गुलमर्ग में होटल हिलटाप चलाने वाले छाया कहते थे कि सुरम्य गुलमर्ग में पिछले चार वर्षों में पर्यटकों की भारी आमद देखी गई है। उनके मुताबिक, कश्मीर में जी-20 कार्यक्रम के बाद, पर्यटकों की भीड़ बहुत अधिक है। लोग अब कश्मीर का दौरा करके अधिक खुश हैं। उनके शब्दों में शांति की भावना अधिक पर्यटकों को ला रही है। सोनमर्ग में होटल विलेज वाक के मालिक शहजाद रसूल कहते हैं कि वर्तमान में, भले ही



90 प्रतिशत होटल खाली हैं, उन्हें पूर्व आरक्षण के कारण क्रिसमस और नए साल की पूर्व संध्या पर अच्छे पर्यटक प्रवाह की उम्मीद है। विशेष रूप से, अधिकारियों ने इस वर्ष सोनमर्ग को पर्यटकों के लिए खुला रखने का निर्णय लिया है। हालांकि, रसूल ने सर्दियों के दौरान आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डाला, जिनमें पानी के पाइपों का जमना और बिजली की समस्या जैसे मुद्दे शामिल हैं।

ट्रैवल एजेंट्स एसोसिएशन आफ कश्मीर के अध्यक्ष रऊफ तरांबू कहते हैं कि यहां तक कि अगर कुछ होटल पिछले साल काम कर रहे थे, तो बाकी इन मुद्दों के कारण काम नहीं कर सके। लेकिन हमें उम्मीद है कि अधिकारी इस सर्दी में पर्यटकों के लिए अच्छी व्यवस्था करेंगे। वे मानते हैं कि कश्मीर में पर्यटकों का ग्राफ निश्चित रूप से कुछ साल पहले की तुलना में ऊपर है। एक होटल व्यवसायी कहते हैं कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटक बड़ी संख्या में आ रहे हैं। गुलमर्ग में होटल पोशवन के मालिक मंजूर अहमद के बकौल, उनके सभी होटलों के कमरे इस महीने की 31 तारीख तक बुक हैं।

सरकार ने पर्यटकों के लिए बिजली, पेयजल सहित सभी सुविधाएं सुनिश्चित की हैं। अगर उनकी बात मानी जाए तो उन्हें कोई समस्या नहीं है और वे यथासंभव अधिक से अधिक पर्यटकों की मेजबानी करने के लिए तैयार हैं।


**दुल्हन श्री आभूषण**

कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-62700 चांदी रिफाइन - 75200


**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 83.33 |
| एक यूरो | 91.07 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 105.88 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 55.81 |
| एक जापानी येन | 00.58 |


**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 86 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 106 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-116 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -75 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 120 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6400, 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5880, 10 एम एम 5760,12 एम एम, 5700 एवं 16 एम 5700 रु.। तार- 76 रु. किलो।


## हीरो मोटोकॉर्प ने 140 करोड़ रुपये में एथर एनर्जी में अतिरिक्त 3 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी




*नई दिल्ली। हीरो मोटोकॉर्प ने इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता एथर एनर्जी में लगभग 140 करोड़ रुपये में 3 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सेदारी हासिल कर ली है। नियामक फाइलिंग के अनुसार, हीरो मोटोकॉर्प ने एथर एनर्जी के मौजूदा शेयरधारकों से अतिरिक्त शेयरों की खरीद के माध्यम से निवेश किया।*

एथर एनर्जी में अब हीरो मोटोकॉर्प की 39.7 फीसदी हिस्सेदारी है। सितंबर में एथर ने राइट्स इश्यू के जरिए हीरो मोटोकॉर्प और वैश्विक निवेश फर्म जीआईसी से 900 करोड़ रुपये जुटाए थे। एथर कथित तौर पर अपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के लिए तैयारी कर रहा है और उसकी 2024 के अंत या 2025 की शुरुआत में सूचीबद्ध होने की योजना है। इस बीच, वित्तीय वर्ष 2022-23 में एथर एनर्जी का घाटा 2.5 गुना से अधिक बढ़ गया।

रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज के पास दाखिल वार्षिक वित्तीय विवरण के अनुसार, ईवी स्टार्टअप ने वित्त वर्ष 2013 में 864.5 करोड़ रुपये का घाटा दर्ज किया, जबकि वित्त वर्ष 2012 में 344.1 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था।

## आचार्य महाश्रमण ने दिलाया ड्रग्स का सेवन न करने का संकल्प

*मुंबई। अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी (अणुविभा) के तत्वावधान में संचालित नशामुक्ति अभियान एलीवेट एक्सपीरियंस द रियल हाई के अन्तर्गत 11 दिसम्बर को एस.एन.डी.टी. वीमेंस यूनिवर्सिटी, सांताक्रूज वेस्ट में एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य महाश्रमण के सान्निध्य में आयोजित इस सेमिनार में देशभर के विशिष्ट बुद्धिजीवी शामिल हुए और इस बात पर चिंतन-मनन किया कि कैसे हमारी युवा पीढ़ी को ड्रग्स के चंगुल से बचाया जा सके।*

सेमिनार में आचार्य महाश्रमण ने कहा कि अज्ञान और मोह के कारण व्यक्ति गलत कार्य कर सकता है। अज्ञान एक बड़ा अभिशाप है। अज्ञान का पर्दा हट जाये और बात समझ में आ जाये तो व्यक्ति गलत आचरण को छोड़ भी सकता है। उन्होंने कहा कि पुलिस, प्रशासन, चिकित्सक समेत समाज के विभिन्न महत्वपूर्ण वर्गों का साथ मिले तो

### अणुविभा के सेमिनार में जुटे देशभर के प्रसिद्ध बुद्धिजीवी



इस कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के साथ ही युवाओं को ड्रग्स के व्यसन से मुक्त कराया जा सकता है। आचार्य प्रवर ने कहा कि अहिंसा, संयम और तप उत्कृष्ट मंगल हैं। इन्हें सभी धर्मों ने स्वीकार किया है। गृहस्थों के लिए अणुव्रत अर्थात् छोटे-छोटे नियमों का प्रावधान किया गया है।

मसलन, पूर्णतया अहिंसा का पालन न कर सको तो निरपराध जीवों की हत्या मत करो। नैतिकता की राह पर चलते हुए आपस में सद्भावना के साथ रहो। नशामुक्त रहो, नशीली चीजों के सेवन से बचने का प्रयास करो। अणुव्रत अनुशास्ता ने कहा कि अणुव्रत आंदोलन शुरू होने का 75वां वर्ष चल रहा है। इसे अणुव्रत अमृत वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इस दौरान अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं तथा अनेक कार्यक्रम निर्धारित हैं। आचार्य श्री ने सेमिनार में उपस्थित एनसीसी कैडेट्स को जीवन भर के लिए या फिर वर्ष 2028 तक के लिए ड्रग्स का सेवन नहीं करने तथा दूसरों को भी इस विषय में सावचेत करने का संकल्प दिलाया। पांडाल में बड़ी संख्या में उपस्थित अन्य लोगों ने भी आचार्य प्रवर की पावन सन्निधि में यह संकल्प लिया।


**देशबन्धु**

**ग्राहक सेवा**



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

**टेलर्स वारिस**

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.-9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

**100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज**

क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें

**बिना ऑपरेशन**

**डॉ. विश्वास**

राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

**मुंबई की फार्मा कंपनी को जबलपुर ब्रांच हेतु आवश्यकता है**

उम्र 18 से 27, योग्यता- 12वीं, ग्रेजुएट
Posts-Computer Operator Accountant, Office Ass., HR, Advisor, Health Advisor, Admin.

MO: - 7880251021
8767693588


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार )
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

## मध्यप्रदेश में फिर बारिश के आसार, 23-24 दिसम्बर तक गिर सकता है पानी



**जबलपुर/भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में एक बार फिर मौसम करवट लेगा और बारिश का दौर शुरू होने के आसार बताये जा रहे हैं। नार्थ इंडिया में अगले सात दिन में दो वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय हो रहा है। जिसका असर मध्यप्रदेश में देखने को मिलेगा और 23 व 24 दिसम्बर को प्रदेश के जबलपुर सहित कई जिलों में हल्की बारिश होने की संभावना है।

मौसम विशेषज्ञों की मानें तो अभी पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान के ऊपर है। जिसका असर जम्मू-काश्मीर में सक्रियता शुरु हो सकती है। हालांकि इसका असर प्रदेश में कम ही रहेगा क्योंकि बादल ऊपर होगें, वहीं कुछ हिस्सों में बादल छाए रह सकते है। 22 दिसम्बर को फिर से एक सिस्टम एक्टिव होगा। यह स्ट्रांग होने के कारण 23-24 दिसम्बर को प्रदेश में बारिश होने की संभावना है। सिस्टम की एक्टिविटी के चलते दिन-रात में तापमान में उतार-चढ़ाव रहेगा, एक-दो डिग्री लुढ़क सकता है, रात में एक डिग्री में बढ़ोत्तरी हो सकती है। अधिकतर शहरों में पारा 12 डिग्री तक रहेने की संभावना है। मध्यप्रदेश के जिलों में दिन के तापमान में पहले से बढ़ोत्तरी हुई है, जबलपुर में 25 डिग्री सेल्सियस, इंदौर में 27 डिग्री, ग्वालियर 26.8, उज्जैन 27.05 व भोपाल में तापमान 28.08 डिग्री रहा।

वहीं जबलपुर मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को दिन का अधिकतम तापमान 24.2, न्यूनतम 09.0, आर्द्रता 081/057 दर्ज किया गया है। इसके साथी ही मौसम वैज्ञानिकों ने मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है।

प्रदेश में रात्रि का न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। इसी प्रकार उमरिया का तापमान 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। एवं हवा की दिशा उत्तर की ओर 2-3 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चल रही है।

## बगैर हेलमेट-बेल्ट, बीमा परमिट के लिए जुर्माना निर्धारित



**जबलपुर, देशबन्धु।** बिना हेलमेट-सीट बेल्ट, बीमा-परमिट, तेज गाति वाहन चलाने सहित अन्य निर्धारित यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर संशोधित जुर्माना तय किया गया है।

राज्य सरकार द्वारा जवाब प्रस्तुत करने के बाद मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रवि मलीमथ और न्यायाधीश विशाल मिश्रा ने नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शन मंच के अध्यक्ष डॉ. पीजी जानपांडे द्वारा दायर जनहित याचिका का निराकरण किया गया है। नोटीफिकेशन में बगैर लाइसेंस पर 1000 रुपए, हार्न शोरगुल, वायु प्रदुषण आदि पर 10 हजार रुपए तक।

निर्धारित गति सीमा से अधिक गति पर 3 हजार रुपए तक, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करने पर 3 हजार रुपए तक का जुर्माना घोषित किया गया है। बगैर हेलमेट गाड़ी चलाने पर 300 रुपए, बगैर सीट बेल्ट पर 500 रुपए, बगैर बीमा पर 1000 रुपए, बिना परमिट 10 हजार रुपए का जुर्माना संबंधी संशोधित नियम केंद्र सरकार ने घोषित किए हैं। उन्हीं नियमों को राज्य सरकार ने स्वीकराते हुए नोटीफिकेशन जारी किया है। केंद्र सरकार द्वारा जारी नियमों को पालन राज्य सरकार नहीं कर रही थी, इसके लिए याचिका दायर की गई थी।

## कन्याकुमारी से बनारस के बीच चलने वाली नई ट्रेन जबलपुर से गुजरेगी

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर से होकर शीघ्र ही कन्याकुमारी से बनारस के बीच एक नई ट्रेन की सौगात मिलने वाली है। यह नई साप्ताहिक ट्रेन बल्लारशाह, गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर, जबलपुर, कटनी, सतना होकर चलेगी। रेलवे बोर्ड जल्द ही इस ट्रेन का उद्घाटन करेगा। हालांकि इस नई ट्रेन की समय सारिणी जारी कर दी गई है। इस नई ट्रेन का नाम काशी तमिल संगम एक्सप्रेस रखा गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह गाड़ी संख्या 16367 कन्याकुमारी-बनारस एक्सप्रेस प्रारंभिक स्टेशन कन्याकुमारी से गुरुवार के दिन 8.55 बजे चलेगी, जो 4 बजे गुडूर,1.44 बजे सिरपुर, 4.05 बल्लारशाह पहुंचेगी। यहां से रवाना होने के बाद 7.35 बजे गोंदिया पहुंचेगी, यहां 10 मिनट रुकने के बाद 7.45 बजे रवाना होगी और 1 बजे जबलपुर पहुंचेगी। यहां से दस मिनट बाद रवाना होते हुए देर रात्रि 11.35 बजे बनारस पहुंचेगी। वहीं वापसी में गाड़ी संख्या 16368 बनारस से हर रविवार को अपरान्ह 4.55 बजे रवाना होगी, जो अगले दिन तड़के 3.30 बजे जबलपुर पहुंचेगी, जहां से 10 मिनट बाद रवाना होकर सुबह 8.03 बजे गोंदिया पहुंचेगी और मंगलवार की रात्रि 8.55 बजे कन्याकुमारी पहुंचेगी।

**इन स्टेशनों पर रहेगा हाल्ट-**

नागरकोइल, तिरुनेलवेली, विरुदुनगर, मदुरै, डिंगीडुल, तिरुचिरापल्ली, तंजावुर, कुंबकोनम, मैलादूतुराई, सिरकाजी, चिदंबरम, कुड्डालोर पोर्ट, विल्लुपुरम, चैंगलपट्ठ, कोंचीपुरम, आराक्कोरनम, पेरम्बुर, नेल्लोर, ओंगल, तेनाली, विजयवाडा, खम्मम, वारंगल, सिरपुर, खागाजनगर, बल्लारशाह, गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी और वाराणसी।

## कटनी में सात करोड़ की धान खराब, पुलिस ने दर्ज की एफआईआर



**कटनी, देशबन्धु।** कटनी में किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदी गई करोड़ों रूपए की धान भंडारण के बाद असुरक्षित रखरखाव के कारण खराब हो गई है। इस मामले में मध्यप्रदेश वेयर हाउसिंग लॉजिस्टिक कॉर्पोरेशन के जिला प्रबंधक की शिकायत पर बड़वारा पुलिस थाने में एमएस ग्रो ग्रेन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के कर्मचारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। जिसके आधार पर पुलिस ने चारों कर्मचारियों पर एफआईआर दर्ज की है। बड़वारा थाना प्रभारी अनिल यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश वेयर हाउसिंग लॉजिस्टिक कॉर्पोरेशन के जिला प्रबंधक योगेन्द्र सिंह तोमर ने शिकायत की है कि समर्थन मूल्य पर खरीदी गई धान मझगवां वेयर हाउस के ओपन कैप में रखा गया। ओपन कैप का संचालन एमएस ग्रो ग्रेन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी कर रही थी। कंपनी के अधिकारियों की लापरवाही के कारण ओपन कैप में रखी करीब 2706 मीट्रिक टन धान खराब हो गई। धान की कीमत करीब सात करोड़ रूपए है।

पुलिस ने इस शिकायत के आधार पर कंपनी के सीईओ संतोष साहू, स्टेट हेड सौरभी मालवीय, कंपनी के एडवाइजर अखिलेश बिसेन और कैप सुपरवाइजर संजू रजक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## एबीवीपी के छात्रों पर लगी डकैती की धारा के मामले में मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान

### मामले में न्यायालय से केस वापस लिए जाने की अपील

**ग्वालियर, देशबन्धु।** ग्वालियर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े छात्रों ने ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर कुलपति के इलाज के लिये जज की कार का इस्तेमाल करने का मामला तूल पकड़ते जा रहा है। बताया जा रहा है कि विश्वविद्यालय के कुलपति चरणजीत सिंह की ट्रेन में अचानक तबीयत बिगड़ गई और वह तड़पने लगे। जिसके बाद वहां उपस्थित छात्रों ने पहले जीआरपी थाने और रेलवे अधिकारियों के पास गुहार लगाई।

लेकिन जब एक घंटे तक कोई उपचार नहीं हुआ तो छात्र स्टेशन से बाहर आए और वहां खड़ी न्यायाधीश की कार के ड्राइवर से चाबी छीन ली। इसके बाद कुलपति को कार से अस्पताल ले गए।

वहां उसका इलाज शुरू करवाया और परिजन को इसकी सूचना दी। हालांकि, बाद में उपचार के दौरान रणजीत सिंह की मौत हो गई। लेकिन पुलिस ने मानवता के बदले छात्रों पर ही डकैती का मामला दर्ज कर लिया है। इस घटना के बाद प्रदेशभर में इस मामले में चर्चा हो रही है कि छात्रों का तरीका गलत हो सकता है लेकिन उनका इरादा नेक था।

अब इस मामले में मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने संज्ञान लिया है। उन्होंने पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिए हैं कि युवकों पर डकैती की धारा लगाना न्यायोचित नहीं लगता, क्योंकि युवक आपराधिक पृष्ठभूमि के नहीं हैं।

यह मानवीय संवेदनाओं से जुड़ा मामला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरे संज्ञान में यह बात आई है। यह सही है कि युवकों का तरीका गलत था। संपूर्ण परिस्थितियों को देखते हुए जांच के पश्चात न्यायपूर्ण कार्रवाई किया जाना उचित होगा।




## रेस्क्यू के कुछ ही घंटे में खूंखार भालू की मौत

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया पार्क प्रबंधन को करीब तीन दिन से नाक में दम किए खूंखार भालू की अंतत: शुक्रवार देर रात मौत हो गई। मौत के क्या कारण हैं, फिलहाल स्पष्ट नहीं है। लेकिन लक्षण के दृष्टिगत खूंखार भालू रेबीज नामक बीमारी से ग्रसित रहा है, जिस वजह से हाल के दिनों में उसका व्यवहार आक्रामक बना रहा। इसी आक्रामकता की वजह से ग्राम गुरुवाही की शकुंतला बाई पर हमला कर मौत की नींद सुला दिया था। इसके अलावा महिला को बचाने गए सरपंच सहित कई स्थानीय लोगों को गंभीर रूप से जख्मी भी किया था। मृत भालू का शरीर कई जगह चोटिल भी रहा है। सूत्रों से पता चला है कि गले में सूजन, पैर में घाव समेत शरीर के कई हिस्सों में जख्म थे। पशु विशेषज्ञों की माने तो वन्यप्राणी भालू शर्मीले स्वभाव का होता है, पर गुरुवाही बीट में रेस्क्यू कर कब्जे में लिया गया।

खूंखार भालू आक्रामक स्वभाव का हो गया था, जिस वजह से प्राथमिक दृष्ट्या रेबीज नामक बीमारी के लक्षण लक्षित होते हैं। हालांकि, सैंपलिंग ली गई है, रिपोर्ट आने पर मौत के कारण और स्पष्ट हो सकेंगे। बताया जा रहा है कि रेस्क्यू के बाद ताला कैम्प्स में लाए गए खूंखार भालू का इलाज पशु चिकित्सक डॉ. काजल जाधव कर रही थी।

भालू की मौत के बाद इस मामले में यह भी बड़ा सवाल है कि भालू हमले में घायल लोगों को रेबीज बीमारी से जुड़ा इलाज किया गया है या नहीं।













